राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

वर्ष : 47 अंक 189

जौनपुर, शनिवार 26 अप्रैल 2025

तापमान अधिकतम / न्यूनतम 42°C | 24°C

मूल्य 3.00 रुपये पृष्ठ-8

जौनपुर, अयोध्या, लखनऊ, पटना (बिहार), ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मप्र) से प्रकाशित

www.tarunmitra.in

सुदीक्षा ई.एन.टी. क्लीनिक & थायरॉइड सेन्टर
कान पर्दे की सुराख का बिना आपरेशन इलाज
सभी प्रकार के नाक, कान, गला थायराइड एवं मुख कैंसर रोग का इलाज व आपरेशन की सुविधा
डॉ. बृजेश कन्नौजिया M.B.B.S., M.S.(ENT) (गोल्ड मेडलिस्ट) नाक, कान, गला, थायरॉइड एवं मुख कैन्सर सर्जन
डॉ. एकता कन्नौजिया B.H.M.S., C.G.O. नाक, कान, गला एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
नईगंज तिराहा (कुमार पेट्रोल पम्प के सामने), जौनपुर Mob.:8115484636

Redefining Education
Umanath Singh Hr. Sec. School
www.unsschool.in
Registration Started Academic Session 2025-26 P.G., L.K.G to XI
Peaceful & Good Environment
Loving & Caring Teachers
Activity Oriented Curriculum
Creative Education Plan
A Senior Sec. School Affiliated to CBSE New Delhi
The Choice of Winner
Special Orientation for NTSE Olympiad, KVPY, NEET & JEE
Transport Facility Available
Shankarganj, Maharupur, Jaunpur - 222180
9415234208, 9648531617, 9839155647, 8808794452
9% of the Students Scored above 95 Percentile in the JEE (Mains) 2023
Principal-Dr. Bruno D.Nazareth

एक का घर बम से उड़ाया तो दूसरे पर चला बुलडोजर

पहलगाम हमले का बदला शुरू



श्रीनगर, 25 अप्रैल। पहलगाम आतंकी हमले के बाद सेना के जवान एक्शन मोड में है। शुक्रवार को जवानों ने आतंकी हमले में शामिल दो लोगों के घर तबाह कर दिए। इस बारे में अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि पहलगाम हमले में कथित रूप से शामिल लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के दो आतंकवादियों के घर जम्मू-कश्मीर में नष्ट कर दिए गए हैं।

अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबल लश्कर के दो आतंकवादियों आदिल हुसैन थोकर और आसिफ शेख के घरों के अंदर तलाशी ले रहे थे, तभी एक घर के अंदर पहले से रखे विस्फोटकों में धमाका हो गया।

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के बिजबेहरा ब्लॉक के गुरी गांव का निवासी आदिल थोकर पर पहलगाम हमले में शामिल था। इन आतंकियों को मोस्ट वांटेड घोषित किया गया है और अनंतनाग पुलिस ने उनके बारे में किसी भी विशेष जानकारी के लिए 20 लाख रुपये का इनाम घोषित किया है।

आदिल ने 2018 में वैध तरीके से पाकिस्तान की यात्रा की थी, जहां उसने कथित तौर पर पिछले साल जम्मू-कश्मीर लौटने से पहले आतंकी प्रशिक्षण प्राप्त किया था। वहीं, पुलवामा जिले के त्राल का निवासी शेख पर हमले की साजिश में शामिल होने का संदेह है। वहीं, आसिफ शेख का घर बुलडोजर द्वारा तबाह किया गया है।

दअसल, तलाशी के दौरान जवानों ने वहां एक आईडी और कुछ अन्य विस्फोटक को देखा। उसी समय सुरक्षाबल बाहर निकले ताकि बम निरोधक दस्ते की मदद से उक्त विस्फोटक को अपने कब्जे में ले सकें।

लेकिन जैसे ही सुरक्षाबलों की टीम बाहर निकली अचानक धमाका हो गया। आसिफ शेख गत दिनों बैसरन पहलगाम में पर्यटकों पर हुए हमले में शामिल आतंकियों में एक है।

'पाकिस्तानियों का पता लगाओ और वापस भेजो'

एक्शन में अमित शाह, सभी मुख्यमंत्रियों को दिया निर्देश

नई दिल्ली, 25 अप्रैल। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार एक्शन मोड में है। पहले पीएम मोदी ने आपात बैठक कर पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा कैंसिल करने का फैसला किया। अब गृह मंत्री अमित शाह ने सभी मुख्यमंत्रियों से बात करके उन्हें कहा कि वे यह सुनिश्चित करें कि देश छोड़ने की समय सीमा समाप्त होने के बाद कोई भी पाकिस्तानी भारत में न रहे।

दरअसल, शाह ने आज सभी मुख्यमंत्रियों से बात करके उन्हें कहा कि वो अपने-अपने राज्य में खोज-खोजकर सभी पाकिस्तानी नागरिकों को भारत से वापस पाक भेजने का काम करें। गृहमंत्री ने अधिकारियों के साथ हुई लंबी बैठक के बाद ये निर्देश जारी किया। बता दें कि पहलगाम में आतंकी हमले के बाद से केंद्र की मोदी सरकार लगातार एक्शन मोद में हैं। हमले के बाद भारत ने सबसे पहले कड़ा कदम उठाते हुए सिंधु जल समझौते को स्थगित कर दिया। भारत ने औपचारिक पत्र लिखकर समझौता रद करने की जानकारी पाक को दी।

SINCE : 1981
Affiliated to CBSE (New Delhi)
NEHRU BALODYAN SR. SECONDARY SCHOOL
ADMISSION OPEN 2025-26
KANHAIPUR, VAN VIHAR ROAD, JAUNPUR
SCIENCE • COMMERCE • HUMINITIES
PLAY GROUP To 9TH & 11TH
UPSC Air-1 Result - 24-01-2024 NIKHIL SINGH SCHOOLING- 9 TO 12 (2011-2015)
TRANSPORT INCHARGE 9554586608, 8736006564
KANHAIPUR, JAUNPUR
CONTACT FOR MORE INFO 9415234111, 9415349820 9450089310

बहराइच में राइस मिल में ड्रायल फटने से पांच मजदूरों की मौत

हादसे में तीन अन्य की हालत चिंताजनक

बहराइच, 25 अप्रैल। दरगाह इलाके में स्थित राइस मिल का ड्रायल फटने से आग लग गई। हादसे में पांच मजदूरों की मौत हो गई। मृतकों में कन्नौज, बिहार और श्रावस्ती जिले के मजदूर भी शामिल हैं।

दरगाह इलाके मोहल्ला गुलाम अलीपुरा स्थिति रजगढिया राइस मिल में शुक्रवार को ड्रायर फट गया, जिससे मिल में आग लग गई। घटना के बाद इसमें काम कर रहे पांच मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गई।

मृतकों की पहचान कन्नौज के गडवना सौर्य निवासी गफ्फार अली (40), बबलू (28), राजनेश कुमार (35), श्रावस्ती के सिरसिया निवासी जहूर (50) व बिहार के बिहारीगंज मदेहपुरा निवासी बिट्टू शाह (30) के रूप में हुई है।

वहीं सुखदेव, देवी प्रसाद और सुरेंद्र शुक्ला का इलाज मेडिकल कालेज की इमरजेंसी में जारी हैं। दर्दनाक हादसे की सूचना पर डीएम मोनिका रानी, एसपी रामनयन सिंह, एएसपी नगर रामानंद कुशवाहा समेत आला अधिकारी इमरजेंसी पहुंचे है।

डीएम मोनिका रानी की मौजूदगी में घायल सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि मिल में एक एंगल टूट गया था जिसकी वेल्डिंग हो रही थीं। इस दौरान चिंगारी गिरने से धान में आग लग गई। आग लगने के साथ ही जोरदार धमाका हुआ और सब तरफ धुआं धुआं हो गया। चिकित्सकों ने उनकी हालत भी चिंताजनक बताई जा रही है। जानकारी पाकर डीएम मोनिका रानी व एसपी रामनयन सिंह भी मेडिकल कॉलेज पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना।

भारतीय सेना का हल्ला बोल, मार गिराया लश्कर का बड़ा कमाण्डर

श्रीनगर, 25 अप्रैल। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत सरकार के अलावा सेना भी ऐक्शन में है। खबर है कि शुक्रवार को बंदीपोरा में सेना को बड़ी सफलता हाथ लगी है। सेना ने लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर अल्ताफ लल्ली को मुठभेड़ में मार गिराया है। खास बात है कि पहलगाम अटैक की जिम्मेदारी भी लश्कर से जुड़े द रेजिस्टेंस फोर्स ने ली थी। बुधवार को आतंकवादियों ने 26 मासूम पर्यटकों को गोलियों से भून दिया था। 22 अप्रैल को हुए नरसंहार के बाद से ही घाटी में भारतीय सेना ने अभियान तेज कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शुक्रवार को आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना सेना को मिली थी। इसके बाद जम्मू और कश्मीर पुलिस के साथ मिलकर साझा तलाशी अभियान चलाया गया। लोकेशन का पता लगने के बाद आतंकियों के साथ लंबी मुठभेड़ भी हुई।

जी.एच.के. हास्पिटल (मल्टी स्पेशलिटी)
पालीटेक्निक चौराहा निकट-लोहिया पार्क, जौनपुर
सुविधाएं:-
अल्ट्रासाउण्ड एवं कलर डापलर
इनफर्टिलिटी विशेषज्ञ
नार्मल एवं सीजर डिलीवरी
कैंसर से बचाव एवं टीकाकरण
काल्पोस्कोपी
हिस्ट्रोस्कोपी
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी।
(इमरजेन्सी सेवा 24 घण्टे उपलब्ध)
डा. अम्बर खान एमबीबीएस डीजीओ इलाहाबाद (गोल्ड मेडलिस्ट) स्त्री रोग विशेषज्ञ
प्रत्येक दिन 10 से 4 बजे तक

School No. : 70622
Affiliation No.: 2131221
Admission Open 2025-26
Science, Commerce & Humanities
R.N. Tagore Higher Secondary School
(A Senior Secondary School)
Affiliated to C.B.S.E. New Delhi (10+2)
WHERE EVERYONE IS AN ACHIEVER
Sukkhipur, Bodkarpur, Jaunpur
Phone:+91 5452-352515 Mob.: 9616178972, 9935011946, 7388456512
Email : rnthrss94@rediffmail.com | www.rntsss.com

Referral Book
The Most Advanced 192 Slice Siemens CT Scan Facility in Purvanchal
Diagnato diagnostics realm
•CT Coronary Angiogram
•Brain Angiography

A Place Of Scientific, Situational & Sequential Learning...
ST. MARRY CONVENT SCHOOL
Session 2025-26
Classes PG to IX
ADMISSION OPEN
Ph No.: 9598785972, 9140858396
Add.: Purani Bazar, Jaunpur

माइण्ड केयर सेन्टर
डॉ0 दिनेश पाण्डेय
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (साइकियाट्री) बी.एच.यू.
(वरिष्ठ मानसिक रोग विशेषज्ञ एवं न्यूरोफिजिशियन)
सम्पर्क सूत्रः- 9415203047, 9506699099
जौनपुर: मिर्जापुर रोड, निकट-सिटी स्टेशन रेलवे क्रासिंग, पुल के नीचे
दिन- बुधवार, शुक्रवार एवं रविवार (समय-10 बजे से 5 बजे तक) मो0- 8934932805
लालगंज: स्टेट बैंक के सामने, बाईपास रोड, लालगंज, आजमगढ़
(दिन-प्रत्येक वृहस्पतिवार (समय-11 बजे से 4 बजे तक) मो0- 9415203047
वाराणसी: D33, शिवाजी नगर कालोनी महमूरगंज (आकाशवाणी के पीछे)
सोम-मंगल : सुबह 10 से 2 सुबह/शाम (प्रतिदिन) 6 बजे से 8 बजे तक
मो0-9415217568, 9415203047
भदोही: भदोही ब्लाक के सामने रेवड़ा फाटक रेलवे क्रासिंग के पास, भदोही
दिन- प्रत्येक शनिवार समय 10 बजे से 4 बजे तक
मो0-9621979101, 9415203047

SALVATION HOSPITAL साल्वेशन हॉस्पिटल
The Culture of Care
डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव B.A.M.S. (स्त्री रोग विशेषज्ञ)
24/7 Emergency Services
24 घंटे भर्ती की सुविधा
आई.सी.यू. | डायलेसिस | एच.डी.यू.
नेत्र विभाग | अस्थि रोग विभाग
दन्त चिकित्सा | किडनी विभाग
जनरल मेडीसिन | जनरल सर्जरी
नोट- प्रत्येक महीने के दूसरे रविवार को प्रयागराज के गुर्दा रोग विशेषज्ञ डा0 सन्तोष मौर्य (M.D., D.M. Nephro) 12 बजे से 4 बजे तक उपलब्ध रहते हैं।
डॉ. विवेक श्रीवास्तव
M.D. (Physician, F.G.O. (APOLO HOSPITAL)
P.G.D.S. Member of Indian Medical Association
UPMCI Rg. No. 95653
पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्यकर्मी कैशलेस चिकित्सा योजना सम्बद्ध अस्पताल
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत सूचीबद्ध अस्पताल
कंधरपुर, मुरादगंज, जौनपुर (वाराणसी-लखनऊ न्यू हाइवे के बगल में बाईपास से 400 मीटर की दूरी पर 9138828282, 8686867547

20 Year
मानकः पथप्रदर्शकः
750/916 Hallmark Jewellery
BIS हालमार्क रजिस्टर्ड एक्सक्लूसिव शोरूम
HUID HALLMARK
आपके विश्वास व शुद्धता पर खरा
99 19 7320 11
उमाशंकर लाइट हाउस का प्रतिष्ठान
उमाशंकर ज्वेलर्स
संजीव साहू
हरलालका रोड, जौनपुर-222001
RuPay VISA G Pay द्वारा पेमेंट की सुविधा उपलब्ध है।

सोनभद्र के हजारों मनरेगा मजदूरों का 33 करोड़ मजदूरी का भुगतान होगा जल्द: राघवेंद्र नारायण

भुखमरी से जूझ रहे श्रमिकों को मिलेगी बड़ी राहत

तरूणमित्र न्यूज

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश के सोनभद्र सहित पूरे प्रदेश के मनरेगा के अकुशल श्रमिकों के लिए एक बड़ी राहत की खबर सामने आई है। लगभग पांच माह से लंबित मजदूरी के भुगतान के तहत 30 करोड़ रुपये की राशि तत्काल प्रभाव से अकुशल श्रमिकों के खातों में हस्तांतरित की गई है। यह भुगतान उन मजदूरों के लिए वरदान साबित हुआ है, जो भुखमरी की कगार पर पहुंच चुके थे।

इस उपलब्धि के लिए एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सचिव राघवेंद्र नारायण ने ग्राम विकास आयुक्त जी.एस. प्रियदर्शी के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है। राघवेंद्र नारायण ने बताया कि सोनभद्र जनपद में हजारों मनरेगा मजदूरों की लगभग 33 करोड़ रुपये की मजदूरी अभी भी बकाया है।

इस संबंध में ग्राम विकास आयुक्त जी.एस. प्रियदर्शी से उनकी वार्ता हुई, जिन्होंने आश्वासन दिया कि मजदूरों के बकाया मजदूरी भुगतान करने की मांग मान लिया गया है पैसा आ गया है न केवल सोनभद्र, बल्कि पूरे प्रदेश के मजदूरों की बकाया मजदूरी का भुगतान अगले कुछ दिनों में उनके खातों में कर दिया जाएगा। यह खबर उन मजदूरों के लिए बड़ी राहत लेकर आई है, जो लंबे समय से आर्थिक तंगी और भुखमरी का सामना कर रहे थे। इस कदम से न केवल मजदूरों का जीवन स्तर सुधरेगा, बल्कि उनका पलायन भी रुकेगा। राघवेंद्र नारायण ने केंद्र और प्रदेश सरकार से मनरेगा योजना को और प्रभावी बनाने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में शुरू की गई यह महत्वाकांक्षी योजना ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की गारंटी प्रदान करती है, लेकिन वर्तमान में यह केवल 40-50 प्रतिशत ही प्रभावी हो पा रही है। उन्होंने मांग की कि मनरेगा के तहत 100 दिन के रोजगार की गारंटी को शत-प्रतिशत लागू किया जाए और मजदूरी का तत्काल भुगतान सुनिश्चित हो। उन्होंने सभी सरकारों और प्रशासन से इस योजना को सफल बनाने के लिए एकजुट होकर प्रयास करने का आह्वान किया।

इस भुगतान से मनरेगा मजदूरों, ग्राम प्रधानों, ग्राम पंचायत सदस्यों, में खुशी की लहर है। राघवेंद्र नारायण ने देर से ही सही, मजदूरों के हित में लिए गए इस निर्णय के लिए शासन और सरकार का आभार व्यक्त किया।

विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर संवेदीकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन

मलेरिया से बचाव हेतु जिलाधिकारी ने दिलायी शपथ

तरूणमित्र न्यूज

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह द्वारा शुक्रवार को ''विश्व मलेरिया दिवस'' के अवसर पर जनपद के चिकित्सा विभाग की मलेरिया इकाई के द्वारा जनपद स्तरीय मलेरिया संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन होटल आर0एस0 ग्रान्ड, सिविल लाइन रोड, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र में किया गया, कार्यशाला का उद्घाटन जिलाधिकारी सोनभद्र द्वारा किया गया।

कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी ने आगाह किया कि मलेरिया एक घातक रोग है, जिसका वाहक मादा एनाफिलिज होती है, यह मादा मच्छर रात को काटती है, इसलिए सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करे, इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सोनभद्र ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वर्ष 2007 में 25 अप्रैल को ''विश्व मलेरिया दिवस'' रूप में घोषित किया, उन्होने आगे बताया कि जनपद सोनभद्र में जहाँ वर्ष 2017 में 80655 जॉच हुयी थी और मलेरिया के 6034 रोगी चिन्हित हुये थे, वहीं वर्ष 2024 में 219203 जाँचें हुयी तथा मात्र 270 मलेरिया के चिन्हित हुये, रोगियों की संख्या में यह कमी चिकित्सा विभाग के द्वारा चलायें गये विभिन्न कार्यक्रमों जैसे संचारी रोग नियंत्रण अभियान, विशेष मलेरिया स्वास्थ्य शिविर इत्यादि के कारण सम्भव हो सका है। इस अवसर पर कार्यशाला में प्रस्तुतीकरण देते हुये जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि मलेरिया का वाहक मादा एनाफिलिज अति संवेदनशील तथा एडाप्टेशन में माहिर है, डी0डी0टी0 के व्यापक प्रयोग के कारण 1960-70 के दशक में रोगियों की संख्या कम हो गयी थी किन्तु पुनः 1970-80 दशक में डी0डी0टी0 के विरूद्ध प्रतिरोधक क्षमता विकसित होने के कारण रोगियों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि दर्ज की गयी, मलेरिया एक सूक्ष्म परिजिवि प्लाजमोडियम के द्वारा होता है, जिनमें से पी0एफ0 ज्यादा घातक है। कीटनाशक निर्माता कम्पनी ईएनबीयू के सौजन्य से आयोजित कार्यशाला जोनल मैनेजर पुनीत कुमार ने कोल्ड फागिंग के लिये उपयुक्त कीटनाशक की जानकारी दी। अखिलेश ने सम्बन्धित उपकरण का प्रदर्शन किये। श्री विश्म्भरनाथ ने एन्टीलार्वा एवं आई0आर0एस0 के बारे में विस्तार से बताया, संचालन कुमार शुभम ने किया, कार्यक्रम में समस्त परियोजना, नगर पंचायत/नगर पालिका के अधिकारी व कार्मिकगण उपस्थित रहें साथ ही चिकित्सा विभाग से समस्त अपर/उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, आई0डी0एस0पी0, डब्लू0एच0ओ0, लॉयन्स क्लब, रेडक्रास, एम्बेड एवं मलेरिया विभाग के समस्त अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

आग लगी से गृहस्थी का सामान जलकर हुआ राख

तरूणमित्र न्यूज

हलिया, मीरजापुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के दिघिया गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक मड़हे तथा दो कच्चे मकान में शुक्रवार को दोपहर आग लग गई ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग पर काबू नहीं मिल पाया फायर ब्रिगेड पर सूचना दी गई मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम पहुंचने के पहले पूरा गृहस्थी का सामान जल कर राख हो गया। थाना क्षेत्र के दिघिया गांव निवासी मुरली के मड़हे में आग लग गई मड़हे में रखा आटा दाल बिस्तर जलकर राख हो गया। इतने में आग विकराल धूप धारण कर पड़ोसी चतुरी के कच्चे मकान में पहुंच गई कच्चे मकान में रखा चावल दाल आटा गेहूं तथा चारपाई एवं गृहस्थी का सामान जल कर राख हो गया। इसके बाद पड़ोसी गोपी के मड़हे में आग पहुंची मड़हे में बंधी भैंस झुलस गई और ग्रामीणों ने भैंस को बाहर निकाल कर बचा लिया इसके बाद पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम पहुंचने के पहले सब कुछ जलकर राख हो गया था परिजनों ने बताया कि इसकी सूचना क्षेत्रीय लेखपाल को दे दी गई है तीनों गृहस्थी स्वामियों का लगभग 2 लाख की क्षति हुई है।

हिण्डाल्को रेणुकूट को मिला जल सरंक्षण के क्षेत्र में रोटरी सीएसआर अवार्ड

तरूणमित्र न्यूज

रेणुकूट। हिण्डाल्को रेणुकूट द्वारा नगर एवं आसपास के इलाकों में जल संरक्षण के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने को लेकर रोटरी सी.एस.आर. अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार हिण्डाल्को को पुणे महाराष्ट्र में आयोजित भव्य समारोह में दिया गया जहां पुरस्कार प्रदान करने हेतु मुख्य अतिथि के तौर पर वाइस एडमिरल गुरचरन सिंह(कमांडेंट एनडीए, पुणे) मौजूद रहे। गौरतलब है कि, जल संरक्षण आज के युग में सबसे ज्वलंत विषयों में से एक है। लगातार भूजल का अत्यधिक दोहन, दिन-प्रतिदिन घटता जल स्तर, मानसून में अनियमितता, शहरीकरण, पर्याप्त जलप्रबंधन का अभाव ऐसे अनेक कारक हैं, जो जल संरक्षण को अत्यधिक महत्वपूर्ण विषय बनाता है। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए तथा प्रकृति एवं क्षेत्र के प्रति अपने जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए हिण्डाल्को संस्थान ने जल सरंक्षण के क्षेत्र में कई दशक पहले से ही कार्य करना शुरू कर दिया था। हिण्डाल्को द्वारा सी.एस.आर. अंतर्गत दुद्धी, म्योरपुर एवं बभनी ब्लॉक के कई गांवों में जल संरक्षण हेतु चेक निर्माण, बॉवली निर्माण, तालाब गहरीकरण, तालाब में रिटेनिंग वॉल जैसे संरचनाओं का निर्माण कराकर जल सरंक्षण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रतिवर्ष हिण्डाल्को के समुदायिक विकास के क्षेत्र में किये जाने वाले कार्यों में जल संरक्षण की परियोजनाओं को प्रमुख स्थान है। जल प्रबंधन के इन कार्यों से क्षेत्र में न केवल जल संरक्षण को बढ़ावा मिल रहा है बल्कि किसानों को खेती के लिए वर्ष भर पानी की भी उपलब्धता भी सुनिश्चित की जा रही है।

रोटरी सी.एस.आर. अवार्ड जीतने पर हिण्डाल्को संस्थान के मुखिया समीर नायक एवं क्लस्टर एच.आर. हेड जसबीर सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए रेणुकूट सीएसआर टीम को बधाई दी। वहीं समीर नायक ने कहा कि हिण्डाल्को, समुदाय के प्रति अपनी जिम्मेदारी के लिए हमेशा से प्रतिबद्ध है। जल सरंक्षण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य निश्चित ही आदित्य बिड़ला समूह के उद्देश्यों को पूरा करने में सहायक सिद्ध होता है। जसबीर सिंह ने कहा कि हिण्डाल्को हमेशा ही इस क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में अपना योगदान देता रहा है एवं रोटरी सी.एस.आर. अवार्ड में हिण्डाल्को को सम्मान मिलना संस्थान के प्रतिबद्धता का परिचायक है।

दो दिवसीय वार्षिक समारोह व पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य उद्घाटन

तरूणमित्र न्यूज

दुद्धी, सोनभद्र। स्थानीय तहसील मुख्यालय पर स्थित बीआरडी राजकीय पीजी कॉलेज में शुक्रवार को दो दिवसीय वार्षिक समारोह एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का भव्य शुरुआत की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत द्धव प्राचार्य डॉ रामलोचन यादव व डॉ रामजीत यादव ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती एवं डॉ भीम राव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।आयोजक मंडल द्वारा आए हुए समस्त अतिथियों को माल्यार्पण कर व अंग वस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया गया।

वार्षिक समारोह में छात्रों ने प्रतिभाग किया जिसमें डॉ अम्बेडकर पर भाषण प्रतियोगिता सहित अन्य गीत -संगीत की शानदार प्रस्तुति हुई, जिसे अतिथियों ने सराहना की। मुख्य अतिथि सेवानिवृत प्राचार्य डॉ रामलोचन यादव व डॉ रामजीत यादव ने कहा कि दुद्धी डिग्री कॉलेज का इतिहास काफी शानदार रहा हैं। कॉलेज के स्वर्ण जयंती वर्ष में कॉलेज द्वारा आयोजित वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि बनना हम दोनों के लिए गौरव का पल हैं। हमलोगों ने अपने -अपने कार्यकाल में कॉलेज को योगदान देने की पूर्ण कोशिश की और आगे भी अपेक्षा करता हूं कि दुद्धी डिग्री कालेज उत्तरोत्तर प्रगति करता रहे। इस कॉलेज ने अब तक डॉ रामजीत यादव एवं प्राचार्य डॉ रामसेवक सिंह यादव के निर्देशन में दर्जन भर छात्रों ने शोध में डिग्री हासिल किया हैं, जो गौरवपूर्ण हैं तथा आज भी कई छात्र ध्छात्रा पीएचडी कर रहे हैं। इसके अलावा पूर्व चेयरमेन प्रतिनिधि कमल कानू, दुद्धी बार एसोसिएशन अध्यक्ष प्रेमचंद यादव, सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष प्रभु सिंह कुशवाहा, रामपाल जौहरी सहित अन्य अतिथियों ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

इस दौरान बीए में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्रा सोनम गुप्ता,बी कॉम में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली पूजा तथा बीएसएसी में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली विभा को पुरस्कार दिया गया जबकि एम ए हिंदी में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली रीना कुमारी, राजनीती शास्त्र में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले सौरभ एवं समाजशास्त्र में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली काजल तथा एम एस सी प्राणी विज्ञान में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली अमृता को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।इसके अलावा कॉलेज में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों स्थान प्राप्त करने वालों छात्रों को मोमेंटो, शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

उत्पादन के क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2024-25 में पूरे एनटीपीसी में रिहंद का चौथा स्थान

तरूणमित्र न्यूज

बीजपुर(सोनभद्र)। एनटीपीसी रिहंद परियोजना के शिवालिक अतिथि गृह में शुक्रवार को परियोजना प्रबंधन के नेतृत्व में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ परियोजना प्रमुख की वार्ता हर्षपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक अनिल श्रीवास्तव ने मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर सहजता और आत्मविश्वास के साथ दिया। उन्होंने कहा कि रिहंद स्टेशन के अधिकारी और कर्मचारी विषम से विषम परिस्थितियों में भी चुनौतियों को स्वीकार करने की क्षमता रखते हैं। यही समर्पण और इच्छाशक्ति रिहंद की कार्य संस्कृति को विशेष बनाता है।

परियोजना प्रमुख नें अपने सम्बोधन में कहा कि एनटीपीसी रिहंद प्रचालन प्रदर्शन में सभी एनटीपीसी थर्मल स्टेशनों/ परियोजनाओं में वित्तीय वर्ष 2024-25 में 89.14% पीएलएफ के साथ चौथे स्थान पर है। यह उपलब्धि स्टेशन/ परियोजनाओं की असाधारण प्रचालन दक्षता और बिजली उत्पादन में उत्कृष्टता के लिए इसकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में एनटीपीसी रिहंद की कुल विद्युत उत्पादन 23427 रू रहा जो पिछले वित्तीय वर्ष से 23399.7 रू की तुलना में ज्यादा है। पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए एनटीपीसी रिहंद द्वारा लगभग 1300 करोड़ रुपये की लागत से स्न्तष्ठ यूनिट्स का निर्माण कार्य प्रगति पर है। यह इकाइयाँ प्लांट से निकलने वाले SoX गैसों को वातावरण में उत्सर्जित होने से रोकने का कार्य करेंगी, जिससे वायु प्रदूषण में कमी आएगी। एनटीपीसी रिहंद की यह पहल पर्यावरण के क्षेत्र में विशेष योगदान को दर्शाती है।

अपनी प्रचालन उपलब्धियों के अलावा, एनटीपीसी-रिहंद ने अपने नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत पिछले पांच वर्षों में GEM कार्यक्रम के माध्यम से 600 बालिकाओं को शिक्षा प्रदान करके सामाज कल्याण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इनमें से 50 बालिकाओं को टाउनशिप के डीएवी स्कूल में उन्हें निशुल्क शिक्षा दी जा रही है। नैगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत एनटीपीसी रिहंद ने सोसाइटी फॉर वॉलंटरी एक्शन एंड रिसर्च (SVAR) के संयुक्त सहयोग से सोनभद्र में 3.08 करोड़ की लागत से नशा मुक्ति एवं स्वास्थ्य सेवा केंद्र की स्थापना की गई है। जिससे की पूरे जिले के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। एनटीपीसी रिहंद ने पिछले वर्ष अप्रेंटिसशिप कार्यक्रम के तहत 100 युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया, जिससे उन्हें अपने करियर को आगे बढ़ाने और नए अवसरों तक पहुंचने का सशक्त मंच मिला।

इसके अलावा,PM Internship योजना के तहत भी युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है।यह बताते हुए मुझे हर्ष हो रहा है कि एनटीपीसी रिहंद इस वर्ष 20 मेगावाट क्षमता का सोलर प्लांट स्थापित करने जा रहा है।

इसके अतिरिक्त, आने वाले समय में एनटीपीसी रिहंद 6.8 MW का सोलर संयंत्र एवं CW Recirculation and discharge canal में कुल 2.88 मेगावाट क्षमता की Surface kinetic HydroTurbine स्थापित करने की योजना भी बना रहा है।

ई-श्रम कार्ड के माध्यम से लाभार्थियों को दिलाए काम: डीएम

तरूणमित्र न्यूज

भदोही। मुख्य सचिव उ.प्र. शासन मनोज कुमार सिंह द्वारा शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेसिंग में जीरो प्रावर्टी, सीएम युवा उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट स्कूल, बेसहारा निराश्रित गौवंश संरक्षण, भूसा दान अभियान आदि बिन्दुओं पर एनआईसी सभागार वीसी में बैठक की। जहां पर उनके द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान मुख्य सचिव के निर्देश के क्रम में नवागत डीएम शैलेश कुमार ने उपर्युक्त योजनाओं एवं अभियानों से संबंधित अधिकारियों से प्रगति की जानकारी ली। जीरो प्रावर्टी समीक्षा के दौरान उन्होंने चिन्हित परिवारों में लाभार्थी का चयन कर सूची बनाकर प्रेषित करने का निर्देश दिया। अन्त्योदय राशन कार्ड के सत्यापन के संबंध में निर्देश दिया कि ग्राम सभा में खुली बैठक कराकर मृतक या जो परिवार अन्यत्र शिफ्ट हो गए है। उनका नाम जांचकर काटते हुए पात्र लाभार्थियों को आच्छादित किया जाए।

श्रम विभाग की समीक्षा के दौरान ई-श्रम कार्ड के माध्यम से लाभार्थियों को काम दिलाने का निर्देश दिया। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, जिला समाज कल्याण विभाग, जिला प्रोवेशन अधिकारी को निर्देशित किया कि विभागीय योजनाओं हेतु जो पात्र व्यक्ति है। ग्राम सभावार सूची बनाकर लाभार्थियों को आच्छादित करें कोई पात्र लाभार्थी न छूटे। मुख्य सचिव द्वारा मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट स्कूल के आधुनिक आयामों व विजन पर बल दिया गया। जिसके अनुपालन में डीएम ने बीएसए को निर्देशित किया कि तीनों तहसीलों में एसडीएम से समन्वय बनाते हुए मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट स्कूल के 10 से 15 एकड़ सरकारी जमीन खोजकर चिन्हित करें। नवागत डीएम ने बताया कि आधुनिक उत्तम शिक्षा गुणवत्ता से युक्त मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट स्कूल एक ही परिसर में प्री-प्राईमरी से इण्टर तक की शिक्षा के साथ-साथ खेल-कूद, शिक्षणेत्तर गतिविधियों पर विशेष फोकस किया जायेगा। जिससे छात्रों के व्यक्तित्व पर बहुयामी विकास हो सके।

इस मौके पर सीडीओ डॉ.शिवाकांत द्विवेदी, सीएमओ डॉ.संतोष कुमार चक, उपायुक्त स्वत रोजगार अनुराग राय, उपनिदेशक कृषि अश्वनी सिंह, उपायुक्त उद्योग आशुतोष सहाय पाठक, उपायुक्त मनरेगा राजा राम एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

ट्रक और हाइवा में लगी आग, जिंदा जला चालक, भाई मौत से लड़ रहा जंग

तरूणमित्र न्यूज

मीरजापुर। जिले में ट्रक और हाइवा की टक्कर के बाद दोनों वाहनों में आग लगी। इस दौरान ट्रक चालक की जलकर मौत हो गई। जबकि उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। जिले के पड़री क्षेत्र के गुरखुली नदी के पास बृहस्पतिवार की देर रात ट्रक व हाईवा में टक्कर हो गई। जिससे दोनों वाहनों में आग लग गई। आग लगने से ट्रक सवार व्यक्ति की जलकर मौत हो गई। जबकि उसका भाई झुलस गया। गंभीर हालत में उसका उपचार चल रहा है। मिर्जापुर-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर बृहस्पतिवार की देर रात गुरखुली नदी पुल पर डीबीएल कंपनी द्वारा रोड का कार्य किया जा रहा था। बोकारो से लोहे की चद्दर लाद कर 14 चक्का ट्रक मिर्जापुर की तरफ से जबलपुर जा रहा था। गुरखुली नदी पर पहुंचा ट्रक डीबीएल कंपनी के हाइवा से टकरा गया। जिससे लोहे की चद्दर लदे ट्रक में आग लग गई। आग लगने पर ट्रक में सवार चालक और उसका भाई फंस गए। मौके पर पहुंची पुलिस की मदद से आग बुझाने के साथ ही किसी तरह दोनों को बाहर निकाला गया।

आग की चपेट में आकर चालक सुरेंद्र कुमार निवासी भरवाड़ा जिला ललितपुर थाना भरवाड़ा की जलकर मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से झुलसे उसके भाई को ट्रामा सेंटर मिर्जापुर में भर्ती कराया गया है। थानाध्यक्ष दयाशंकर ओझा ने बताया कि दो ट्रक की टक्कर के बाद आग लगी। एक ट्रक की आग को बुझा दिया गया। दूसरे ट्रक से एक व्यक्ति को बाहर निकला गया। दूसरे की आग की चपेट में आने से जलकर मौत हो गई। झुलसे व्यक्ति का उपचार चल रहा है।

महोगढ़ी गौशाला का बीडीओ ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

तरूणमित्र न्यूज

डूमंडगंज, मीरजापुर। बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी ने शुक्रवार शाम छह बजे के करीब महोगढ़ी गौ आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। बीडीओ ने गौ आश्रय स्थल पर मौजूद गोवंशों को धूप और लू से बचाव हेतु विशेष रूप से ध्यान देने के लिए गौशाला कर्मियों को निर्देशित किया। बीडीओ ने भूसा गोदाम में रखे भूसा,पशु आहार, पानी की व्यवस्था का का निरीक्षण कर साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा।

बीडीओ ने गोवंशों की सुरक्षा में लापरवाही नही बरतने का निर्देश दिया। मौके पर मौजूद सचिव आलोक राव को गौशाला की चारागाह भूमि पर नेपियर घास लगवाने के लिए निर्देश दिया। बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि महोगढ़ी गौ आश्रय स्थल का निरीक्षण किया गया है गौ आश्रय स्थल पर व्यवस्था संतोषजनक पाई गई है। गोवंशों की सुरक्षा को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

अदालती नोटिस

सम्मन बगरज एनफैसाल मुकदमा आर्डर 5 कायदा 1 व 5 बअदालत प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय वाराणसी बमुकदमा नम्बर 1180 सन् 2024 ई0 नीरज मिश्रा बनाम-शिवानी देवी पुत्री संतोष तिवारी निवासिनी ग्राम करधना पोस्ट करधना थाना मिर्जामुराद जिला वाराणसी। बावजह हो कि धारा-12 हि0वि0अधि0 आपके नाम एकनालिष बाबत दाखिल हुआ है लिहाजा आपको लाजिम है कि खुद या बजरिये अधिवक्ता हाजिर होकर जो कुछ उज्र हो आज तारीख 01 माह 05 सन् 2025 ई0 ववक्त 10 बजे बमुकदमा अदालतन या बजरिये अधिवक्ता अदालत हाजा में हाजिर होकर मुकदमें की पैरवी करे वरना आपके खिलाफ एक तरफा हुक्म सादिर कर दिया जायेगा। वसीका मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत से आज दिनांक 03 माह 03 सन् 2025 ई0 को जारी किया गया।

अदालती नोटिस

अपील की सुनवाई के लिए नियत दिन की प्रत्यर्थी को सुचना (आदेश 41 का नियम 14) न्यायालय विशेष न्यायाधीश (भ्र0नि0अधि0) न्यायालय सं0-1, जिला वाराणसी सिविल अपील सं0 14 सन् 2023 ई0, अपीलार्थी भगवानदास बनाम रामचन्दर वगै0 प्रत्यर्थी, अपील विरूद्ध अवर न्यायालय अपर सिविल जज (जू0डि0) न्यायालय सं0-7 वाराणसी आदेश/निर्णय दिनांक 02.05.2015 ई0 अवर न्यायालय की वाद संख्या 314 सन् 1991 बनाम-1/1.उमाशंकर उर्फ राजेश कुमार पुत्र स्व0 रामचन्दर 1/2.प्रेमा देवी पत्नी स्व0 रामचन्दर 2.शान्ति देवी पत्नी स्व0 भैयाराम 3.माधुरी देवी पुत्री स्व0 भैयाराम 4.कुसुम देवी पुत्री स्व0 भैयाराम 5.उषा देवी पुत्री स्व0 भैयाराम 6.उमा देवी पुत्री स्व0 भैयाराम 7.सुसुक देवी पुत्री स्व0 भैयाराम 8/1.प्रेमशंकर उर्फ बबलू पुत्र स्व0 मिठाईलाल 8/2.यशोदा देवी पत्नी स्व0 मिठाई लाल 11.श्री प्रकाश उर्फ पप्पू पुत्र स्व0 मुन्नु 13.सुनील चौरसिया पुत्र स्व0 अशोक चौरसिया 16.श्रीमती मीरा देवी पत्नी स्व0 अशोक चौरसिया सभी निवासीगण ग्राम परानापुर परगना कटेहर पो0 चौबेपुर तहसील सदर व जिला वाराणसी। आपको सूचना दी जाती है कि इस मामले में उपरोक्त आदेश की डिक्री व अपील उपरोक्त अपीलार्थी द्वारा उपस्थापित की गई और इस न्यायालय में रजिस्टर कर ली गई है और इस अपील की सुनवाई के लिए इस न्यायालय द्वारा दिनांक 15.05.2025 नियत की गयी है। यदि इस अपील में आप की ओर से आप स्वयं या आपके प्लीडर या आपके लिए कार्य करने के लिए विधिना प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपसंज्ञात नहीं होगा तो यह आपकी अनुपस्थिति में सुनी और विनिश्चित की जायेगी। यह आज दिनांक 22.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गयी। आज्ञा से-न्यायालय

अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप) न्यायालय अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय सं0-3, वाराणसी वाद सं0 159 सन् 2024 ई0 भाष्कर शंकर पाण्डेय बनाम दिव्या पाण्डेय बनाम-दिव्या पाण्डेय वयस्क पुत्री स्व0 रत्नेश दत्त पाण्डेय निवासिनी म0नं0-एस.19/131 अभिलाषा कालोनी पी.डब्लू.डी. रोड नदेसर, वाराणसी। चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन दिया है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन कि खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2025 के 05 के 21 दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक् रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और आधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 22.04.2025 के दिवस को निकाली गई। आज्ञा से-न्यायालय

विपक्षी को नोटिस

न्यायालय अपर जिला न्यायाधीश न्यायालय सं-8, वाराणसी फौजदारी निगरानी संख्या 221 सन् 2024 ई0 रेखा पाण्डेय बनाम राज्य वगैरह, ता0 पेशी-29.04.2025 बनाम-2.श्रीमती कान्ति देवी पत्नी कन्हैया लाल निवासी ग्राम म0नं0 450/सी-3 हनुमान नगर भीटी, मऊनाथ भंजन थाना मऊनाथ भंजन जिला मऊ (उ0प्र0) 3.समीर कुमार वर्मा पुत्र कन्हैया लाल निवासी ग्राम म0नं0 450/सी-3 हनुमान नगर भीटी, मऊनाथ भंजन थाना मऊनाथ भंजन जिला मऊ (उ0प्र0)। चूंकि आपकी उपस्थिति उपरोक्त वाद के आरोप के उत्तर देने के लिये आवश्यक है अतएव आपको एतद्द्वारा आदेश दिया जाता है कि स्वंय/अधिवक्ता द्वारा उपर्युक्त न्यायालय के समक्ष सन् ई0 के 29.04.2025 दिवस को उपस्थित हो, ऐसा करने मे त्रुटि न हो। सन् 2025 ई0 04 के 22 दिवस को दिनांकित।। आज्ञा से-न्यायालय

अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप) न्यायालय सिविल जज (जू0डि0) शहर, जिला वाराणसी, प्रकीर्ण वाद सं0 42 सन् 2024 ई0 गोपाल दास वगै0 बनाम रामजी गुप्ता वगै0 बनाम-7.श्रीमती कुसुम देवी पत्नी स्व0 नन्दू 8.संतोष पुत्र स्व0 नन्दू 9.कुमारी रेनू पुत्री स्व0 नन्दू 10.सतीश पुत्र स्व0 नन्दू निवासीगण भवन सं0 के.65/365 मोहल्ला बड़ी पियरी, वाराणसी। चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन दिया है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन कि खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2025 के 05 के 09 दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक् रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और आधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 17.03.2025 के दिवस को निकाली गई। आज्ञा से-न्यायालय

अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप) न्यायालय सिविल जज (जू0डि0) न्यायालय सं0-2, जिला वाराणसी, इजरा वाद सं0 07 सन् 2022 ई0 अमर बहादुर सिंह बनाम सूर्यनाथ सिंह वगैरह बनाम-1/1.लक्ष्मीशंकर सिंह 1/2.जटाशंकर सिंह 1/3.अनिल सिंह 1/4.सुनील सिंह पुत्रगण स्व0 सूर्यनाथ सिंह निवासीगण मौजा झंझौर परगना कोलअसला तहसील पिण्डरा जिला वाराणसी। चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन दिया है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन कि खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2025 के 05 माह के 20 दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक् रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और आधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 04.04.2025 के दिवस को निकाली गई। आज्ञा से-न्यायालय

कार्यालय ग्राम पंचायत डिहिया, विकास खण्ड खुटहन, जौनपुर

पत्रांक: मेमो/निविदा/2025-26 दिनांक- 25.04.2025

अल्पकालिक निविदा

वित्तीय वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत द्वारा राज्य वित्त आयोग/15वां केन्द्रीय वित्त आयोग/ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से एस.एल.डब्ल्यू.एम. (SLWM), पौधरोपण, डस्टबिन, सोलर लाइट, इण्टरलाकिंग, नाली, खड़ंजा, पुलिया, हैण्डपम्प, सोख्ता, गड्ढा, डेस्क, बेंच, ग्रीन बोर्ड, दिशासूचक बोर्ड, सुन्दरीकरण, पौधरोपण, प्लम्बरिंग कार्य, सफाई किट, ब्लीचिंग पाउडर, स्ट्रीट लाइट, सी.सी. टीवी कैमरा, खेलकूद सामग्री, कोविड-19 कोरोना किट, फागिंग मशीन, सामुदायिक शौचालय, अन्त्येष्टि गृह, एनएम सेन्टर, पंचायत भवन, सामुदायिक भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण/मरम्मत, गौशाला निर्माण, भूसा चारा, विद्यालय का कायाकल्प, बाउण्ड्री वाल, पी.वी.सी. पाईप विभिन्न साईज में, मरम्मत, भवन निर्माण सम्बन्धित सामग्री एवं ग्राम पंचायत में अन्य कार्य हेतु सामग्री क्रय के लिए ग्राम पंचायत में सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जिसे इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 26.04.25 से दिनांक 02.05.25 को 02.00 बजे तक सीलबंद निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा की जा सकती है। जो दिनांक 03.05.25 को दोपहर 12.00 बजे खोली जायेगी। उक्त कार्य कराने हेतु इण्टरलाकिंग ईंट, ईंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, एस.ओ.बी. ईंट, सीमेन्ट, बालू, सरिया, लकड़ी/लोहे का दरवाजा, पेन्ट, विद्युतीकरण हेतु इलेक्ट्रिक सामग्री, शौचालय शेड, ह्यूम पाइप, टाइल्स गिट्टी, चूना, ट्रीगार्ड, हाइमास्क लाइट, कोरोना किट सहित, जिम, खेलकूद व पार्क में व्यायाम करने से संबंधित सामग्री आदि की आवश्यकता होगी। अत: ग्राम सभा/विकास खण्ड/जनपद के पंजीकृत आपूर्तिकर्ता उपरोक्त सामग्री आपूर्ति हेतु सीलबन्द निविदा आमंत्रित है।

क्र.सं.	परियोजना का नाम/सामग्री	मात्रा	दर
1	ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी / एस.ओ.बी. ईट	प्रति हजार	
2	सीमेन्ट	प्रति बैग	
3	मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू	प्रति घन मी.	
4	स्टोन ब्लास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42एम.एम.	प्रति घन मी.	
5	सरिया विभिन्न साइज	प्रति कुन्तल	
6	करकर/एसबेस्टर सीट, पैनल आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित	प्रति नग	
7	पैवर्स ब्लाक ईट/ इण्टरलाकिंग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट	प्रति हजार	
8	सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/ स्ट्रीट लाईट / हाइमास्क सोलर लाइट	प्रति नग	
9	शौचालय निर्माण सामग्री/ पंचायत भवन निर्माण सामग्री		
10	ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3	प्रति मी0	
11	ढक्कनदार नाली निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आवश्यकतानुसार		
12	गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य	प्रति घन मी0	
13	सफाइकर्मी स्वच्छता किट / सेनेटाइजर, डस्टबीन सहित अन्य संबंधित सामग्री	प्रति नग	
14	कटीला तार एवं ईगल / प्रिकास्ट कंकरीट बेंच	प्रति नग	
15	इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/ रिबोर	प्रति नग	
16	मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास, जिम व खेलकूद सामग्री, पार्क बेंच	प्रति घन मी0	
17	चूना, पेन्ट इत्यादि	प्रति नग	
18	वाल पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि	प्रति वर्ग मी0	
19	विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम, स्कूल के लिए डेक्स व बेन्च।	प्रति नग	
20	गौशाला में चूना-चोकर, भूसा		
21	हैण्डपम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी		

नियम एवं शर्ते-

1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद निर्धारित की जायेगी।
2. आवश्यकतानुसार सामग्री आपूर्ति प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के आदेश पर ही की जायेगी, अन्यथा नहीं।
3. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि से स्वीकृत दर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा 50 रुपये के स्टाम्प पेपर पर बॉण्ड भरना अनिवार्य होगा तदोपरान्त आपूर्ति किया जायेगा।
6. सामग्री आपूर्ति के बाद निर्माण समिति की स्वीकृति के बाद भुगतान किया जायेगा।
7. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स विभाग में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य तथा आयकरदाता हो प्रमाणित छायाप्रति संलग्न की जाय।
8. प्रस्तुत दर पी.डब्लू.डी. के स्वीकृत दर से अधिक न हो।
9. सामग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा में की जानी अनिवार्य होगी।
10. सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की दशा में भुगतान की धनराशि नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी।
11. निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
12. आपूर्तिकर्ता को 4% वाणिज्यकर एवं 2.24% आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा।

दीपक कुमार पाल
ग्राम विकास/ग्राम पंचायत अधिकारी डिहिया
विकास खण्ड खुटहन, जौनपुर

रमाशंकर तिवारी
प्रधान- ग्राम पंचायत डिहिया
विकास खण्ड खुटहन, जौनपुर

चालक ही निकला किन्नर का हत्यारा

जौनपुर। हत्या को सड़क दुर्घटना में तब्दील करने की साज़िश रचने वाला उसका ड्राइवर ही किन्नर का हत्यारा निकला। पुलिस ने इस मामले में हत्या के आरोपी ड्राइवर व उसके तीन सहयोगियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया।

मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के सरायरूस्तम गांव की रहने वाली किन्नर अंजली (30) मूल रुप से आसाम की रहने वाली थी। बीते रविवार की सुबह प्रयागराज लौटते समय पांडेयपुर गांव के पास खाई मे अंजलि किन्नर की लाश पड़ी थी। हत्या का मुकदमा दर्ज कराने के लिए किन्नर समुदाय के लोगों ने थाने में शव को सड़क पर रखकर चक्का जाम किया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की थी जिसको लेकर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया था। गुरुवार को सीओ प्रतिमा वर्मा ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि आरोपी ड्राइवर अंबुज मौर्य का कई वर्षों से अंजलि किन्नर के साथ रह रहा था। इसी दौरान अंबुज मौर्य का किसी लड़की से प्रेम हो गया और वह उससे शादी करना चाहता था। लेकिन जब शादी की बात जैसे ही अंजलि किन्नर को पता चली तो वह इस शादी को लेकर दोनों में काफी कहां सुनी हुई। और आरोपी ने अंजलि को रास्ते से हटाने का साज़िश शुरू कर दी। और बीते रविवार की सुबह वह गाड़ी से टक्कर मारकर अंजलि किन्नर की हत्या कर दी। और हत्या को दुर्घटना की कहानी गढ़ दी जिससे लोगों को शक न हो। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर ड्राइवर अंबुज मौर्य व हत्या में सहयोग करने वाले उसके चार साथियों को भी गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

हिन्दू केवल राजनीतिक मुद्दा बनकर रह गये : विमल सिंह

जौनपुर। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हिन्दुओं को लक्षित कर इस्लामिक आतंकियों द्वारा निर्मम नरसंहार के विरोध में बाबा केरारवीर मंदिर सद्भावना पुल से ओलन्दगंज, चहारसू चौराहा से होते हुये कोतवाली चौराहा पहुंचकर इस्लामिक आतंकी का प्रतीकात्मक पुतला फूंका गया। आतंकी हमले में शहीद हुये लोगों की याद में 2 मिनट का मौन रखते हुये श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। महादेव सेना के नेतृत्व में उपरोक्त हुये प्रदर्शन की अध्यक्षता कर रहे अध्यक्ष विमल सिंह ने इस्लामी आतंकवाद को खत्म करने के लिये सरकार से निवेदन किया। साथ ही सभी हिंदुओं को एकता बनाये रखने और राष्ट्र का सहयोग व चिंतन का आग्रह भी किया। उन्होंने इस आतंकवाद को इस्लाम धर्म से जोड़ते हुये कहा कि आतंकवाद का धर्म होता है। आज हमारे देश में हिंदू इसीलिए कमजोर होते जा रहे हैं, क्योंकि वह एक राजनीतिक मुद्दा बनकर रह गये हैं। इस अवसर पर मनीष सेठ, श्यामजी महाराज, मनीष राय, विष्णु ठठेरा, दीपक गुप्ता, प्रशान्त मिश्रा, विवेक मौर्य, आशुतोष सिंह, आशीष गुप्ता, आशु गौरव, भगत, मनोज सोनी, गणेश मोदनवाल, टिंकू गोस्वामी, राजेश कन्नौजिया, सुशील मोदनवाल, शीतल साहू सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

पेंशन मुद्दे की धमक से गूंजेंगी दिल्ली

जौनपुर। एक मई को दिल्ली में पुरानी पेंशन बहाली हेतु प्रस्तावित विशाल धरना के मद्देनजर होटल रिवर व्यू में अटेवा करंजाकला की बैठक आयोजित की गई । बैठक की शुरुआत में कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में दिवंगत हुए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में मुख्य रूप से दिल्ली कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा हुई और साथ ही साथ ब्लॉक कार्यकारिणी का पुनर्गठन भी किया गया। कार्यक्रम के संयोजक मण्डल उपाध्यक्ष एवं पूर्वांचल विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के महामंत्री रमेश यादव ने बैठक को सम्बोधित करते हुए बताया कि एक मई मजदूर दिवस के अवसर पर आयोजित राष्ट्र व्यापी धरना प्रदर्शन कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम दौर में हैं। दिल्ली के जंतर मंतर पर एक मई को ऐतिहासिक धरना होगा जिसमें जौनपुर की उपस्थिति भी ऐतिहासिक होगी। मुख्य अतिथि राज कॉलेज की अंग्रेजी की प्राध्यापक डा. रेखा त्रिपाठी ने अपने संघर्षों का उल्लेख करते हुए कहा कि संघर्ष ही जीवन है और संघर्ष के दम पर ही अपनी मंजिल को पाया जा सकता है।

महिलाओं ने सोने की चेन उड़ाया, नहीं हुई कार्यवाही

जौनपुर। नगर के ताड़तला मोहल्ला निवासी एक महिला की सोने की कीमती सोने की चेन ई रिक्शा में महिलाओं ने काट लिया। इस बारे में पीड़ित महिला ने एक सप्ताह पहले पुलिस को तहरीर देकर एफआईआर दर्ज करने का आग्रह किया तो प्राथमिकी दर्ज नहीं की गयी न कोई कार्यवाही की गयी। हालत यह है कि जिस ई रिक्शा में घटना हुई उसके चालक को पुलिस ने पकड़ा और शाम को छोड़ दिया। जब पीड़ित महिला शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक से मिलकर लिखित रूप से प्रकरण के बारे में बताया तो आज ही एफआईआर दर्ज किया गया। उक्त मोहल्ले की गीता देवी पत्नी मोहन लाल सेठ 17 अप्रैल को सदभावना पुल के पास काम से गयी थी, वहां पर ई रिक्शा से अपनी पुत्री के साथ लौटने लगी इसी दौरान कई महिलायें व किशोरियां भी उसमें जबरन सवार हो गयी।

कुछ देर बाद महिलाओं ने पैर कुचलना शुरू कर दिया जब वह नीचे झुककर देखने लगी तो महिलाओं ने उनका करीब 20 ग्राम का दो लाख की सोने की चेन और लाकेट पार कर दिया। कुछ देर बाद जब उन्हे चेन चोरी होने का पता लगा तो पुलिस को तहरीर दिया। पुलिस ने ईरिक्शा चालक को बुलवाया और पूछताछ के बाद शाम को छोड़ दिया और प्राथमिकी दर्ज नहीं की गयी न किसी प्रकार कार्यवाही की गयी। पुलिस अधीक्षक ने जब कोतवाल से बात किया तो उन्हे बताया गया कि प्राथमिकी दर्ज है। जब पीड़ित महिला प्राथमिकी की कापी मांगने गयी तो आनन फानन में आज की डेट में प्राथमिकी दर्ज कर कापी दी गयी। इसके बाद चौकी को जांच दी गयी। चौकी पर जाने पर पर इन्चार्ज ने कहा कि घटना में जल्द की रिपोर्ट लगा दिया जायेगा। पीड़ित महिला ने चेन छीन छीनने वाली महिलाओं की फोटो और दुकान से निकलवा कर सीसी कैमरे की फुटेज भी उपलब्ध कराया है। ज्ञात हो कि सदभावना पुलिस सहित नगर के तमाम चौराहे व सार्वजनिक स्थानों पर सीसी कैमरे लगाये गये है लेकिन वे एक्टिव नहीं कराये जा रहे है इसका फायदा उठाकर चोर उचक्के ऐसी घटनाओं को बेखौफ हो कर अंजाम दे रहे है।

आग से दो रिहायशी मड़हे जले, गृहस्थी राख

जौनपुर। जफराबाद क्षेत्र के कल्याणपुर महलपर गांव में शुक्रवार की सुबह शार्ट सर्किट से दो रिहायशी मड़हे जल गये। आग से 15 हजार नगदी सहित सारा गृहस्थी का सामान जल गया। ऊक्त गांव निवासी राजबहादुर चौहान की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर है। उनके पास परिवार के रहने के लिए मात्र दो मड़हे ही थे। शुक्रवार की सुबह अचानक मड़हे में विद्युत शॉर्ट सर्किट हो गया। उसकी चिंगारी से मड़हे में आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थी कि देखते देखते दोनो मड़हे जलने लगे। मड़हों में खाद्यान्न, बिस्तर, बर्तन, तख्ते, चारपाई व पहनने के कपड़े तथा एक बॉक्स जल गया। राजबहादुर ने बताया कि बॉक्स में बहु के डिलेवरी के लिए 15 हजार रुपये जमा करके रखा था। वह भी जल गया। पूरा परिवार अब खुले आसमान के नीचे रहने। को मजबूर है। ग्राम प्रधान रमेश चन्द्र जायसवाल ने आर्थिक मदद दिया।

जाति व धर्म पर किया जा रहा आतंकवाद

बरैछामोड़। वक्फ संशोधन बिल के बाद, आतंकवाद अब जाति धर्म में बदलाव की ओर बढ़ने का समाचार है। विवरण के अनुसार आज तक आतंकवाद का कोई जाति धर्म नहीं हुआ करता था लेकिन भारत में कुछ घटनाएं ऐसी घटित हुई जिसको देखकर तो यही कहा जा सकता है कि आतंकवाद भी अब जाति धर्म पर किया जा रहा है। अभी हाल ही में वक्फ संशोधन बिल को लेकर जिस तरह से बंगाल के मुर्शिदाबाद में विरोध स्वरूप प्रदर्शन के दौरान एक ही जाति धर्म के लोगों को टारगेट करना व आगजनी तथा कश्मीर में जिस तरह से एक ही धर्म के लोगों को टारगेट कर गोली मारी से मारना वही अभी हाल ही में कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा धर्म पूछ करके टारगेट किया गया। उसे देखकर तो अब यही कहा जा सकता है कि आतंकवाद भी अब जाति धर्म के आधार पर चल रहा है। ऐसी कई घटनाएं हैं जो यह सिद्ध करती है।

मुन्ने राजा ने न्यायालय में किया आत्मसमर्पण

मुन्ने राजा

जौनपुर। जिले का शातिर अपराधी व कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर एवं गैंगस्टर में काफी समय से फरार चल रहा शातिर अपराधी मुन्ने राजा ने पुलिस के भारी दबाव के चलते न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मुन्ने राजा पुत्र अनवर निवासी मोहल्ला दिलाजक गूलर घाट थाना कोतवाली का शातिर किस्म का बड़ा अपराधी है। मुन्ने राजा के विरुद्ध पुलिस ने चिन्हित करके गैंगस्टर की कार्यवाही किया था। पुलिस कार्रवाई के बाद से वह काफी दिनों से फरार चल रहा था। जिसके चलते पुलिस ने इसके दरवाजे पर 82 की कार्यवाही करते हुए कुर्की की नोटिस चस्पा किया था। और इस करवाई के बाद भी पुलिस की कई टीमें इसकी तलाश में जुटी हुई थी। आखिर थक हार कर और पुलिस के काफी दबाव और भय के कारण शुक्रवार को गैंगस्टर कोर्ट में इसने आत्मसमर्पण कर दिया। स्थानीय लोगों की मानें तो मुन्ने राजा का पूरा जीवन अपराध और अपराधियों से जुड़ा हुआ रहा है और अपराध का लंबा चौड़ा चिट्ठा पुलिस के भी रिकॉर्ड में दर्ज है। बता दे पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ के कड़े निर्देश के चलते शहर कोतवाली पुलिस लगातर इसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित स्थानों पर इसे दबोचने का प्रयास कर रही थी। तथा इसके गैंगस्टर न्यायालय में आत्मसमर्पण के बाद पुलिस ने राहत भरी चैन की सांस लिया है।

पहलगाम के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

जौनपुर। पहलगाम में मारे गए शहीदों को शुक्रवार जुमे की नमाज के बाद शाही अटाला मस्जिद के बाहर ताजीयती जलसे में श्रद्धांजलि दी गयी। और भारत सरकार से मांग की गयी की दहशतगर्दो के साथ कोई भी रियायत न की जाये। कार्यक्रम संयोजक मरकजी सीरत कमेटी के पूर्व अध्यक्ष हफीज शाह ने कहा की पहलगाम की घटना से पूरी दुनिया के अमन पसंद लोग मर्माहत हैं इसलिए भारत सरकार को पहल करते हुए पूरी दुनिया से दहशत गर्दी ख़त्म करने के लिए पहल करनी चाहिए। नेता रुखसार अहमद ने इसे कायरता पूर्ण घटना करार देते हुए कहा की इस कृत्य की जितनी निंदा की जाये वह कम है। सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद आसिम ने कहा की यह कृत्य माफ़ी के काबिल नहीं है इसकी हम सब मुख़ाल्फत करते हैं। इस मौके पर शाही अटाला मस्जिद के अध्यक्ष जावेद महमूद, अब्दुल्लाह सिद्दीकी, मेराज अहमद, साकिब अहमद, शाद, साजिद सिद्दीकी, लाल मोहम्मद बब्लु समेत सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

समस्याओं के निराकरण के लिए संघर्ष एक मात्र विकल्प : अरविंद

जौनपुर। शिक्षकों की लंबित समस्याओं एवं मांगो को लेकर प्रदेश कार्यसमिति के निर्णयोपरांत उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ बीएसए कार्यालय पर एक मई को धरना प्रदर्शन करेगा और इन समस्याओं के अविलंब निराकरण हेतु जिलाधिकारी के माध्यम से उसी दिन मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भी भेजेगा। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अरविंद शुक्ला ने बताया कि इससे संबंधित उपर्युक्त विषयक सूचना आज जिला प्रशासन को दे दी गई है। जिसमें एक मई को प्रदेश के सभी बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय की भांति जिले के जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय पर 10 बजे से 2 बजे तक शिक्षकों द्वारा अवकाश लेकर धरना दिया जाएगा। जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ल ने कहा कि शिक्षकों की समस्याएं काफी दिनों से लंबित है, जिसका निराकरण न होने से शिक्षक आक्रोशित है। इस अवसर पर समस्त परिषदीय शिक्षकों से अपील की गई कि वे अपनी मांगों के लिए अधिक से अधिक संख्या में अवकाश लेकर धरना में पहुंचे।

बेगुनाहों के साथ हमदर्दी रखना इंसानियत

जौनपुर। पहलगाम जम्मू कश्मीर में मारे गये बेगुनाहों के साथ हमदर्दी रखना इन्सानियत का तकाजा है कातिलों को सख्त सजा दी जाए। मौलाना महफूज़ुल हसन खां शिया जामा मस्जिद नवाब बाग में जुमा के ख़ुत्बे में इमामे जुमा व प्रिंसिपल जामिया इमानिया नासिरया ने पहलगाम में आतंकवादियों ने जिस बेगुनाह इंसानों का क़त्ल किया वह अमल बहुत ही शर्मनाक है हम सब शिराजे हिन्द के शिया मुसलमान भारत सरकार से मांग करते हैं कि कातिलों को सख्त से सख्त सजा दें। पाकिस्तान के खिलाफ सख्त से सख्त कदम उठाए, उसको सबक सिखाये, इस दु:ख की घड़ी में मरने वाले परिवार के दु:ख में हम सब शामिल हैं।

अक्षत ने माता-पिता का बढ़ाया मान

तेजीबाजार। शुक्रवार की दोपहर जैसे ही रिजल्ट स्क्रीन पर आना शुरू हुआ बच्चें अपने अपने रिजल्ट की जानकारी के लिए मोबाइल पर व्यस्त हो गए, वही घरों में दुकानों पर चौक, चौराहे पर जो जहां पर है वही मोबाइल लेकर अपना रिजल्ट देखने में जुटा हुआ दिखाई दे रहा था। वही स्थानीय तेजीबाजार पुरानी बाजार निवासी राजकुमार का बेटा अक्षत गुप्ता हाई स्कूल की परीक्षा में 89.33 प्रतिशत अंक हासिल कर घर परिवार के साथ-साथ पूरे क्षेत्र का नाम कर दिया।

रेंजर ने वाचर को दिखवाया बाहर का रास्ता

जौनपुर। केराकत क्षेत्र के वन क्षेत्राधिकारी संतोष कुमार यादव ने भारतीय जननायक पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं जनपद के वरिष्ठ पत्रकार द्वारा की गई शिकायत पर वाचर कुंअर सिंह को सेवा से बाहर का रास्ता दिखाया और शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई के लिए अनुमोदित किया है। बता दें कि वह उक्त वाचर कुंअर सिंह पर आरोप था कि वह लकड़ी व्यवसाय से जुड़े लोगों पर धौंस जमा कर कभी रेंजर तो कभी बनदरोगा कभी डीएफओ एसडीओ के नाम पर अवैधानिक वसूली करता था जिसकी शिकायत भारतीय जननायक पार्टी के जिलाध्यक्ष सतीश चन्द्र शुक्ल सत्पथी ने प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी कार्यालय में किया था जिस पर जांच करने के उपरांत यह कार्रवाई सुनिश्चित की गई।

विधायक ने दान किया 300 कुंतल भूसा

जौनपुर। मुख्यमंत्री के आवाहन पर जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र के कुशल नेतृत्व में जनपद में वृहद स्तर पर अभियान चलाकर भूसा दान लिया जा रहा है। जिसके क्रम में विधायक बदलापुर रमेश चन्द्र मिश्र ने निराश्रित गोंवशों के लिए 300 कुन्तल भूसा, 30 कुन्तल चूनी और 20 कुन्तल चोकर दान में दिया। इसके साथ ही उन्होंने सम्मानित जनप्रतिनिधियों, सक्षम व्यक्ति से अपील किया है कि सम्बन्धित खडं विकास अधिकारी के माध्यम से भूसा दान दे सकते है। भूसा दान अभियान के तहत ग्राम पंचायत फरीदाबाद के प्रधान विकास सिंह द्वारा 12 कुंतल भूसा दान, गौआश्रय स्थल धर्मापुर में करीब 50 कुंतल भूसा दान में प्राप्त हुआ। कमला हॉस्पिटल के संचालक डा. चौहान द्वारा 25 कुंतल भूसा दान किया गया।

हजारों लोगों ने भंडारे में ग्रहण किया प्रसाद

जौनपुर। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी हुसैनाबाद तिलकधारी महाविद्यालय के बगल स्थित साईं बाबा मंदिर का 29वां स्थापना दिवस गुरुवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ साईं बाबा मंदिर में विधिवत आरती के उपरांत शुरू हुआ। मंदिर के पुजारी पंकज पांडे द्वारा बाबा की आरती कराई गई।

तदुपरांत पालकी अपने कदीम रास्तों से चलते हुए गायत्री माता मंदिर तक हाथी घोड़ा पालकी के साथ पहुंची वहां मां गायत्री की आरती के पश्चात पुन: पालकी साईं बाबा मंदिर धाम में पहुंची जहां आरती के उपरांत पालकी का समापन किया गया। तदुपरांत भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान बाबा की पालकी की एक झलक पाने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु बाबा के दरबार में जमे रहे। बाबा के भक्त नाचते गाते बाबा की पालकी लेकर चलते हैं। इस अवसर पर मंदिर के प्रबंधक संजय सिंह संरक्षक व वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत सिंह व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष इंद्र भान सिंह इंदु, भार्गव सिंह सहित मंदिर परिवार के तमाम सदस्य उपस्थित रहे। वही कार्यक्रम को सफल बनाने में पालकी की शोभा यात्रा निकालने में पालकी संयोजक जगदीश सेठ दीपक श्रीवास्तव, बृजेश कुमार श्रीवास्तव, डा. अभिषेक मिश्रा, सत्यप्रकाश यादव, आशीष बरनवाल, डा. अशोक चक्रवर्ती, अमित श्रीवास्तव, देवांश श्रीवास्तव, सूर्यांश श्रीवास्तव, राजीव गुप्ता, पंडित पंकज पांडेय , लोलरक नाथ पाठक, गुलाब चंद, राजन गुप्ता, रमेश चन्द्र, पंडित रितेश कुमार संजय शर्मा आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

कार्ययोजना की तैयारी के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक

जौनपुर। राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चन्द्र यादव की अध्यक्षता और सांसद राज्यसभा श्रीमती सीमा द्विवेदी की उपस्थिति में लोक निर्माण विभाग में मार्गों एवं सेतुओं के निर्माण हेतु कार्ययोजना तैयार किये जाने हेतु बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुयी। बैठक में जनप्रतिनिधिगणों के द्वारा प्रस्तावित परियोजनाओं को जनपद एवं विधानसभा की प्राथमिकता को दृष्टिगत रखते हुए मार्गों, सेतुओं, सड़क सुरक्षा एवं क्षतिग्रस्त मार्गों/ सेतुओं के विशेष मरम्मत के कार्यों पर विधानसभावार चर्चा की गयी और जनप्रतिनिधियों के सुझाव/ प्रस्ताव प्राप्त किये गये। बैठक में मार्गो के चौड़ीकरण/ सुदढ़ीकरण योजना, मुख्यमंत्री ग्राम योजना, कृषि विपणन योजना, लघु सेतु, तहसील एवं ब्लाक मुख्यालय योजना,

कार्ययोजना तैयारी की बैठक में भाग लेते राज्यमंत्री समेत अन्य।

तहसील एवं ब्लाक मुख्यालय योजना, अन्तर्राज्यीय/ अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर पड़ने वाले मार्गों का चौड़ीकरण एवं सुदढ़ीकरण गेट निर्माण, धर्मार्थ योजना, रेल उपरिगामी सेतु आदि पर विस्तार से चर्चा हुयी। जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र ने कहा कि जितने भी प्रस्ताव जनप्रतिनिधियों के द्वारा दिये गये है उनको शत प्रतिशत सम्मिलित कराते हुए आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर विधायक बदलापुर रमेश चन्द्र मिश्र, जफराबाद जगदीश नरायन राय, मुगराबादशाहपुर पंकज पटेल, मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, अधीक्षण अभियंता पी डब्ल्यू डी सहित अन्य उपस्थित रहे।

सरकार की दोहरी मानसिकता कभी बर्दाश्त नहीं की जायेगी : डा. प्रदीप सिंह

जौनपुर। उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रान्तीय अध्यक्ष क्रान्ति सिंह के आहवान पर चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष अजय कुमार सिंह, मंत्री सभाजीत यादव के नेतृत्व में तीन सूत्रीय मांग को लेकर जनपद सहित समस्त विकास खण्डों, तहसीलों में पांच दिवसीय विरोध प्रदर्शन हाँथ पर काली पट्टी बांधकर किया गया।

जिलाध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने बताया कि तीन सूत्रीय मांगो में एनपीएस, यूपीएस का विरोध, निजीकरण का विरोध, व चतुर्थ श्रेणी भर्ती बहाली को लेकर विरोध प्रदर्शन चल रहा है। जिसके क्रम में आज 25 अप्रैल को जनपद में विभिन्न संगठनों के जिलाध्यक्ष / जिला मंत्री सहित सैकड़ो कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में इकट्ठा होकर जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री, भारत सरकार एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष डा. प्रदीप सिंह ने कहा कि

ज्ञापन दिखाते कर्मचारीगण।

सरकार की दोहरी मानसिकता, कभी बर्दाश्त नहीं की जायेगी, और ओपीएस बहाली तक कर्मचारियों का संघर्ष चलता रहेगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से होमियोपैथिक फार्मासिस्ट संघ के जिलाध्यक्ष डा. राजेश कुमार यादव, ग्राम विकास अधिकारी संघ, जिला मंत्री रामकृष्ण पाल, कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के अध्यक्ष विजय सिंह, ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष अमर बहादुर यादव जिला मंत्री तेज बहादुर, विकास खण्ड मुफ्तीगंज के ब्लॉक अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश सिंह साथ दिनेश यादव केसरी प्रसाद, विपिन यादव, ज्ञानचन्द्र, इन्द्रसेन यादव, अशोक कुमार बबलू श्रीवास्तव, आरटीआई संघ से धर्मेन्द्र सिंह, शिव कुमार, निर्मल गुप्ता, जिला संरक्षक सरताज सिंह उत्तर प्रदेश चतुर्थ राज्य कर्मचारी महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मधुबाला मौर्या, ब्लॉक अध्यक्ष अनामिका सिंह, निर्मला यादव, प्रिया गुप्ता, सुशीला देवी आदि उपस्थित रहे।

ड्रैगन फ्रूट की खेती पर अब अनुदान हुआ 2.70 लाख

जौनपुर। जिला उद्यान अधिकारी ने अवगत कराया है कि जनपद मे नवाचार की राह पर कदम बढ़ाते हुए ड्रैगनफ्रूट की खेती शुरू की गयी है। ड्रैगनफ्रूट को इजराइल एवं वियतनाम जैसे देशों में उगाई जाने वाले इस फसल को जनपद के विकासखंड मछलीशहर, बदलापुर, मुफ्तीगंज के किसानों ने अपनाया है। इस फसल मे कम लागत व अधिक मुनाफा होने के साथ रोग प्रतिरोधक क्षमता भी अधिक होती है। ड्रैगनफ्रूट के पौधे को आवारा पशु भी नुकसान नही पहुंचाते है। ड्रैगन के पौध एक बार लगाने से 25 से 30 साल तक उत्पादन मिलता है यह इम्यूनिटी बूस्टर का अच्छा विकल्प माना जाता है। एक ड्रैगेनफ्रूट की कीमत बाजार मे 100 से 150 रू0 तक पहुंचती है। मछलीशहर ब्लाक के ग्राम घिसुआखुर्द के प्रतीक कुमार गुप्ता, विकासखंड बदलापुर ग्राम तियरा के कृषक तिलकधारी और विकासखंड मुफ्तीगंज ग्राम पसेवा के कृषक मोर्टसन मेसी एवं विकासखंड बदलापुर के ग्राम तियरा के किसान बृजेश यादव ने 1195 लाल गुदा वाले पौध लगाकर जनपद मे नवाचार का उदाहरण पेश किया है। उन्होंने गुजरात से पौध खरीदी और अप्रैल मे यह खेती शुरू किया। बृजेश यादव पिछले एक वर्षों से ड्रैगेनफ्रूट की खेती कर रहे है।

धूमधाम से मना अघोरेश्वर महाप्रभु मूर्ति स्थापना का वार्षिकोत्सव

जौनपुर। सामाजिक एवं आध्यात्मिक संस्था श्री सर्वेश्वरी समूह की रामराय पट्टी शाखा में अघोरेश्वर महाप्रभु अवधूत भगवान राम की मूर्ति स्थापना का प्रथम वार्षिकोत्सव धूमधाम से उल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर बुधवार को सायं छह बजे अघोरोन्ना परो मंत्र नास्ति तत्वम गुरो परम संकीर्तन का शुभारंभ हुआ। गुरुवार को प्रात: अखंड संकीर्तन का समापन हुआ। आरती एवं हवन पूजन के बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर शाखा मंत्री डा. अरविन्द सिंह ने कहा कि अघोरेश्वर महाप्रभु पीड़ित मानवता की सेवा को ही सबसे बड़ा धर्म और ईश्वर की सबसे बड़ी पूजा मानते थे। इसी परिप्रेक्ष्य में उन्होंने श्री सर्वेश्वरी समूह की स्थापना की थी। उनकी वाणियों पर अमल तथा विचारों को आत्मसात करके ही जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है। इस दौरान अघोरेश्वर महाप्रभु तथा गुरुपद बाबा के जयघोष से परिवेश गुंजायमान रहा। फूल मालाओं से सुसज्जित आश्रम अलौकिक और दिव्य नजर आ रहा था। इस मौके पर विधान परिषद सदस्य बृजेश कुमार सिंह प्रिंसू उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह, व्यवस्थापक यशवीर सिंह सोनू, पूर्व मंत्री ओमप्रकाश सिंह, रमेश सिंह, तेज बहादुर सिंह, राजेश सिंह, अजीत सिंह, बृजभूषण सिंह , गिरीशचंद्र, अरविन्द सिंह, राणा प्रताप, विनोद सिंह, नीरज गुप्ता सहित बड़ी संख्या में समूह के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद थे।

आयुषी जनपद में दूसरे व इंटर की अंशिका पांचवे व स्थान पर

जौनपुर। यूपी बोर्ड की वर्ष 2025 की परीक्षा के आये परिणाम में सिकरारा क्षेत्र के खानापट्टी गांव स्थित मां शारदा इंटरमीडिएट बालिका विद्यालय की तीन छात्राओं ने जनपद के टॉपरों की सूची में स्थान पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। हाईस्कूल की आयुषी शुक्ला 94.67 प्रतिशत अंक हासिल कर जनपद में दूसरा स्थान पाई है जबकि इंटरमीडिएट कला वर्ग अंशिका उपाध्याय 90.80 प्रतिशत अंक हासिल कर जनपद में पांचवे स्थान पर रही। इसी तरह इंटरविज्ञान (गणित)वर्ग की छात्रा महिमा कन्नौजिया 90.04 प्रतिशत अंक हासिल कर जनपद में सातवें स्थान पर रही। महिमा कन्नौजिया इसके पहले हाईस्कूल में भी प्रदेश के टॉपरों की सूची में सातवें स्थान पर रह चुकी है। विद्यालय के छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रबंधक जगदीश नारायण सिंह एडवोकेट व प्रधानाचार्य शरद सिंह ने खुशी जाहिर करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना किये। विद्यालय की टॉपरों को प्रधानाचार्य व प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किये। इसके अतिरिक्त विद्यालय की दर्जनभर से अधिक छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

आफत बनी दोपहरी की छुट्टी, झुलस रहे नौनिहाल

जौनपुर। जनपद में पड़ रही भीषण गर्मी और लू से जन मानस का हाल बेहाल है। सुबह होते ही सूरज की तीक्ष्ण किरणों के साथ दिन का आगाज हो रहा है। दिन चढ़ने के साथ ही चिलचिलाती धूप से जमीन तवे की तरह लाल हो जा रही है। घर से बाहर निकलने पर तीक्ष्ण धूप से आंखें चौंधिया जा रही हैं।

पिछले एक सप्ताह से अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर जा रहा है। सुबह दस बजे के बाद से ही गर्म हवाओं का चलना शुरू हो जा रहा है। बारह बजे के करीब तेज लू और चिलचिलाती धूप से सभी बेहाल हो जा रहे हैं। बच्चों को सुबह स्कूल जाने में तो दिक्कत नहीं हो रही है लेकिन दोपहर में हो रही छुट्टी से स्कूली बच्चे बेहाल हो रहे हैं। ऐसे विद्यालय जो दो या तीन मंजिलें हैं उनके भूतल पर तो गर्मी का असर कुछ कम है लेकिन ऊपरी मंजिल पर तो पंखों से निकलने वाली गर्म हवाओं से बच्चों के चेहरे सूख जा रहें हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में परिषदीय विद्यालयों में पंखे लगे हैं लेकिन दिन में बिजली कटौती से वे पूरे स्कूल टाइम में चल नहीं पा रहें हैं। निजी विद्यालयों में इन्वर्टर और जनरेटर की मदद से पंखे और कूलर चल जा रहे हैं जिससे इन स्कूलों के बच्चों को कुछ सीमा तक राहत मिल जा रही है। भीषण गर्मी से स्कूली बच्चों को बचाने के लिए जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र की अनुमति से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल ने कक्षा 8 तक के समस्त बोर्डों के विद्यालयों का समय बीते 19 अप्रैल से अग्रिम आदेश तक सुबह 7 बजकर 30 मिनट से अपराह्न 12 बजकर 30 मिनट तक कर दिया था लेकिन भीषण गर्मी और लू से बच्चों को बचाने में यह समय सारिणी नाकाफी साबित हो रही है। खड़ी दोपहरी में छुट्टी होने पर पसीने से तरबतर होकर बच्चे स्कूल से घर पहुंच रहे हैं। स्कूल की इस समय सारिणी से स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। बच्चों की तबीयत बिगड़ने के डर से लोग बच्चों को स्कूल भेजने से कतराने लगे हैं। अभिभावकों की मांग है कि छुट्टी का समय सुबह 11 बजे तक कर दिया जाये जिससे बच्चे भीषण गर्मी और लू से बच सकें।

अर्टिका आटो को मारी टक्कर, सात घायल, तीन की हालत गंभीर

जौनपुर। शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के बलुआघाट के पास शुक्रवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। अर्टिका कार कुत्ते को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे टेम्पो से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आटो सड़क किनारे गहरी खाई में गिर गया। हादसे में सात लोग घायल हो गए, जिनमें तीन की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों में प्रदीप यादव (40 वर्ष), संदीप (35 वर्ष), राजकुमारी (32 वर्ष), सरिता (14 वर्ष), युवराज (8 वर्ष), दर्पण (10 वर्ष) और शीतल (12 वर्ष) शामिल हैं। सभी घायल गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के पचोरा गांव निवासी बताए जा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह पूरा परिवार मुंबई से वाराणसी ट्रेन से पहुंचा था। वहां से रोडवेज बस द्वारा जौनपुर आया और फिर टेम्पो से गांव पचोरा के लिए निकला था। जैसे ही टेम्पो बलुआघाट स्थित रिवरव्यू होटल के पास पहुंचा, सामने से तेज रफ्तार में आ रही अर्टिका कार ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद टेम्पो सीधे गहरी खाई में जा गिरा और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया और एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां इलाज जारी है। तीन घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद अर्टिका चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर मामला दर्ज कर लिया है और फरार चालक की तलाश जारी है।

आतंकवाद का समूल नाश किया जाय : विहिप

जौनपुर। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को हिला कर रख दिया है, इस कृत्य का विरोध करते हुए विश्व हिन्दू परिषद् एवम् बजरंग दल ने आक्रोश रैली कर आतंकवाद एवं पाकिस्तान का पुतलादहन किया। इस क्रम में कार्यकर्ता एवं हिन्दू जनमानस के साथ सद्भावना पुल के दुर्गा जी मंदिर पर इकट्ठा हुए वहां से जलूस के रूप में सद्भावना होते हुए चहारसू चौराहे पर पहुंच कर पुतला दहन कर सभा की। विहिप के विभाग मंत्री समरबहादुर सिंह ने बताया कि इस हमले में 26 पर्यटकों की मौत हो गई थी, हमले की जिम्मेदारी द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली है, जो लश्कर-ए-तैयबा की एक शाखा है। उक्त अवसर पर विभाग अध्यक्ष उदयराज सिंह, बजरंग दल आशुतोष, विजय सिंह, मंत्री सुनील मौर्या, सत्येंद्र, गणेश मोदनवाल, शिवम् अग्रहरि, आनन्द उपाध्याय, आशीष मिश्रा, सुनील शर्मा, कुबेर कुशवाहा, कमलापति त्रिपाठी, रामबाबा, उमेश शर्मा, शिवम् मिश्रा, विजय विश्वकर्मा आदि अनेक कार्यकर्ता एवं जनमानस उपस्थित रहे।

शत-प्रतिशत रहा हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट का परीक्षाफल

जौनपुर। हरिहर सिंह पब्लिक स्कूल उमरपुर का हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। हाईस्कूल-2025 की परीक्षा में स्नेहा यादव ने 86.8 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्तिकेय तिवारी ने 86.5 प्रतिशत प्राप्त कर दूसरा स्थान तथा सुमित यादव ने 85.83 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इण्टरमीडिएट-2025 की परीक्षा में अवनीश पटेल ने 85.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उत्सव सिंह ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान एवं कोमल यादव ने 83.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

जनपद में सर्वोत्कृष्ट परीक्षाफल के लिए प्रसिद्ध हरिहर सिंह पब्लिक स्कूल में इण्टरमीडिएट और हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं ने अपनी गरिमापूर्ण स्थिति बनाये रखते हुए शानदार उपलब्धि द्वारा जनपद में अपना विशिष्ट स्थान बनाया है साथ ही विद्यालय एवं गुरूजनों की गरिमा को भी सम्मानित किया है। प्रबंधक डा. ओम प्रकाश सिंह, उपप्रबंधिका मधुलिका सिंह, प्रधानाचार्या छाया सिंह, श्रीमती डा. वन्दना सिंह, अमित प्रकाश सिंह, पवन प्रकाश सिंह, जगदीश सिंह, दिनेश दूबे, अरूण श्रीवास्तव, प्रभा सिंह, कुसुम पाण्डेय, मीरा श्रीवास्तव, रजत बिश्वास, नितिन सिंह इत्यादि ने इन बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

25 मई तक जमा करें आवेदन

जौनपुर। जिला समाज कल्याण अधिकारी नीरज पटेल ने अवगत कराया है कि जुलाई 2025 के प्रथम सप्ताह से मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना हेतु यूपीएससी/ यूपीपीएससी (सिविल सर्विसेज), एसएससी/ एनडीए/ सीडीएस, जेईई व नीट की प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु ऑफलाइन/ ऑनलाइन क्लासेज पढ़ाने के लिए सरकारी, गैर सरकारी फैक्लटी से आवेदन आंमत्रित है। इच्छुक अध्यापकगण अपनी-अपनी शैक्षिक योग्यता और अनुभव यथा अपनी कार्य योजना के साथ अपना सीवी कोर्स को-आर्डिनेटर अमित कुमार श्रीवास्तव मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, विकास भवन, में प्रथम तल कमरा नं0 115 में 25 से 25 मई तक जमा कर सकते हैं। व्याख्यान के लिये आमंत्रित किये जाने वाले चयनित विषय-विशेषज्ञों, वार्ताकारों तथा व्याख्यातओं को प्रति टॉपिक दर रूपये 2000 अथवा कार्मिक विभाग द्वारा समय-समय पर निर्गत शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप मानदेय का भुगतान किया जायेगा। एक व्याख्यान की अवधि 90 मिनट होगी।

सर्वोत्तम रहा नेहरू बालोद्यान का परीक्षाफल

विद्यालय की संचालिका डा. चंद्रकला सिंह के साथ खुशी का इजहार करते होनहार।

अंकित पटेल, आर्यन यादव, दिवेश निषाद, कुमार जायसवाल, नितेश गुप्ता, स्वतंत्र यादव, स्वातिका चौधरी, स्वपनिल यादव, सौरभ साहू, प्रतीका यादव

जौनपुर। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी नेहरू बालोद्यान इंटर कालेज वन बिहार रोड कन्हईपुर का हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट का परीक्षाफल सर्वोत्तम रहा। परीक्षाफल में इंटरमीडिएट के छात्र स्वतंत्र यादव ने 87,2 एवं हाईस्कूल के छात्र आर्यन यादव ने सर्वोच्च 89,16 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। इंटर में 45 एवं हाईस्कूल में 50 छात्र सम्मान सहित (75 प्रतिशत से अधिक) उत्तीर्ण हुए है। बताते चलें कि जनपद में सर्वोत्कृष्ट परीक्षाफल के लिए प्रसिद्ध नेहरू बालोद्यान इंटर कालेज के इंटरमीडिएट एवं हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं ने अपनी गरिमापूर्ण स्थिति बनाए रखते हुए शानदार उपलब्धि द्वारा जनपद में अपना विशिष्ट स्थान बनाया है, साथ ही गुरूजनों की गरिमा को भी सम्मानित किया है।

प्रबंधक डा0 सीडी सिंह, संचालिका डा0 चन्द्रकला सिंह सहित समस्त अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने होनहारों का मुंह मीठा कराते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया है। उत्कृष्ट अंक अर्जित करने वाले छात्र-छात्राओं पर अगर एक नजर डाली जाए तो इंटरमीडिएट की परीक्षा में स्वतंत्र यादव 87,2, नितेश गुप्ता 85, कुनाल जायसवाल 84,2, अंकित पटेल 84,2, ज्ञान कुमार यादव 84, निखिल यादव 82,2, अमित यादव 80,6, प्रिंस कुमार यादव 80,6 एवं सचिन यादव 80,2 तथा हाईस्कूल की परीक्षा में आर्यन यादव 89,16, स्वातिस्का चौधरी 88,33, प्रतीक कुमार यादव 87,5, दिवेश कुमार निषाद 86,66, सौरभ कुमार साहू 86,66, सोनाली यादव 86,16, उत्कर्ष मौर्य 85,83, अंजुलिका 85,16, अंकुश यादव 85 व नितेश यादव ने 84,83 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का नाम जनपद ही नहीं पूरे प्रदेश में रौशन किया है।

तरुणमित्र

शनिवार, 26 अप्रैल 2025

संवत- 2082, वैशाख कृष्ण पक्ष.- 13

पाक की नापाक हरकतें

जैसी कि उम्मीद थी, पहलगाम आतंकी हमले पर गुरुवार को हुई सर्वदलीय बैठक में भारतीय राजनीति का वह रूप दिखा, जिसकी जरूरत थी। सभी दलों ने एक स्वर में सरकार से कहा कि आतंक को मुंहतोड़ और निर्णायक जवाब देने के लिए जो भी जरूरी हो, किया जाए। इससे पहले जम्मू-कश्मीर, खासकर घाटी में जिस तरह से आम लोगों ने सड़कों पर निकलकर इस आतंकवादी हमले की भर्त्सना की, वह पूरी दुनिया के लिए स्पष्ट संदेश है। इस बीच पाकिस्तान ने शिमला समझौता समेत तमाम समझौते स्थगित करने और पानी रोकने जाने को युद्ध का ऐलान मानने जैसी घोषणाएं करके यह दिखाने की कोशिश की है कि वह भी भारत के कदमों का मुकाबला करने में सक्षम है। बेहतर होता कि हमले के पीछे जिस आतंकवादी संगठन का हाथ है, वह उसके खिलाफ कार्रवाई करता।

आखिर, पाकिस्तान खुद आतंकवाद से पीड़ित रहा है और वह जब तब इसकी दुहाई देता आया है। आतंकवादी हमले की घटना के बाद केंद्र सरकार ने जिस तरह से रिएक्ट किया, उससे साफ हो गया कि देश अब ऐसे हमलों को बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है। गुरुवार को भारत ने अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, जापान, चीन जैसे तमाम प्रमुख देशों के राजदूतों को घटना का पूरा ब्यौरा दिया और इससे जुड़े तमाम साक्ष्य उनके साथ साझा किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को फिर से यह बात दोहराई कि पुलवामा के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच वायुसेना ने रफाल और सुखोई-30 ने आक्रमण अभ्यास भी किया।

सिंधु जल समझौते को स्थगित करने की घोषणा ने पाकिस्तान को सबसे ज्यादा चिंतित किया है। यह बहुत बड़ी घोषणा है और इसके निहितार्थ दूर तक जाते हैं। लेकिन भारत का मकसद भी यही है कि सब इस तथ्य को अच्छी तरह समझ लें कि ऐसे हमलों को रोकने के लिए वह किसी भी हद तक जा सकता है। आखिर, दशकों से सीमापार आतंकवाद को बंद करने की भारत की अपील को पाकिस्तान अनदेखा करता आया है। दरअसल में, पाकिस्तान में आतंक के ढांचे को नेस्तनाबूद करने के खातिर निरंतर प्रयासों की जरूरत है। पाकिस्तान को अहसास दिलाना होगा कि आतंक को संरक्षण देने की नीति कहीं की नहीं छोड़ेगी।

...आज का दिन...

मेष- प्रतिकूलता से अशांति, स्वास्थ्य में व्यतिक्रम, प्रियजनों से मतभेद, आलस्य से हानि, व्यवहार में जरा सी लापरवाही नुकसानदायक, मानसिक तनाव, यात्रा में परेशानी।

वृषभ- स्वास्थ्य सुधार पर, जिम्मेदारियों को निभाने में अधिक व्यय, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, धन संचय में प्रवृत्ति, राजकीय पक्ष से सहयोग, आर्थिक प्रगति, धर्म में आस्था।

मिथुन- विविध पक्षों में अनुकूलता, जीवन में उपलब्धि, मनो-विनोद के साधन सुलभ, अपने स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय, शत्रु परास्त, धर्म-अध्यात्म में रुचि।

कर्क- व्यापार में विस्तार, अधिकारियों से सहयोग, आय के स्रोत, मित्रों से गलतफहमी दूर होने को, परिश्रम के अनुरूप सफलता, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, लाभ भी।

सिंह- विशेष परिश्रम के बावजूद आंशिक सफलता, वैवाहिक जीवन में मतभेद, सह-योगियों से विवाद की आशंका, नवीन समस्याएँ उत्पन्न, सोचे हुए कार्य अधूरे।

कन्या- स्वास्थ्य सुधार पर, कुछेक समस्याओं का समाधान, नव उत्तरदायित्व का निर्वाह, वाद-विवाद का समापन, पारिवारिक वातावरण मनोनुकूल, धार्मिक स्थलों की यात्रा।

तुला- परिस्थितियाँ भाग्य के पक्ष में, कुछेक समस्याएँ सुलझने की ओर, सुसंदेश की प्राप्ति, सामाजिक कृत्यों में रुचि, मनोरंजन की ओर प्रवृत्ति, नूतन पदाधिकार की प्राप्ति।

वृश्चिक- समय शुभ,कार्य-व्यवसाय में अनुकूलता, व्यक्तित्व का विकास, भौतिक सुख के साधन सुलभ, स्थान-परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, मेल-मिलाप में रुचि।

धनु- योजना अधूरी, संकल्प-विकल्प से सफलता में शंका, स्पष्टवादिता घातक, अधीनस्थ सहयोगियों से तनाव, विचारों में उग्रता, वाद-विवाद से कष्ट, हानि संभव।

मकर- वाक्पटुता से कार्यों में सफलता, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु व्यय, मनो-विनोद के सुअवसर प्राप्त, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, परोपकार में प्रवृत्ति, यात्रा का प्रसंग।

कुम्भ- व्यक्तिगत समस्या का समाधान, शिक्षा एवं प्रतियोगिता में सफलता, प्रतिष्ठा में वृद्धि, सामाजिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, शत्रु हानि पहुँचाने में विफल।

मीन- ग्रहयोग बेहतर, मित्रों से अपेक्षित सहयोग, व्यापारिक क्षेत्र में प्रगति का सिलसिला, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, समस्याएँ सुलझने की ओर, यात्रा का प्रसंग।

-: श्री विमल जैन :-

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद् एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, आकांक्षा हास्पिटल के निकट, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002 (उ0प्र0)- मो0:-09335414722

सिख समाज ने की आतंकवादी हमले की निंदा, कड़ी कार्रवाई की मांग

डीडीयू नगर चंदौली। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मुगलसराय के लोगों में भी शोक की लहर है। इसी संदर्भ मे आज बृहस्पतिवार को मुगलसराय गुरुद्वारा मे गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी एवं चढदीकला कार सेवा संस्था एवं सिक्ख समुदाय द्वारा शाम के दिवान के बाद मृतकों को नम आंखों से कंडल जला कर गुरुद्वारे मे शाम को पूजन अर्चन के बाद शब्द कीर्तन के साथ ही मृतकों की आत्मा की शांति हेतु सामूहिक अरदास की गई और गुरु महाराज से परिजनों की शक्ति प्रदान की प्रार्थना की गई। इस दौरान लोगों ने ने कहा कि घूमने आए सैलानियों के परिजनों को गुरु महाराज आत्म बल देने की शक्ति प्रदान करें जिससे वह इस अपार पीड़ा को सहन कर सके। आतंकियों द्वारा इस हमले की घोर नींदा की गयी।

समाज के लोगों ने यह कहा कि यह कायरता का काम है पीठ पीछे किसी मजलुमो पर जोकि अपने परिजनों के साथ घूमने आए उनकी हत्या करना यह दर्शाता है कि आतंकी हताश हो चुके हैं। जिन्होंने कायरता का काम किया जिससे निर्दोष पर्यटकों की जान गई गुरु महाराज इन्हें कभी माफ नहीं करेंगे।

किसी भी कीमत पर बख्शे नहीं जाएंगे आतंकवादी

पहलगांव हमले के जख्मों के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बिहार दौरा सारे देश में चर्चित हो रहा है। जब पूरे देश से आतंकवादियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग उठ रही है, तब प्रधानमंत्री पर इस दौरे से राजनीतिक लाभ लेने के आरोप भी लगने लगे हैं। बिहार के मधुबनी के झंझारपुर की लोहना पंचायत में 'पंचायती राज दिवस' पर आयोजित आम सभा को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने आतंकियों को यह कहकर 'मिट्टी में मिलाने' की धमकी दी कि 'उन्होंने सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं वरन भारत पर हमला किया है।' प्रधानमंत्री ने कहा -22 अप्रैल को, जम्मू कश्मीर के पहलगाम में, आतंकियों ने मासूम देशवासियों को जिस बेरहमी से मारा है, उससे पूरा देश व्यथित है, कोटि-कोटि देशवासी दुखी है। सभी पीड़ित परिवारों के इस दुख में पूरा देश उनके साथ खड़ा है। जिन परिवारजनों का अभी इलाज चल रहा है, वे जल्द स्वस्थ हों, इसके लिए भी सरकार हर प्रयास कर रही है। इस आतंकी हमले में किसी ने अपना बेटा खोया, किसी ने अपना भाई खोया, किसी ने अपना जीवन-साथी खोया है। उनमें से कोई बांग्ला बोलता था, कोई कन्नड़ा बोलता था, कोई मराठी था, कोई ओड़िया था, कोई गुजराती था, कोई यहां बिहार का लाल था। आज उन सभी की मृत्यु पर करगिल से कन्याकुमारी तक हमारा दुख एक जैसा है, हमारा आक्रोश एक जैसा है। ये हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है, देश के दुश्मनों ने भारत की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस किया है।

मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं, जिन्होंने ये हमला किया है, उन आतंकियों को, और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी, सजा मिल करके रहेगी। अब आतंकियों की बची-खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। 140 करोड़ भारतीयों की इच्छा-शक्ति अब आतंक के आकाओं की कमर तोड़कर रहेगी। इस राज्य में इसी साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं इसलिये मोदी की इस सभा को चुनाव प्रचार का आगाज भी माना जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस सभा से बिहार की 13,480 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने बिहार के मधुबनी में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली पंचायतों को मान्यता प्रदान करते हुए राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार भी प्रदान किए। वहीं प्रधानमंत्री ने बिहार के गोपालगंज जिले के हथुआ में लगभग 340 करोड़ रुपये की लागत से रेल अनलोडिंग सुविधा वाले एलपीजी बॉटलिंग प्लांट की आधारशिला रखी। इससे आपूर्ति श्रृंखला को सुव्यवस्थित करने और थोक एलपीजी परिवहन की दक्षता में सुधार करने में मदद मिलेगी। क्षेत्र में बिजली की आधारभूत संरचना को बढ़ावा देते हुए प्रधानमंत्री ने 1,170 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला रखी और पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना के तहत बिहार में बिजली क्षेत्र में 5,030 करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया। देश भर में रेल संपर्क बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप प्रधानमंत्री ने सहरसा और मुंबई के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस, जयनगर और पटना के बीच नमो भारत रैपिड रेल और पिपरा और सहरसा तथा सहरसा और समस्तीपुर के बीच ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने सुपौल पिपरा रेल लाइन, हसनपुर बिथान रेल लाइन और छपरा और बगहा में 2-लेन वाले दो रेल ओवर ब्रिज का भी उद्घाटन किया। उन्होंने खगड़िया-अलौली रेल लाइन को राष्ट्र को समर्पित किया। दावा है कि इन परियोजनाओं से संपर्क में सुधार होगा और क्षेत्र का समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास होगा। प्रधानमंत्री ने दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) के अंतर्गत बिहार के 2 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों को सामुदायिक निवेश निधि के अंतर्गत लगभग 930 करोड़ रुपये का लाभ वितरित किया। प्रधानमंत्री ने पीएमएवाई-ग्रामीण के 15 लाख नए लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र सौंपे और देश भर के 10 लाख पीएमएवाई-जी लाभार्थियों को किस्तें जारी कीं। उन्होंने बिहार में 1 लाख पीएमएवाई-जी और 54,000 पीएमएवाई-यू घरों में गृह प्रवेश के अवसर पर कुछ लाभार्थियों को चाबियां भी सौंपीं। बेशक यह सभा विकास कार्यों के शिलान्यास-उद्घाटन के लिये आयोजित की गयी थी और पहले से तय थी परन्तु पहलगाम हादसे के बाद भी इसे रद्द न करने से बात साफ हो गयी थी कि प्रधानमंत्री इस मंच से जनता के सामने अपनी बात रखेगें। सऊदी अरब का दौरा बीच में छोड़कर लौटे प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली हवाईअड्डे पर ही बैठक की और पाकिस्तान के खिलाफ कई फैसले लिये लेकिन इसे लेकर न तो कोई अधिकृत बयान दिया, न ही कोई जनता को संदेश। सोशल मीडिया में बुधवार से ही यह बात घूमने लगी थी कि 'प्रधानमंत्री पाकिस्तान को कड़ा संदेश बिहार की धरती से देंगे।' यह सचमुच आश्चर्यजनक था कि अंतरराष्ट्रीय महत्व की इस बड़ी घटना के बारे में कुछ कहने के लिये उन्होंने देश की राजधानी दिल्ली को नहीं चुना, न ही संसद में या सर्वदलीय बैठक में चेतावनी देना पसंद किया।

जबकि रेडियो- टीवी पर वे देशवासियों को सम्बोधित कर सकते थे। इन अनुमानों को मोदीजी ने गलत साबित नहीं होने दिया। सभा में उन्होंने आतंकियों के हाथों मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिये सभी से दो मिनट का मौन धारण कराया तथा उनके परिजनों को यह कहकर सांत्वना दी कि 'देश उनके साथ है।' फिर इस घटना का ज़िक्र करते हुए आतंकियों को चेतावनी दी कि 'उनकी बची-खुची ज़मीन भी ख़त्म कर दी जायेगी।' उन्होंने ऐलान किया कि 'अब उन्हें मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। जिन आतंकियों ने देश की आत्मा को चोट पहुंचाई है उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा।' देश भर से इस घटना को लेकर समर्थन मांगने की कोशिश में मोदीजी ने इस बात को रेखांकित किया कि 'हमले में किसी ने बेटा खोया, तो किसी ने भाई। किसी ने अपना जीवन साथी खोया है। उनमें कोई बांग्ला बोलता था, कोई कन्नड़ बोलता था, कोई मराठी था, कोई ओड़िया था, कोई गुजराती था तो कोई यहां बिहार का लाल था।' भावुकता की रौ में बहे मोदीजी दुख और गुस्सा दोनों का इज़हार करते नज़र आये। उन्होंने कहा कि 'पहलगाम में आतंकियों ने मासूम लोगों को जिस बेरहमी से मारा है उससे करोड़ों देशवासी दुखी हैं। सभी पीड़ित परिवारों के इस दुख में पूरा देश उनके साथ है। उन्होंने कहा-'मैं बिहार की धरती से पूरी दुनिया को कहना चाहता हूं कि भारत सभी आतंकियों की पहचान कर उन्हें सजा देगी। इस तरह के हमले से आतंकी देश के मनोबल को नहीं तोड़ सकेंगे। आतंकी हमले के बाद अब न्याय दिलाने के लिए भारत सब कुछ करेगा। जो लोग मानवता में विश्वास करते हैं वे हमारे साथ हैं। मोदीजी ने आतंकी घटना के लिये सीधे-सीधे पाकिस्तान का नाम तो नहीं लिया लेकिन यह ज़रूर कहा कि '140 करोड़ भारतीयों की इच्छा शक्ति 'आतंक के आकाओं' की कमर तोड़ देगी।' फिर भी, उनकी रैली में 'पाकिस्तान मुर्दाबाद' के नारे लगाए गए जो इस बात का इशारा है कि हमलावरों का मददगार कौन है या कम से कम किसे समझा जा रहा है। मधुबनी की सभा से यह संकेत निकला है कि भारतीय जनता पार्टी को बिहार चुनाव के लिये एक मुद्दा मिल गया है। भाजपा प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा, प्रधानमंत्री ने आज बिहार से एक कड़ा संदेश दिया है। सुरक्षा मामलों की कैबिनेट कमेटी ने सख्त कदम उठाया है। उन्होंने पाकिस्तान की पानी तक पहुंच बंद कर दी है। पाकिस्तान अब प्यासा रहेगा और परेशान रहेगा, जिस तरह से उन्होंने हमारे लोगों के साथ खूनी खेल खेला है। उसी तरह हम पाकिस्तानियों को पानी न देकर उन्हें तड़पाएंगे। सीमा सील कर दी गई है और पाकिस्तानियों को भारत छोड़ने के लिए कहा गया है। आज बिहार से जो बात निकली है, वो दूर तक जाएगी।

शहनवाज ने आगे कहा कि, प्रधानमंत्री ने साफ कहा है कि ऐसी सजा देंगे, जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की होगी। साथ ही आतंकवादियों को नेस्तनाबूद किया जाएगा और प्रधानमंत्री मोदी ने अपने बयान से इस बात को साफ कर दिया है। कश्मीर आतंकी हमले को भारतीय मुसलमानों से जोड़ना एक गंभीर साजिश है। पहलगाम में जिन्होंने ये हमला किया है, वो पाकिस्तानी थे और भारत के अंदर 140 करोड़ देशवासी इस हमले के खिलाफ एकजुट होकर खड़े हैं। पाकिस्तान ने संदेश दिया कि वो हमें धर्म के नाम पर बांट देगा, लेकिन मैं बता देना चाहता हूं कि हम धर्म के नाम पर न बंटे हैं और न बंटेंगे। शहनवाज हुसैन ने कहा, हमारी पूजा पद्धति भले ही अलग-अलग हो, लेकिन हम सभी एक साथ खड़े हैं। वहीं बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने पहलगाम आतंकी हमले में इंटेलिजेंस को असफल बताया। उन्होंने सरकार से सवाल पूछा कि पहलगाम हाई सिक्योरिटी जोन में है और अगर हाई सिक्योरिटी जोन में आतंकवादी 20 मिनट रहते हैं तो पर्यटकों की सुरक्षा का इंतजाम क्यों नहीं किए गए? वह हाई सिक्योरिटी जोन है। अब तक कई आतंकी घटनाएं हुई हैं, कई लोगों की जानें गई हैं, इस लापरवाही की जिम्मेदारी कौन लेगा उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि देश की सभी विपक्षी पार्टियों के खिलाफ जांच एजेंसियां लगाई जाती हैं, इन आतंकियों के खिलाफ कोई एजेंसी क्यों नहीं लगती? इंटेलिजेंस फेल है। इस बड़ी लापरवाही की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। सरहद पार से आतंकी आ रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में आतंकियों ने बिहार के श्रमिकों की हत्या की, उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? सरहद पार से आतंकी देश में आ रहे हैं, यह देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है और बहुत बड़ा सिक्योरिटी लैप्स है। तेजस्वी यादव ने कहा कि पहलगाम की घटना को लेकर भाजपा और कुछ मीडिया संस्थानों द्वारा सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश की जा रही है, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से देश, लोकतंत्र और मानवता के लिए घातक है, जिसकी महागठबंधन निंदा करता है। कुल मिलाकर बिहार में पहलगाम चुनावी मुद्दा तो बनाया जा रहा है लेकिन प्रश्न यही है कि क्या यह मुद्दा बिहार में छह महीने तक जीवित रहेगा और इससे भी बड़ा प्रश्न यह है कि क्या पहलगाम के पीड़ितों को न्याय मिल पाएगा और क्रूरतम आतंकवाद की ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति अब नहीं होगी?



(कुमार कृष्णन-विनायक फीचर्स)

महिला उत्थान और टूटते बिखरते परिवार

प्राचीन काल से समूचे विश्व में ही पुरुष सत्तात्मक समाज का चलन रहा है। विश्व में जो देश विकसित होते गए वहां महिलाओं को बराबरी का दर्जा दिया जाने लगा, उनके साथ भेदभाव काफी हद तक समाप्त कर दिया गया, परन्तु भारतीय समाज में विदेशी गुलामी के कारण कुछ अधिक ही (हजारों वर्षों तक) महिला समाज का शोषण किया जाता रहा है। अर्थात महिला को समाज में दोयम दर्जा दिया जाता रहा है, और महिलाओं के साथ हर क्षेत्र में भेदभाव पूर्ण व्यव्हार किया जाता रहा है। आजादी के पश्चात् देश के नवनिर्मित संविधान में महिलाओं को पूर्ण सम्मान और पुरुषों के समान अधिकार प्रदान किये गए, उन्हें शिक्षा का अधिकार ही नहीं बल्कि महिला शिक्षा को प्राथमिकता देने का प्रावधान किया गया। महिला समाज के लिए अभिशप्त अनेक कुरीतियों को हटाने के लिए कानून बनाने की व्यवस्था की गयी। तत्पश्चात सरकारी स्तर पर महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक कानून बनाये, उन्हें दहेज उत्पीडन, दहेज प्रथा, विधवा विवाह, बाल विवाह जैसे अनेक प्रचलित कुप्रथाओं के उन्मूलन के लिए पर्याप्त कानून प्रदान किये गए। महिला सुरक्षा के लिए भी कानूनी संरक्षण दिया गया। महिला समाज में जागृति पैदा करने के लिए अनेक महिला संगठनों का गठन हुआ। परिणाम स्वरूप आज महिलाओं को शोषण से मुक्ति मिली उन्हें अपने उत्थान के अभूतपूर्व अवसर प्राप्त हुए। यद्यपि कई क्षेत्रों में अभी भी काफी कार्य होना बाकी है। विशेषकर देहाती क्षेत्रों में शिक्षा और महिलाओं के प्रति पुरुषों की सोच में विशेष बदलाव देखने को नहीं मिला। विकास के दौर में जैसे जैसे इन्सान की महत्वाकांक्षाएं बढती गयी देहातों में परम्परागत कृषि उद्योग, या व्यापार से गुजारा मुश्किल होता गया। युवा अपने रोजगार की तलाश में शहरों की ओर पलायन करने लगे और देश में संयुक्त परिवार टूटने लगे और आज संयुक्त परिवार बहुत ही सीमित हो चुके हैं। आधुनिक विकास और बढती आबादी को इसका जिम्मेदार माना जा सकता है। दूसरी ओर महिलाएं भी सामाजिक प्रतिष्ठा प्राप्त करने के लिए आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होकर उभर रही हैं। आज महिलाएं जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में पुरुषों के कंधे से कन्धा मिला चलने में सक्षम हो रही है। महिलाओं ने रिक्शा, टैक्सी और ट्रेन चलाने से लेकर वायु यान उड़ाने तक और शिक्षा से लेकर देश की सेना, पुलिस जैसे कष्टसाध्य कार्यों में भी अपनी योग्यता दिखाई है। देश के सर्वोच्च पदों अर्थात राष्ट्रपति, प्रधान मंत्री या न्यायाधीश जैसे अति सम्मानित पदों को सुशोभित किया है। देश और समाज के लिए गर्व की बात है कि देश की आधी आबादी (महिला समाज) देश की उन्नति में बराबर का योगदान कर रही है। हजारों वर्षों से चला आ रहा नारी शोषण धीरे धीरे घट रहा है। यद्यपि अभी भी पुरुष मानसिकता में पर्याप्त बदलाव लाने की आवश्यकता है। उन्हें महिलाओं को सम्मान देना ही होगा, उनके प्रति अपनी दुराचार की प्रवृति से मुक्त होना होगा। उन्हें भोग विलास की वस्तु समझने की प्रवृति को त्यागना होगा, अन्यथा उनके लिए आगामी जीवन असहज होने वाला है। महिलाओं का उत्थान सभ्य मानव समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है, परन्तु महिलाओं के उत्थान के परिणाम स्वरूप संयुक्त परिवार से बिखर कर बने एकाकी परिवार भी टूटने के कगार पर आने लगे हैं। महिलाओं में व्याप्त पुरुषों से संघर्ष की प्रवृति के कारण पति पत्नी में आपसी सामंजस्य का अभाव होने लगा है। पति और पत्नी दोनों अपने कार्यों में व्यस्त रहने के कारण बच्चों को माता पिता का स्नेह, उनका सानिध्य मिलना दुष्कर होता जा रहा है। अब बच्चों को भावनात्मक सहयोग उनके सहपाठियों से प्राप्त होता है। अत: अब वे अपने मित्रों के प्रति अधिक लगाव रखते हैं और माता पिता को सिर्फ आर्थिक संरक्षण का स्रोत मानते हैं। माता पिता आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने के कारण उनमें आपस में प्रति दिन मनमुटाव भी सामने आता है, जिससे घर के बच्चे प्रभावित होते हैं। कभी कभी तो माता पिता की जंग तलाक तक पहुँच जाती है और बच्चों का भविष्य अधर में लटक जाता है। तलाक की स्थिति आने पर बच्चे को माता या पिता किसी एक का ही प्यार मिल पाता है। जिससे बच्चे के विकास पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। बच्चे में असुरक्षा का भाव पैदा हो जाता है और वह अपने लक्ष्य प्राप्त कर पाने में पीछे रह जाता है। इस प्रकार से एकाकी परिवार भी विघटन की ओर अग्रसर है। उक्त लेख से मेरा तात्पर्य यह कदापि नहीं है कि महिलाओं को आर्थिक आत्मनिर्भरता के अवसरों को त्याग देना चाहिए या उन्हें विकसित होने का अवसर प्राप्त नहीं होना चाहिए। मेरे विचार से परिवार को, परिवार की गरिमा को एवं परिवार के बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए आपसी सामंजस्य के अधिकतम प्रयास करते रहना चाहिए। बच्चों के चरित्र निर्माण की जिम्मेदारी जो कभी घर के बुजुर्गों को हुआ करती थी, अब घर में माता पिता पर ही बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास की जिम्मेदारी है। अपने बच्चों को अच्छा नागरिक बनाना आपका कर्तव्य है। उनके लिए सिर्फ धन उपलब्ध करा देने से आपकी जिम्मेदारी पूर्ण नहीं होती। इस पावन कर्तव्य के समक्ष अपने कैरियर को दूसरे स्थान पर रखना होगा। अत: जब तक बच्चे समझदार न हो जाएँ माता या पिता में किसी एक को अपने कैरियर को अल्प विराम देना होगा ताकि बच्चे को विकास के लिए समुचित वातावरण मिल सके और वह समाज का अच्छा नागरिक बन सके। यदि बच्चों का चारित्रिक विकास उचित दिशा में नहीं होता है, तो भावी नौजवान नशेबाज या अपराधिक प्रवृति के साथ देश की कानून व्यवस्था की चुनौती बन कर उभरेंगे और देश के विकास में बाधक बनेंगे, जिसके लिए आपको ही जिम्मेदार माना जायेगा और आपका अपना भविष्य भी प्रभावित हुए बिना नहीं रह पायेगा।

(सत्यशील अग्रवाल-विनायक फीचर्स)

चंदौली

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गेंहूँ खरीद की समीक्षा बैठक सम्पन्न

चंदौली। जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग की अध्यक्षता में गेंहूँ खरीद की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। समीक्षा के दौरान पीसी एफ पी0सी0यू0 तथा यू0पी0एस0एस0, नैफेड, एन0सी0सी0एफ0 की स्थिति अत्यन्त खराब पायी गयी, जिसके लिये समस्त जिला प्रभारी को तीन दिन में गेंहूँ क्रय का प्रतिशत बढ़ाने के कड़े निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि गेंहूँ के अवैध संचरण को रोके जाने हेतु तहसील स्तर पर गठित कमेटी पुलिस बल के साथ सघन जॉच कर कार्यवाही सुनिश्चित करें। इसी तरह (ककरैत/नौबतपुर/धरौली/इलिया) बार्डर सीमा पर सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता /उपजिलाधिकारी/ ए0डी0ओ0 / ए0डी0सी0ओ0 / मण्डी सचिव के साथ पुलिस बल लगाकर गेंहूँ के अवैध संचरण की सघन जाँच करते हुवे आवश्यक कार्यवाही करे। जिलाधिकारी ने कहा कि जितने भी अवैध भण्डारण हेतु फ्लोर मिल / गोदाम तथा राइस मिल है उनकी सघन जॉच करते हुवे आगे की कार्यवाही करे। उन्होंने आई0टी0सी0चौपाल सागर द्वारा जिन एफ0पी0ओ0 / संस्था के माध्यम से गेंहूँ क्रय किया जा रहा है उन एफ0पी0ओ0/ संस्था के समस्त अभिलेख जाँच कर आख्या प्रेषित करने हेतु मण्डी सचिव को निर्देश दिये ताकि मण्डी शुल्क की हानि से बचा जा सके। साथ ही समस्त केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि किसानों से बेहतर तालमेल बनाते हुवे सम्पर्क बनाये रखे। साथ ही गेंहूँ क्रय हेतु कृषकों को प्रोत्साहित किये जाने हेतु जो भी किसान गेंहूँ विक्रय किये हैं उन्हें आगामी धान खरीद में उन केन्द्र हेतु प्रारम्भिक टोकन हेतु क्रमानुसार आरक्षित किया जाये।

सड़क किनारे गिट्टी व बालू बेचने वालों पर दर्ज मुकदमा

डीडीयू नगर चंदौली। मुगलसराय का जाम व अतिक्रमण अधिकारियों के लिए सिरदर्द बना हुआ है। वही आम जनमानस के लिए मुसीबत है। आये दिन घंटो जाम कि स्थिति लोग झेल रहे है। सड़क किनारे ठेला खुमचा लगाने वालों के साथ ही गिट्टी मटेरियल के दुकानदार आधा सड़क गिट्टी गिराकर यहीं से अपने रोजगार कर रहे है। जाम से मुक्ति न दिला पाने में पुलिस अधीक्षक ने गुरुवार को यातायात निरीक्षक को हटा कर जनसुनवाई कार्यालय से संबद्ध कर दिए। उधर नवागत जिलाधिकारी चन्द्रमोहन गर्ग ने भी मामले को गंभीरता से लिया है। चंद दिनों पहले मुगलसराय का चार्ज लेने वाले एसडीएम अनुपम मिश्रा भी एक्शन मोड़ में है। कई शताब्दी से जीटी रोड़ पर स्थित काली मंदिर भी हटाने के लिए सहमति बनवा लिए। इसके साथ ही मंदिर का निर्माण कार्य भी प्रारम्भ हो गया। गुरुवार को पूरे दिन बुलडोजर साथ लेकर टहल रहे एसडीएम चर्चा में आ गए। कारण कि एक के बाद एक कार्यवाही कराया। नगर में सड़क किनारे गिट्टी बालू गिराकर बेचने वालों खनन अधिकारी के साथ मिलकर अवैध भंडारण पर मुकदमा दर्ज कराया। गुरुवार को सड़क किनारे गिट्टी बालू गिराने वालों पर एक्शन मोड़ में आये एसडीएम साहब का काफिला काश! कुछ आगे बढ़ गया होता तो आम जनमानस राहत महसूस करता। सरकार भले ही 6 लेन कि सड़क पड़ाव से मुगलसराय तक बना रही है लेकिन चंदासी मंडी में अवैध पार्किंग ने इस सड़क को अपने कब्जे में ले लिया है। आज भी केवल एक गाड़ी ही आ जा सकती है। 6 लेन वाले इस सड़क पर अवैध रूप से कोयला के ट्रक दोनों तरफ कि बात तो छोड़िये डिवाइडर पर चढ़ा कर खड़ा कर देते है। लेकिन आज तक यातायात विभाग कोई कार्यवाही नहीं किया। सूत्रों कि माने तो इस अवैध स्टैंड विभाग के लिए आमदनी का अच्छा खासा श्रोत है।

राजस्व की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न

चंदौली। मुख्यमंत्री डैश बोर्ड/ विकास कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सभी विभागों की विस्तार से चर्चा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए। सीएम डैशबोर्ड बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड की प्रदर्शित पैरामीटर्स पर समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिन विभागों द्वारा पैरामीटर पर अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा जिसपर उन्होंने ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा आप सभी लोग अपने कार्यशैली में सुधार लाते हुवे ईमानदारी और कड़ी मेहनत के साथ टिम भावना से कार्य करते हुवे अपेक्षित प्रगति प्राप्त करे। उन्होंने गर्मी के मौसम को मद्देनजर विद्युत विभाग के अधिकारी निर्देशित करते हुवे कहा कि अभी आगे और गर्मी पड़ने वाली है जिसको ध्यान में रखकर जहां कही तार गड़बड़ हो या किसी और तरह की समस्याएं हो उन्हें अभी ठीक करा ले ताकि आगे जनपदवासियों को बिजली संबंधित किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रतिदिन पांच-पांच शिकायकर्ताओं से बात करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा आप लोग जिन पांच-पांच शिकायत कर्ता से बात करेंगे उनमें मैं खुद किन्हीं दो लोगों से बात करूंगा। जिलाधिकारी द्वारा राजस्व की समीक्षा के दौरान तहसीलदार नौगढ़ तथा पी डी डी यू नगर की धारा 33/34 में सबसे कम प्रगति पाई गई जिसपर नाराजगी जताते हुवे तहसीलदार नौगढ़,पी डी डी यू नगर को एक सप्ताह में प्रगति ठीक करने के सख्त निर्देश दिए।

सीबीआई छापे के बाद मंडल कार्यालय में लगी आग

डीडीयू नगर चंदौली। शुक्रवार को पूर्व मध्य रेलवे के पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल कार्यालय में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग ने सेवा निवृत्त आरपीएफ कर्मियों के कक्ष में रखे फाइलें, कंप्यूटर, और अन्य उपकरणों को खाक कर दिया। लपटें वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त (आरपीएफ) और अकाउंट सेक्शन तक पहुंच गईं। फायर ब्रिगेड ने एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, जिससे ऊपरी मंजिलों पर भारी नुकसान टल गया। लेकिन घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पिछले दिनों लोको पायलट पदोन्नति परीक्षा में कथित भ्रष्टाचार को लेकर सीबीआई ने डीडीयू मंडल में छापेमारी की थी। इसके बाद आग लगने की इस घटना को लेकर साजिश की अटकलें लगाई जा रही हैं। चार मंजिला मंडल कार्यालय के ग्राउंड फ्लोर पर बने सेवा निवृत्त कर्मियों के कक्ष में भोर में आग लगी। कर्मचारियों ने फायर एक्सटिंगुइशर से बुझाने की कोशिश की, लेकिन लपटें तेज होने के कारण वे नाकाम रहे। आग की सूचना पर डीआरएम उदय सिंह मीना, वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त जेथिन बी राज, और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। आग से कक्ष में रखी कई महत्वपूर्ण फाइलें, एसी, कंप्यूटर और फर्नीचर जल गए। कर्मचारियों का कहना है कि अगर आग और फैलती, तो वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त और अकाउंट सेक्शन में बड़ा नुकसान हो सकता था। रेल प्रशासन ने इस घटना की जांच के आदेश दिए हैं, लेकिन आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हुआ है। सीबीआई छापेमारी के बाद हुई इस आगजनी ने सुरक्षा और प्रशासनिक प्रक्रियाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या यह महज एक दुर्घटना थी, या भ्रष्टाचार से जुड़े सबूतों को मिटाने की कोशिश? यह सवाल रेल प्रशासन और जांच एजेंसियों के सामने चुनौती बनकर खड़ा है। रेलकर्मियों और स्थानीय लोगों ने घटना की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। रेल प्रशासन ने घटना की परिस्थितियों को देखते हुए जांच को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया है। यह घटना न केवल मंडल कार्यालय की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाती है, बल्कि भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों की गहराई से जांच की आवश्यकता को भी उजागर करती है।

अवर अभियंता लघु सिंचाई विभाग की मनमानी

नौगढ, चंदौली। अवर अभियंता लघु सिंचाई विभाग की व्याप्त मनमानी से पात्र लाभार्थियों को शासन की योजनाओं का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिससे चट्टानी क्षेत्र में ब्लास्ट कूप निर्माण कार्य मानक के विपरित मनमाने ढंग से कराया जा रहा है। वहीं वित्तीय वर्ष 2025-26 में ब्लास्ट कूप निर्माण के लिए आनलाइन आवेदन करने वाले किसानों को दरकिनार कर मनमाने ढंग से निर्धारित लक्ष्य को पूरा किया जा रहा है। अवर अभियंता रामजी सिंह ने बताया कि कि जानकारी के अभाव में किसान आनलाइन आवेदन नहीं कर पाते हैं। जिससे जे ई व अन्य को गांवों में भेज कर के इच्छुक लाभार्थियों का आवश्यक कागजात मंगाकर के अपने स्तर से आनलाइन कराकर के शासन की योजना से लाभान्वित किया जा रहा है। स्वीकृत ब्लास्ट कूप निर्माण में मानक के विपरीत कार्य कराए जाने से क्षुब्ध लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री जन सुनवाई पोर्टल पर आनलाईन शिकायत दर्ज व उच्चाधिकारियों को शिकायत पत्र प्रेषित कर के स्थलीय जांच कराए जाने की मांग किया है। पथरौर गांव के लाभार्थी श्रीनाथ खरवार ने आरोप लगाया है कि वर्ष 2022-23 में स्वीकृत ब्लास्ट कूप को निर्धारित मानक करीब 40 फीट के बजाय 28 फीट तक ही खुदाई कराकर के ठेकेदार ने पत्थर बोल्डर से चिनाई करा दिया है। कुआं में ब्लास्टिंग कराए गए पत्थर को भी बाहर नहीं निकाला गया। कुआं का जगत निर्माण भी प्रभावित है। भाजपा मंडल अध्यक्ष भगवानदास अग्रहरि ने बताया कि जनपद चन्दौली के चट्टानी तहसील क्षेत्र नौगढ में किसानों को सिंचाई सुविधा का लाभ दिलाने के लिए लघु सिंचाई विभाग से वित्तीय वर्ष 2023-24 में लगभग 120 ब्लास्ट कूप निर्माण की स्वीकृति मिली थी।

जिसमें अधिकांश ब्लास्ट कूपों के निर्माण कार्य में संबंधित अवर अभियंता व ठेकेदार की मिलीभगत से बहुत काफी अनियमितता बरती गई है। मनमाने ढंग से कुआं में चट्टानों की ब्लास्टिंग कराए जाने के साथ ही निर्धारित मानक के विपरीत निर्माण कार्य कराया गया है। लाभार्थी पढौती के सुदामा पुत्र परगाश चिकनी गांव के रामजी का भी कुआं लगभग 25 फीट तक ही खोदा गया है। वहीं रामविलास पुत्र रामधनी निवासी कर्मा बांध लालब्रत पुत्र सरजू राजेन्द्र पुत्र रामजी निवासी ग्राम पण्डी ईत्यादि लाभार्थियों का भी कुआं मानक के विपरित खोदा गया है। लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री जन सुनवाई पोर्टल प्रमुख सचिव मुख्य अभियंता लघु सिंचाई विभाग लखनऊ सहित अन्य उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र भेज कर आरोप लगाया है।

कि ब्लास्ट कूप की खुदाई गहराई व चौड़ाई मानक से बहुत कम कराकर पत्थर से कराई गई चिनाई में सीमेंट बालू का उपयोग नहीं कराकर भस्सी का प्रयोग कराया गया है। जिससे पत्थर की चिनाई हुयी दीवाल कभी भी धराशाई हो सकती है। वहीं काफी कम गहरा व चौडा़ ब्लास्ट कूप खोदे जाने से चट्टानी क्षेत्र में जलस्तर नीचे चले जाने पर पानी उपलब्ध नहीं हो पाएगा। आरोप लगाया कि अभिलेखों में मानक के अनुरूप कार्य दर्शाकर शासन से निर्धारित धनराशि करीब 09 लाख रुपए प्रति कुआं का भुगतान भी करा लिया जा रहा है।

एडीएम एफआर ने की हीट वेव-लू से बचाव के सम्बन्ध में विभागों द्वारा किये जा कार्यों की समीक्षा

□ नगर निगम, जलकल, पंचायत राज, जल निगम, अग्निशमन, स्वास्थ, पशुपालन विभाग के अफसर रहे मौजूद

एडीएम एफआर वंदिता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हीट वेव/ लू से बचाव संबंधी कार्यो की हुई समीक्षा बैठक में अपर नगर आयुक्त सविता यादव सहित अन्य अफ़सर रहे मौजूद

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) वंदिता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में शुक्रवार को हीट वेव/लू से बचाव के सम्बन्ध में विभागों द्वारा किये जा कार्यों की समीक्षा की गई।जिसमें अपर जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया की आई0एम0डी0 के अनुसार इस वर्ष तापमान में सर्वाधिक वृद्धि होने की सम्भावना है। हीट वेव से जनपद वाशियों को कैसे सुरक्षित रखा जाएगा इस सम्बन्ध में समस्त कार्यवाही पूर्ण कर ली जाए, ग्रिष्मकाल में पेयजल की समस्या जनपद में नहीं होनी चाहिए, यदि जनपद में पेयजल की समस्या होती है तो सम्बन्धित विभाग के अधिकारीयों का उत्तरदाईत्व निर्धारित करते हुए कठोर कार्यवाही की जाएगी। किसी भी दशा में हीट वेव से मृत्यु ना होने पाए, सभी विभाग हीट वेव से बचाव हेतु क्या करें क्या न करें का व्यापक प्रचार प्रसार भी किया जाए।

अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) द्वारा संबधित विभागों को कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया जिसके अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि जिला चिकित्सालय व सामु0स्वा0 केन्द्रों पर हीट वेव के मरीजों के लिए बेड आरक्षित रखा जाएगा। मरीजों के लिए कूल रूम की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये, तथा अधिकारीयों द्वारा समय समय पर कोल्ड रूम का निरिक्षण भी किया जाएगा।सभी अस्पतालों/ पी.एच.सी/ सी.एच.सी. में ओ.आर.एस. और तरल पदार्थ के पर्याप्त स्टॉक की व्यवस्था की जाए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र/ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं जिला अस्पताल पर आवश्यक दवाईयां उपलब्ध हों तथा स्वास्थ्य केंद्रों को हीट-वेव से किसी भी प्रकार की घटना होने पर 24X7 क्रियाशील रखा जाए। जनपद में समस्त चिकित्सालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर लू-प्रकोप से बचाव एवं राहत हेतु ''क्या करें क्या न करें'' का व्यापक प्रचार-प्रचार विभागीय स्तर से कराना सुनिश्चित करें।मृत्यु के कारकों की जॉच करने में मानक प्रोटोकाल का पालन किया जाना तथा हीट वेव से मृत्यु की दशा में मृतकों के पंजीकरण की समान प्रक्रिया का पालन करना।नगर निगम को निर्देशित किया कि नगरीय क्षेत्रों के सब्जी मण्डी/चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जाए तथा स्थानों की सूची लोकेशन सहित आपदा कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए। नगरीय क्षेत्रों के सार्वजनिक स्थानों व चौराहों पर आवश्यकतानुसार पानी की टंकी/टैंकरों आदि की व्यवस्था की जाए यदि अतरिक्त टैंकर की आवश्यकता हो तो बजट की मांग आपदा विभाग से की जाए। नगरीय क्षेत्रों/स्थानों (जहॉ छाया हो/लोगो का ठहराव होता हो) को चिन्हित करते हुए प्याउ की व्यवस्था की जाए। जनपद में स्मार्ट सिटी द्वारा लगाये गये एल0ई0डी0 स्क्रीन पर हीट वेव से बचाव हेतु क्या करें, क्या न करें की शार्ट फिल्म चलाया जाए। नगर निगम द्वारा प्रमुख चौराहों पर लगे पी0ए0 सिस्टम के माध्यम से हीटवेव से बचाव हेतु क्या करें, क्या न करें का प्रचार-प्रसार कराया जाए।कूड़ा वाहन पर लगे स्पीकर के माध्यम से हीटवेव से बचाव हेतु क्या करें, क्या न करें का प्रचार-प्रसार कराया जाए। पेयजल की समस्या के निराकरण हेतु कंट्रोल रूम स्थापित किया जाए।खुले पार्को में छायां का समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।सड़कों पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराया जाए।शवदाह स्थल पर छांव व पेयजल व अन्य आवश्यक व्यवस्था का समुचित प्रबन्ध करना सुनिश्चित किया जाए।जनपद में स्थापित रैन बसेरों को कूलिंग सेंटर के रूप में परिवर्तित किया जाए। प्रमुख सार्वजानिक स्थानों पर वाटर कूलर का भी प्रबंध किया जाए। पशुपालन विभाग को निर्देशित किया कि गर्मी की स्थितियों के दौरान पशु प्रबंधन पर पशुधन के किसानों के बीच जागरूकता लाने के लिए ग्राम स्तर पर क्षेत्रीय कर्मचारियों और गौपालों को सक्रिय करें। मवेशियों के लिए पीने के पानी की उचित व्यवस्था किया जाएगा आवश्यकता हो तो स्प्रिंकलर के माध्यम से पानी का छिड़काव कराया जाए।पशुओं को सुरक्षित रखने हेतु टीकाकरण का कार्य नियमित रूप से संचालित किया जाये।पशु केन्द्रों पर आवश्यक दवाओं का भण्डारण सुनिश्चित हो तथा पशु चिकित्सकों के माध्यम से ग्रामीणों को पशुओं की सुरक्षा एवं लू से बचाव हेतु जागरूक किया जाये। जनपद में स्थापित गौशालाओं और मवेशीयों का विवरण आपदा कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए। अग्निशमन विभाग को निर्देशित किया कि लू के दृष्टिगत अग्निशमन विभागद्वारा मुख्यालय एवं तहसीलों में स्थापित उप केन्द्रों को आवश्यक संसाधनों सहित 24ङ्ग7 क्रियाशील रखा जाये तथा अग्नि से बचाव हेतु नागरिकों को जागरूक करें। हीट वेव और अत्यधिक गर्मी के दृष्टिगत अग्निकांड की घटना न होने पाये इसके लिए पूर्व तैयारी हेतु समस्त चिकित्सालयों, स्कूलों और सरकारी विभागों का फायर ऑडिट का कार्य पूर्ण कर लिया जाए।हीट वेव के कारण जनपद के ग्रामों में अग्निकांड की घटना हो सकता है जिसके दृष्टिगत अग्निशमन विभाग द्वारा ब्लॉक स्तर पर प्रत्येक ग्राम पांचायतों से लोगों को चयन कर उनको आग से बचाव हेतु प्रशिक्षित और जागरूक किया जाय। विगत वर्षों में अग्निकांड की सर्वाधिक घटनाए जहाँ हुई हो उसको चिन्हित करते हुए अग्निशमान की टीम वहाँ पर तैनात की जाए।

श्रम विभाग को निर्देशित किया कि कार्य करने के स्थान पर पेयजल और छाया की व्यवस्था कराना। सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल की समुचित व्यवस्था किए जाये। श्रमिकों/कामगारों के कार्य घंटों में परिवर्तन किए जाये।औद्योगिक एवं अन्य श्रमिकों के लिए गर्मी से सम्बन्धित बीमारियों हेतु जागरूकता कैम्प स्थापित करना। स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए श्रमिकों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाना।शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि तीव्र गर्मी से बचाव हेतु विद्यालयों के समय में परिवर्तन किए जाये। छात्र/छात्राओं हेतु पेयजल तथा विद्यालयों में पावर सप्लाई व पखें आदि की व्यवस्था की व्यवस्था कराना।जनपद के समस्त विद्यालयों/स्कूलों में लू-प्रकोप से बचाव एवं राहत हेतु ''क्या करें क्या न करें'' का व्यापक प्रचार-प्रचार अपने विभागीय स्तर से कराना सुनिश्चित करें। ग्रीष्मकाल में विद्यालय द्वारा आउटडोरे एक्टिविटी पूर्ण रूप से बंद की जाए। पंचायत राज विभाग/ग्राम विकास को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रो के सार्वजनिक स्थलो, चौराहो व आवश्कयतानुसार संबंधित ग्रामो में पानी की टंकी/टैंकरों आदि की व्यवस्था की जाए। आवश्यकतानुसार विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों/स्थलों पर (जहां छांया हो/लोगों का ठहराव होता हो) आदि का चिन्हाकरण करते हुये विभिन्न स्थलों पर प्याउ (ग्लास सहित) आदि का व्यवस्था कराना। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजट संकट न होने पाये इस हेतु ट्रैंकर का प्रबंध किया जाए तथा ट्रैंकर पर होने वाले व्यय का आगणन कर उपलब्ध करा दिया जाए।ब्लाक स्तर पर सभी तालाब, पोखरों पर पानी भरा जाए जिससे पशुओं को पेयजल की समस्या न हो।

समस्त विकास खण्डों में मृत जानवरों के डिस्पोजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। विद्युत विभाग को निर्देशित किया की शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में टूटे हुए बिजली के खंभों आदि को सुदृढ़ करना व क्षेत्रों में समय-समय पर रोस्टर के आधार पर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करना। जनमानस द्वारा दी गई सूचना के आधार पर यदि किसी कारण से बिजली आपूर्ति ठप हो जाए उन क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें। गर्मी के समय में लो वोल्टेज एक प्रमुख समस्या होती है। इससे निपटने का प्रबंध पूर्व में ही कर लिया जाए। परिवहन विभाग को निर्देशित किया कि बस स्टैंडों पर सुरक्षित परिवहन के लिए स्वास्थ्य टीमों की तैनाती एवं पीने के पानी तथा यात्रियों के लिए लू से बचाव की उचित व्यवस्था किया जाएगा। बस स्टैण्डों पर यात्रियों के लिए छायां एवं पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।हीट वेव बैठक में मुख्य रूप से अपर नगर अधिकारी सविता यादव सहित जलकल, पंचायत राज, जल निगम, अग्निशमन, स्वास्थ, पशुपालन आदि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

काशी विद्यापीठ में ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरने की तिथि 30 अप्रैल तक विस्तारित

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ मुख्य परिसर, गंगापुर परिसर, एन.टी.पी.सी. परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के सत्र 2024-25 के सभी वार्षिक स्नातक पाठ्यक्रमों व विश्वविद्यालय परिसर में संचालित समस्त डिप्लोमा पाठ्यक्रम का ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल तक विस्तारित कर दी गई है।

उप कुलसचिव परीक्षा आनन्द कुमार मौर्य ने बताया कि बी.ए., बी.कॉम. व बी.एस-सी. तृतीय वर्ष (भूतपूर्व), बी.एफ.ए., बी.म्यूज. एवं बी.ए. आनर्स मास कॉम. के परीक्षा आवेदन पत्र भरने एवं जमा करने की तिथि विस्तारित की गई है। विद्यार्थी अब 30 अप्रैल तक ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भर सकते हैं। वहीं, 02 मई तक आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी अपने विभाग या महाविद्यालय में जमा कर सकते हैं।साथ ही उप कुलसचिव ने बताया कि विश्वविद्यालय मुख्य परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के सत्र 2024-25 स्नातक, स्नातकोत्तर एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रमों के सम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं का ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र एवं बैक/अंकसुधार हेतु भी परीक्षा आवेदन पत्र भरने की तिथि 29 अप्रैल तक विस्तारित की गई है। साथ ही विभाग या महाविद्यालय में आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि भी 30 अप्रैल तक बढ़ाई गई है। आनन्द मौर्य ने बताया कि परीक्षाएं घोषित समय सारिणी के अनुसार ही आयोजित होंगी।

काशी विद्यापीठ में वनस्पति विज्ञान विषय की शोध समिति की बैठक 5 मई को

वाराणसी। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकाय, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में शोध कोर्सवर्क एवं पी-एच.डी. रजिस्ट्रेशन हेतु शोध समिति (वनस्पति विज्ञान) की बैठक 05 मई को आयोजित है। संकायाध्यक्ष डॉ. अखिलेश चन्द्र यादव ने बताया कि बैठक पूर्वाह्न 11 बजे से संकायाध्यक्ष कक्ष में होगी।

एल-एल.बी. व बी.ए. एल-एल.बी. की छूटी हुई मौखिक परीक्षा 5 मई को

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ मुख्य परिसर एवं सम्बद्ध विधि महाविद्यालयों के एल-एल.बी. (त्रिवर्षीय) एवं बी.ए. एल-एल.बी. (पंचवर्षीय) पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों की छूटी हुई मौखिक परीक्षा 05 मई को होगी। विधि विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष प्रो. रंजन कुमार ने बताया कि जिन विद्यार्थियों मौखिक परीक्षा किन्ही कारणों से छूट गई है, उनकी छूटी हुई परीक्षा 05 मई को अपराह्न 01 बजे से विधि विभाग में सम्पन्न होगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा में विद्यार्थियों को व्यवहारिक प्रशिक्षण/अनुकरण अभ्यास पुस्तिका के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है, अन्यथा की स्थिति में उनकी मौखिकी सम्भव नहीं हो पायेगी।

समाज कार्य विभाग में स्किल डेवलपमेंट की परीक्षा 28 अप्रैल को

वाराणसी। समाज कार्य विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में स्नातक के स्किल डेवलपमेंट पेपर (एनजीओ मैनेजमेंट एंड वॉलंट्री एक्शन) की सभी सेमेस्टर एवं छूटे हुए विद्यार्थियों की लिखित परीक्षा (75 अंक) एवं मिड टर्म परीक्षा 28 अप्रैल को आयोजित है। विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष प्रो. एम.एम. वर्मा ने बताया कि परीक्षा पूर्वाह्न 11 बजे से समाज कार्य संकाय के प्रो. राजाराम शास्त्री सभागार में होगी।

स्नातक प्रथम सेमेस्टर समाज कार्य विषय की आन्तरिक परीक्षा 30 अप्रैल को

वाराणसी। समाज कार्य विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में स्नातक प्रथम सेमेस्टर समाज कार्य विषय की आन्तरिक (मौखिकी) परीक्षा 30 अप्रैल को आयोजित है। विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष प्रो. एम.एम. वर्मा ने बताया कि परीक्षा अपराह्न 12:30 बजे से समाज कार्य संकाय भवन के प्रो. राजाराम शास्त्री सभागार में होगी है।

लासा और चौकीखुर्द में अग्निकांड से किसानों को भारी नुकसान

गोधना। क्षेत्र के लासा गांव में शुक्रवार दोपहर अज्ञात कारणों से लगी आग ने भोलानाथ तिवारी और रामचंद्र के लगभग ढाई बीघा गेहूं की खड़ी फसल को राख कर दिया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, जिससे आसपास के अन्य किसानों की फसलें सुरक्षित रहीं। हालांकि, दमकल विभाग की गाड़ी सूचना के दो घंटे बाद मौके पर पहुंची, जिससे किसानों में नाराजगी है। इसी गांव में संदीप यादव के खेत में आग लगने से भूसा का ढेर भी जल गया, जिससे उनके पशुओं के चारे की समस्या बढ़ गई है। वही चौकीखुर्द के एक अन्य घटना में, चौकीखुर्द गांव के बृजेश दूबे, रामकृष्ण पाण्डेय, सत्यप्रकाश पाण्डेय, बाल पाण्डे और शरद पांडे के खेत में भूसा बनाने के लिए फसल छुटा था व एक बीघा का भूसा जलकर नष्ट हो गया।

कैरियर गाइडेंस मेले का हुआ आयोजन

तेजीबाजार। पीएमश्री कंपोजिट स्कूल मयंदीपुर बक्शा में कैरियर गाइडेंस मेले का आयोजन किया गया, बच्चों ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत आरंभ कर कार्यक्रम की शुरुवात किया। कार्यक्रम का बखूबी संचालन राहुल पाण्डेय ने किया। अवसर पर विद्यालय के पुरातन छात्र दिनेश कुमार मिश्र सहायक आयुक्त राज्य कर उत्तराखण्ड, हरिश्चंद्र मौर्य प्राचार्य जयहिंद इंटर कॉलेज तेजीबाजार ने वक्ता के रूप में बच्चों का मार्गदर्शन किया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने बहुत सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रधानाध्यापक राजेश कुमार सिंह ने आगंतुकों का स्वागत किया। इस अवसर पर गणमान्य शिक्षक सुरेंद्र मोहन सिंह, जमील अहमद, विवेक यादव, विनीत पाण्डेय, मनोज तिवारी, सुनील यादव, आनंद तिवारी, अंकिता यादव, सावित्री विश्वकर्मा, जया तिवारी, शारदा पाल, सुनीता यादव सहित सभी लोग उपस्थित रहे।

रिहायशी मड़हे में लगी आग, सब कुछ जलकर हुआ राख

सुजानगंज। क्षेत्र के टिकरा/नारीपुर/ गांव निवासी प्रमोद सिंह के रिहायशी मडहे में अज्ञात कारणों से बीती रात आग लग गयी जिससे सब कुछ जलकर राख हो गया। उक्त बातों की जानकारी देते हुए प्रमोद सिंह ने बताया कृषि यंत्र के साथ झटका मशीन खाने पीने का सामान पशुओं के लिए चारा सहित लगी आग में पयोग में आने वाले सभी प्रकार के समान के साथ आम अमरूद तथा अन्य वृक्ष भी जलकर राख हो गए स्थानीय लोगों की मदद से किसी प्रकार आगे पर काबू पाया गया।

अवैध असलहा के साथ एक गिरफतार

रामपुर। रामपुर पुलिस ने अवैध असलहा के साथ एक व्यक्ति को गिरफतार करने में सफलता प्राप्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामपुर पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान सेमुही घनाबीर बाबा मंदिर के पास से एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए व्यक्ति से नाम पता पूछते हुए जमा तलाशी ली गई। उसने अपना नाम आलमगीर अली पुत्र बब्बू निवासी अमौत थाना सिंधोरा जनपद वाराणसी बताया। जिसकी जामा तलाशी लेने पर एक अवैध कट्टा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। जिसके आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए चालान कर न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष देवानंद रजक ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ वाराणसी, चोलापुर, जलालपुर तथा रामपुर सहित जिले के विभिन्न थानों में कई मुकदमा दर्ज है। यह शातिर किस्म का अपराधी है।

विश्व मलेरिया दिवस पर प्लेटफॉर्म व रेल कॉलोनी में चलाया गया जागरूकता अभियान

वाराणसी जंक्शन रेलवे प्लेटफार्म पर मलेरिया के बाबत जागरूकता अभियान चलाया गया

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर उत्तर रेलवे, वाराणसी जंक्शन व रेल कॉलोनी में एक विशेष जागरूकता जागरूकता अभियान शुक्रवार को चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य मच्छर जनित बीमारियों, विशेष रूप से मलेरिया के प्रति लोगों को जागरूक करना और इससे बचाव के उपायों को प्रभावी रूप से अपनाना था। इस दौरान रेलवे प्लेटफार्म पर मौजूद लोगों को मलेरिया के बाबत जागरूक किया गया।

कैंट स्टेशन डायरेक्टर अर्पित गुप्ता ने खबर जारी कर बताया कि अभियान की शुरुआत वाराणसी रेल कॉलोनी के स्वास्थ्य केंद्र में की गई, जहाँ बड़ी संख्या में रेल कर्मचारी, उनके परिवारजन और स्थानीय निवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी (स्ह्न छ्रस्ह्र) कृष्ण मोहन मिश्रा ने लोगों को मलेरिया की रोकथाम, लक्षण, इलाज और स्वच्छता की महत्ता पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि, मलेरिया एक गंभीर लेकिन पूरी तरह से रोकी जा सकने वाली बीमारी है। यदि हम अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें, पानी के ठहराव को रोकें और मच्छर जनित स्थितियों से बचें, तो इसका प्रसार रोका जा सकता है। रेल कॉलोनी में सघन अभियान चलाया गया, जिसमें मच्छरों और लार्वा को नष्ट करने वाली दवाओं का छिड़काव किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में भी इस तरह के अभियान समय-समय पर चलाए जाते रहेंगे ताकि रेल कॉलोनी को सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण मिल सके। कार्यक्रम की एक विशेष आकर्षण रही बच्चों के लिए आयोजित जागरूकता गतिविधियाँ, जिनमें लोकप्रिय कार्टून पात्र मोटू के माध्यम से मलेरिया से बचाव के संदेश दिए गए। मोटू जैसे प्रिय चरित्र के जरिए बच्चों को स्वच्छता, मच्छरदानी के उपयोग और पानी जमा न होने देने जैसे विषयों को सरल और मनोरंजक ढंग से समझाया गया। यह प्रयास बच्चों और उनके अभिभावकों के बीच काफी लोकप्रिय रहा और संदेश प्रभावशाली ढंग से पहुंचा।

नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले गया युवक

मुंगराबादशाहपुर। मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक नाबालिग लड़की को भगा ले गया। नाबालिग अपने साथ ढाई लाख के गहने व एक लाख पच्चीस हजार नगदी भी लेकर चली गई। दो अलग समुदाय के होने की वजह से गांव में तनाव का माहौल है। परिजनों ने पुलिस को तहरीर दे दी है। क्षेत्र के एक गांव में युवती के परिजन प्रयागराज गए हुए थे। इसी का फायदा उठाते हुए युवक नाबालिग लड़की को भगा ले गया। नाबालिग लड़की जाते जाते अपने साथ अपनी शादी के गहने जिसकी कीमत ढ़ाई लाख रूपए बताई जा रही है। इसके अलावा एक लाख पच्चीस हजार रूपए नगद भी लेकर चली गई। परिजन शाम को लौटे तो घर में कोई नहीं था काफी खोजबीन के बाद वह नहीं मिली। पड़ोस का युवक भी गायब था। घर में रखा नगदी व गहने भी गायब थे। दो अलग अलग समुदाय के होने की वजह से गांव में तनाव फैल गया। नाबालिग के परिजनों ने थाने में तहरीर देकर युवक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।इस बाबत थानाध्यक्ष दिलिप कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

श्रीमद्भागवत कथा में रुक्मिणी विवाह महोत्सव सम्पन्न

जंघई। के तुलापुर ककरहां में शुक्रवार को श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कथा वाचक आचार्य अशोकानंद महाराज ने रुक्मिणी विवाह महोत्सव का वर्णन किया। कथा का आयोजन मुख्य यजमान शारदा पाठक एवं उर्मिला पाठक के निवास पर किया गया था। छठे दिन की कथा में आचार्य अशोकानंद महाराज ने रुक्मिणी विवाह महोत्सव की कथा सुनाई, जिसमें उन्होंने बताया कि कैसे भगवान कृष्ण ने रुक्मिणी का हरण किया और उनका विवाह किया। कथा में भगवान कृष्ण की प्रेम और विवाह की कहानी का विस्तार से वर्णन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे, जिन्होंने कथा का आनंद लिया और भगवान की भक्ति का महत्व समझा। कथा के दौरान भक्तों ने भगवान के भजनों का आनंद लिया और उनकी भक्ति में डूब गए।

अराजकतत्वों ने छप्पर में दूसरी बार लगाई आग

खुटहन। लवायन गांव निवासी व सर्वोदय इंटर कालेज के प्रधानाचार्य के पैतृक आवास पर रखे छप्पर में गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी गुरुवार की रात अराजकतत्वों ने आग लगा दी। आग बढ़ते हुए खेत की फसलों तक पहुंच गई थी। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग बुझाई। प्रधानाचार्य अनिल उपाध्याय परिवार के साथ खेतासराय क्षेत्र में खुदौली गांव में मकान बनाकर रह रहे हैं। पुस्तैनी घर पर उनका एक नौकर रहता है। आधी रात को अचानक उनके घर के सामने रखे छप्पर में आग की लपटें उठने लगी। देखते ही देखते आग छप्पर के आगे फसल में पहुंच गई। ग्रामीणों के प्रयास से अगलगी की बड़ी घटना होने से बच गई। पिछले साल भी इसी तरह से उनका छप्पर अवांछनीय तत्वों ने आग के हवाले कर दिया था।

व्यापार मंडल ने आयोजित किया श्रद्धांजलि सभा

जौनपुर। उद्योग व्यापार मंडल ने गल्ला मंडी स्थित कैंप कार्यालय पर पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा निहत्थे पर्यटकों की हत्या करने पर इस अमानवीय कार्य के लिए व्यापार मंडल के पदाधिकारी ने घोर निंदा किया, जिला अध्यक्ष दिनेश टंडन ने आतंकवादियों के इस कार्य को कायरतापूर्ण, क्षमा नहीं करने योग्य और घोर निंदनीय कार्य बताया और उम्मीद जताया कि जल्द से जल्द इन आतंकवादियों को भारत सरकार और हमारी सेना कठोर सजा देगी, नगर अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल ने पाकिस्तान द्वारा पोषित आतंकवादियों के इस कार्य को मानवता को शर्मसार करने वाली घटना बताया, प्रदेश उपाध्यक्ष सोमेश्वर केसरवानी ने इस अमानवीय कार्य की निंदा करते हुए सरकार से आतंकवादियों पर जल्द से जल्द कठोर कार्रवाई करने का आग्रह किया।

पहलगाम की घटना को मोदी सरकार सिखाएगी सबक : सौरभ श्रीवास्तव

सम्मेलन में भाग लेते लोग।

जौनपुर। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा 7235 भारत एवं कायस्थ समाज, चित्रगुप्त पूजन महासमिति जौनपुर, सभी संगठनों द्वारा साल्वेशन हॉस्पिटल, कंधरपुर, जौनपुर में आयोजित कार्यक्रम पदाधिकारी सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि सौरभ श्रीवास्तव विधायक वाराणसी कैंट ने कहा कि पहलगाम कश्मीर घटना के दोषियों को मोदी सरकार ऐसा सबक सिखाएगी कि उनकी रूह कांप जायेगी। उक्त विचार वाराणसी कैन्ट के विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने रखा और कार्यक्रम में विधायक जी ने सबसे पहले पहलगाम कश्मीर घटना में शहीद हुए लोगो के लिए दो मिनट का मौन रखवा कर सभी लोगों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि कायस्थ समाज की विरासत अत्यंत गौरवशाली और समृद्ध रही है। हमारे समाज की अनेक महान विभूतियों ने अपनी मेधा, परिश्रम और बुद्धि से समाज के सामने जो प्रतिमान स्थापित किया वो आज भी देश के असंख्य युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है।

कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष डा विवेक श्रीवास्तव ने कहा कि सामाजिक कार्य संगठन हित में सदैव समर्पित रहेंगे और कार्य करते रहेगें। मुख्य अतिथि विधायक सौरभ श्रीवास्तव का विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश कुमार श्रीवास्तव जी का सम्मान कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्षगण डा. विवेक श्रीवास्तव, सत्य प्रकाश श्रीवास्तव एडवोकेट मुम्बई हाईकोर्ट, राकेश श्रीवास्तव साधु, अरूण श्रीवास्तव चुन्नू गाजीपुर ने अंगवस्त्र स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। संचालन कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय महासचिव, भाजपा नेता राजेश श्रीवास्तव बच्चा भईया एडवोकेट ने किया।

कार्यक्रम में चंद्रमोहन श्रीवास्तव, बजरंग प्रसाद श्रीवास्तव एडवोकेट, वीरेंद्र सिन्हा एडवोकेट, शशि श्रीवास्तव एडवोकेट,विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक पत्रकार पी टी आई, अनुपम श्रीवास्तव अनिल श्रीवास्तव ,राकेश श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, गौरव श्रीवास्तव राजा संतोष श्रीवास्तव सोनू, रमेश चन्द श्रीवास्तव पूर्व प्रशासनिक अधिकारी,युवा अध्यक्ष,राकेश श्रीवास्तव, अतुल श्रीवास्तव दीपू सिपाह, संतोष निगम आदि मौजूद रहे।

पाकिस्तान का पुतला फूंका गया

मड़ियाहूं। विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा आयोजित राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन के क्रम में शुक्रवार की शाम स्थानीय नगर के गांधी तिराहे पर कार्यकर्ताओं व नागरिकों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद और आतंकवाद बंद करो के नारों के साथ पाकिस्तान का पुतला जलाया। पुतला दहन के उपरान्त पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों के आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कर श्रद्धांजली अर्पित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे विश्व हिन्दू परिषद के जिला सहमंत्री ने विनोद कुमार जायसवाल ने केंद्र सरकार से आतंकवादियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग करते हुए कहा कि कहा कि यह घटना अब बर्दाश्त के बाहर है। पाकिस्तान को सबक सिखाने में अब विलम्ब न हो। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यवाह मुरली पाल, जिला प्रचारक प्रभात, रमेश कुमार, ओमप्रकाश सिंह, उत्तम जायसवाल, मनीष सिंह, प्रो. सुरेश पाठक, अखिल प्रताप सिंह, शिवशंकर गुप्ता, शीतला सरोज, श्याम दत्त दुबे, डॉ. राजेश पांडेय, उदय शंकर दुबे, डॉ. सुनील कुमार दुबे, विकास पटेल, अभय शर्मा, दिलीप साहू, प्रवेश पाल, टिपू सेठ, सुरेन्द्र पाठक, विजय जायसवाल समेत सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

अदालती नोटिस

सम्मन बगरज एनफैसाल मुकदमा आर्डर 5 कायदा 1 व 5 बअदालत उपजिलाधिकारी चकिया जिला चन्दौली। बमुकदमा नम्बर T202514180201974 सन् 2025 जगदीश प्रसाद पाठक बनाम् रमाशंकर पाठक आदि धारा 176. उ0प्र0 ज0 वि0 भू0रा0 अधिनियम संजीव पाठक 'राजेश पाठक'राकेश पाठक ' बृजेश पाठक पुत्रगण-स्व0 रमाशंकर पाठक ग्राम सुल्तानपुर पट्टी लेहरा परगना केरा मंगरौर तहसील चकिया जिला चन्दौली। 232103

वावजह हो कि वादी आप के नाम एकनालिस बावत दाखिल हुआ है। लिहाजा आप को लाजिम है कि खुद या बजरिए अधिवक्ता/ वकील हाजिर होकर जो कुद उज्र हो आज तारीख 08/05/2025 ई0 ववक्त 10 बजे बमुकदमा अदालतन या बजरिए अधिवक्ता/ वकील अदालत हाजा में हाजिर होकर मुकदमें की पैरवी करें वरना आप के खिलाफ एक तरफा हुक्म सादिर कर दिया जायेगा। वसीका मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत से आज दिनांक 25 माह 04 सनृ 2025 को जारी किया गया।

तारीख पेशी 05/05/2025

श्रृष्टि ने लहराया इंटर में परचम, जनपद में मिला तीसरा पोजीशन

मुंगराबादशाहपुर। मुंगराबादशाहपुर की दृष्टि त्रिपाठी ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में जनपद में तीसरा स्थान प्राप्त कर अपना परचम लहराया है। मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के कोदहूं निवासी श्रृष्टि त्रिपाठी पुत्री इंद्रजीत त्रिपाठी ने इंटरमीडिएट परीक्षा में 600 में 500 नम्बर प्राप्त कर जनपद में तीसरा स्थान हासिल किया है । श्रृष्टि त्रिपाठी ने बताया कि वह हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बालिका हिंदू इंटर कालेज में पढ़ी है।वह अपनी सफलता को माता मायादेवी त्रिपाठी व पिता इंद्रजीत त्रिपाठी को देती है। वह कहती हैं कि वह साइंटिस्ट बनकर देश का नाम रोशन करेंगी। श्रृष्टि की इस सफलता पर स्कूल की प्रिंसिपल सुषमा त्रिपाठी ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी है।

रामपुर प्रतिनिधि के अनुसार उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की परीक्षाओं में अंशिका यादव जनपद में सातवां स्थान प्राप्त कर बढ़ाया क्षेत्र का मान। रामपुर क्षेत्र के मुसईपुर निवासी श्री हंसराज कैरियर इण्टर कालेज कोटिगांव रामपुर की हाईस्कूल की छात्रा अंशिका यादव ने 600 में 564 अंक प्राप्त करके 94.00त्न के साथ जिले में पांचवां स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधक रविन्द्र तिवारी ने अंशिका व उनके परिवार को दिया बधाई। मुसईपुर, रामपुर निवासी अंशिका यादव ने बताया कि जिले में पांचवां स्थान मिलने से काफी खुशी मिली है। बहुत ज्यादा ही खुशी महसूस कर रही हूं। अंशिका अपने सफलता मे माता-पिता व गुरू जनों को श्रेय देकर कहा कि मेरे माता-पिता व गुरू जनों का सहयोग ही रहा जिससे मुझे यह सफलता प्राप्त हुई है । अंशिका यादव ने कहा कि वह आगे पढ़ाई कर डाक्टर बनना चाहती हूं। अंशिका के पिता पंकज यादव उसी के कालेज श्री हंसराज कैरियर इण्टर कालेज कोटिगांव रामपुर में प्राईवेट अध्यापक है।

मछलीशहर प्रतिनिधि के अनुसार रामहित मेमोरियल इंटर कालेज अमारा, तिलोरा के छात्र अनमोल यादव पुत्र रमेश यादव, (माता सुषमा देवी) हाईस्कूल में मिला 93.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में छठा स्थान प्राप्त किया। छात्र की उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंधक शिव नाथ मौर्य ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

मुफ्तीगंज प्रतिनिधि के अनुसार स्थानीय ब्लाक श्री कृष्ण बिहारी इंटर कालेज पैसारा मुफ्तीगंज की छात्रा छात्रा चांदनी यादव को हाईस्कूल में 565 94.17 प्रतिशत अंक पाकर जिले में चौथा स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय और जिले का गौरव बढ़ाया है पिता भंगूलाल यादव किसान है और माता कुसुम देवी गृहणी है जो मुफ्तीगंज ब्लाक के पलिया गांव निवासी है। चांदनी यादव की सफलता के लिए विद्यालय परिवार सहित क्षेत्र वासियों ने ढेर सारी शुभकामनाएं दी। चांदनी यादव ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता पिता एवं विद्यालय परिवार को दिया। चांदनी आई ए एस बनकर देश की सेवा करना चाहती है। विद्यालय के प्रबंधक रोमिल राय ने चांदनी की सफलता पर मिठाई खिलाकर चांदनी यादव को शुभकामनाएं देते हुए कहा की बिटिया ने जिले में चौथा स्थान पाने से विद्यालय परिवार गद गद है।

केराकत प्रतिनिधि के अनुसार यूपी बोर्ड हाई स्कूल और इंटरमिडएट का परीक्षा परिणाम शुक्रवार को घोषित होते है, उत्तीर्ण छात्र और छात्राओ में खुशी की लहर दौड़ गयी। इसी क्रम क्षेत्र के श्री गणेश राय इंटरमीडिएट कॉलेज के छात्रों का सराहनीय परीक्षा फल आने से गुरुजनों के चेहरे पर खुशी की लहर साफ नजर आयी। गौरतलब है कि गणेश राय इंटरमीडिएट कॉलेज के बारहवी के विज्ञान (गणित वर्ग)के छात्र अजय यादव पुत्र पारस यादव ने जनपद जौनपुर में टॉप किया। अजय यादव ने 500में 467अंक (93.40 प्रतिशत) हासिल कर पूरे जनपद में विद्यालय का मान बढ़ाया। परीक्षा फल प्रकाशित होते ही कॉलेज के प्रबंधक प्रोफेसर प्रवीण कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। जिसमें छात्र अजय यादव की उपलब्धि पर हर्ष प्रकट करते हुये बधाई दी गयी। इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह, शिक्षक विनय कुमार सिंह, सरोज कुमार सिंह, शशिभूषण सिंह समेत विद्यालय के अन्य शिक्षकों ने छात्र अजय यादव को शुभकामनायें दिया।

अनियंत्रित कार मीट मुर्गा के दुकान में घुसी, दो घायल

तरुणमित्र न्यूज

रामपुर। नगर पंचायत रामपुर में शुक्रवार को लगभग 4 बजे एक अनियंत्रित कार मोटरसाइकिल को टक्कर मारते हुए मीट -मुर्गा की दुकान में घुसी, जिसमें दो लोग घायल हो गये। जानकारी के अनुसार शुक्रवार 4 बजे रामपुर बाजार से भदोही की जा रही स्वीफट डिजायर कार नगर पंचायत रामपुर के सोनकर बस्ती के पास पहुची थी कि अनियंत्रित होकर एक बाईक को टक्कर मारते हुए मीट -मुर्गा की दुकान में जा घुसी। जिससे दुकान पर बैठे भरत व रोहित सोनकर घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

सूचना:- सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम कोमल विश्वकर्मा उर्फ कोमल गुप्ता पुत्री दयाशंकर विश्वकर्मा निवासी- मोहल्ला कायस्थाना, तहसील- मछलीशहर, जिला- जौनपुर है। उपरोक्त दोनों नाम मेरा ही है।

आज से मुझे कोमल विश्वकर्मा उर्फ कोमल गुप्ता के नाम से जाना व पहचाना जाए।

सूचना:- सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र चन्दन पाण्डेय उर्फ पूसू उम्र लगभग 35 वर्ष है, जिसका चाल-चलन व रवैया ठीक नहीं है। जो हमारे संरक्षण से दूर है। चन्दन पाण्डेय उर्फ पूसू से अगर कोई किसी प्रकार का लेन-देन व अदान-प्रदान किया जाता है तो उसका जिम्मेदार वह स्वयं होगा। हम आज से चन्दन पाण्डेय उर्फ पूसू को अपनी चल-अचल सम्पत्ति व जायदाद से बेदखल करते है।

प्रार्थी- हरीनरायन पाण्डेय पुत्र स्व0 राजेन्द्र प्रसाद सा0मौ0 शहाबुद्दीनपुर, परगना हवेली, तहसील सदर, थाना कोतवाली, जिला जौनपुर

जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की जानी हकीकत

- ◆ नरई बांध स्थिति बैंक शाखा में पत्रावलियों का किया निरीक्षण
- ◆ सरकारी जमा के सापेक्ष ऋ ण जमा अनुपात पर कड़ी निगरानी के दिए निर्देश
- ◆ अभियान के लंबित आवेदनों का तत्काल निस्तारण कर योजना का लाभ दिलाये: प्रवीण मिश्र

नरईबांध यूबीआई शाखा का निरीक्षण करते डीएम प्रवीण मिश्र व सीडीओ प्रशांत नागर

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत ऋण वितरण एवं धरातल पर कार्य की स्थिति का निरीक्षण किया। ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत अधिकतम 5 लाख रुपए तक 100: ब्याज मुक्त ऋण 21 से 40 वर्ष के युवा उद्यमियों को उपलब्ध कराया जाता है। इस अभियान के तहत निर्माण एवं सेवा क्षेत्र में उद्यम स्थापित करने हेतु उद्यमियों को अवसर प्रदान किए जाते हैं। जिलाधिकारी ने इस अभियान की हकीकत जानने के लिए यूनियन बैंक की नरई बांध स्थित शाखा में पत्रावलियों का निरीक्षण किया। इसके अलावा इस योजना का लाभ लेने वाले केशव प्रसाद द्वारा शहादत पुरा स्थित रेस्टोरेंट का भी स्थलीय निरीक्षण जिलाधिकारी द्वारा किया गया तथा लाभार्थी से ऋण मिलने के दौरान किसी प्रकार की होने वाले समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली गई। नरई बांध स्थित बैंक शाखा के निरीक्षण के दौरान जिला अधिकारी ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत आने वाले आवेदनों का बिना किसी असुविधा के ऋण प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैंक में इस अभियान के तहत प्राप्त लाभार्थियों के पत्रावलियों का भी निरीक्षण किया तथा किसी भी प्रकार की समस्या का तत्काल निस्तारण करते हुए ऋण वितरण करने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बिना किसी ठोस कारण के आवेदनों के लंबित पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी तथा इस योजना से अधिक से अधिक युवाओं को लाभान्वित करने को भी कहा जिससे युवा उद्यमी उद्यम के क्षेत्र में आगे आए।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नगर उपयुक्त उद्योग राजेश रोमन भी उपस्थित रहे।

जर्जर छत गिरने से आठ माह के बच्चे की दबकर हुई मौत

मलवे में दबकर मृतक मासूम पर विलाप करतीं महिलाएं।

- ● मलवे में दबे पांच लोगों को घायलावस्था में पहुंचाया अस्पताल
- ● सिटी मजिस्ट्रेट ने परिवार को मदद का दिया आश्वासन

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। नगर के दक्षिणटोला थाना क्षेत्र के डोमनपुरा कसारी मुहल्ले में शुक्रवार की दोपहर में मकान की पुरानी जर्जर छत अचानक से गिर गई। मलबे में दबकर 8 महीने के बच्चे की मौत हो गई। घटना के बाद पड़ोसियों ने पहुंच कर मलबे में दबे लोगों को निकाल घायलावस्था में अस्पताल पहुंचाया।

जानकारी के अनुसार नगर के डोमनपुरा कसारी मुहल्ला निवासी वकील अहमद का घर का एक हिस्से की छत जर्जर अवस्था में था। शुक्रवार की दोपहर एक बजे के समय अचानक जर्जर छत अचानक गिर गई जिसमें उनका पूरा परिवार दब गया। इस घटना में 8 माह का अफ्फान पुत्र वकील अहमद की दबकर मौत हो गई। जबकि परिवार के ईशान (18) और अन्नान (19) पुत्रगण वकील अहमद, तबस्सुम परवीन (14) पुत्री वकील अहमद और फरहाना खातून (40) पत्नी वकील अहमद मलवे के चपेट में आकर घायल हो गए। आस पड़ोस व मुहल्ले के लोगों की मदद से सभी घायलों को उपचार के लिए नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

उधर घटना की जानकारी मिलने के बाद सिटी मजिस्ट्रेट बृजेंद्र कुमार, सीओ सिटी अंजनी कुमार पांडेय व नगर पालिकाध्यक्ष अरशद जमाल मौके पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। इस संबध में सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि मकान काफी पुराना है, जिसके कारण छत गिरी, जिसमें दबकर बच्चे की मौत हो गई। उन्होंने घटनास्थल का अवलोकन कर पीड़ित परिवार को मदद का आश्वासन दिया।

संक्षिप्त समाचार

केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री ने लिया सांसद राजीव राय के पत्र का संज्ञान

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। घोसी लोकसभा क्षेत्र के सांसद राजीव राय ने चुनाव के दौरान किए हुए अपने सभी वादों को पूरा करने की प्रतिबद्धता के क्रम में भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम को संबोधित पत्र में भरध्राजभर समुदाय को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने का अनुरोध किया था।

केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम ने पत्र का संज्ञान लेते हुए सांसद राजीव राय को पत्र के माध्यम से जवाब भेजा है। केंद्रीय मंत्री ने राजीव राय को संबोधित पत्र में लिखा है कि आपके पत्र को सचिव, जनजातीय कार्य मंत्रालय को उचित कार्यवाही के लिए भेज दिया गया है। घोसी सांसद राजीव राय के इस प्रयास ने जातिगत आधार पर राजनीति करने वाले उन नेताओं को करारा जवाब दिया है जो पूरे लोकसभा चुनाव में घूम कर राजीव राय को पिछड़े और दलितों का विरोधी बताने में जी जान से जुटे थे। आपको बताते चलें राजीव राय घोसी लोकसभा का चुनाव जीतने के बाद से ही अनवरत रूप से क्षेत्र की समस्याओं को मुखरता से सदन से लेकर संबंधित मंत्रालयों तक लगातार उठा रहे हैं। उसी कड़ी में भरध्राजभर समुदाय को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने के प्रयास ने दर्शा दिया कि राजीव राय सभी वर्ग की लड़ाई समान भाव से लड़ रहे हैं, सबके हक और सम्मान की लड़ाई को घोसी सांसद पूरी तन्मयता से अंतिम रूप देने में जुटे हैं। राजीव राय के इस प्रयास से भर/राजभर समुदाय में उम्मीद की किरण जगी है।

आतंकी हमले के विरोध में शोकसभा, एसडीएम न्यायिक ने की कड़ी निंदा

तरुणमित्र न्यूज

घोसी (मऊ)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में दो दर्जन से अधिक लोगों की मौत की खबर से पूरे देश में शोक और आक्रोश का माहौल व्याप्त है। इसी क्रम में शुक्रवार को घोसी तहसील परिसर में एसडीएम न्यायिक राजेश कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में बड़ी संख्या में अधिवक्ता, तहसील के अधिकारी और आमजन शामिल हुए। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी। सभा को संबोधित करते हुए एसडीएम न्यायिक राजेश कुमार अग्रवाल ने आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की और कहा कि देश की एकता और अखंडता को कमजोर करने वाले प्रयास कभी सफल नहीं होंगे। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस अवसर पर एसडीएम अभिषेक गोस्वामी, वरिष्ठ अधिवक्ता कालिकादत्त पाण्डेय, शासकीय अधिवक्ता दिनेश राय, जनार्दन यादव, राजेंद्र यादव, रमेश श्रीवास्तव, अखिलेश सिंह, ब्रह्मदेव उपाध्याय, उमाशंकर उपाध्याय, आशुतोष कुमार पेशकार, स्टेनो विपिन कुमार, पूर्व मंत्री बृजेश पाण्डेय, जय प्रकाश यादव समेत बड़ी तादाद में अधिवक्ता, तहसील कर्मी, आमजन मौजूद रहते हुए हमले के खिलाफ एकजुटता दिखाई तथा सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग की।

पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में फूंका आतंकवाद का पुतला

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। आम आदमी पार्टी के आह्वान पर शुक्रवार को इंडिया एलायंस की ओर से जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। साथ ही आतंकवाद का पुतला फूंका गया। साथ ही राष्टपति को संबोधित सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर आप जिलाध्यक्ष विक्रम जीत सिंह ने कहा कि हाल ही में पहलगाम आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर दिया है। ऐसा कायराना आतंकी हमला ना हो इसके लिए सरकारी एजेंसियों को मजबूत बनाया जाए। जिससे अपने देश के नागरिक अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सके।

इस हमले से हिंदू मुस्लिम, कश्मीरियत, पर्यटक उद्योग पर काफी प्रभाव पड़ा है। आतंकवादी जिसने धर्म पूछ कर हत्या किया उनको पाताल से ढूंढकर सरकार को कड़ा से कड़ा दंड देना चाहिए। इस कायराना और बेकसूर लोगों की हमले की हम निंदा करते और आतंकवाद समाप्त हेतु सरकार के हर कदम के साथ है। इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष दूधनाथ यादव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव, वीरेंद्र कुमार, बसंत कुमार, तैयब पालकी, सलमान, एके सहाय, पूजा राय, सलमान जमशेद, रामकरण, रामचंद्र, अंकुर यादव, अमित सिंह, हिमांशु आदि उपस्थित रहे।

अपहरण की घटना में शामिल तीन अभियुक्त गिरफ्तार

- ▸ अश्लील वीडियो बनाकर वायरल की धमकी देकर पैसे मंगवाने का आरोप
- ▸ अभियुक्तों के मोबाइल से अश्लील वीडियो बरामद

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। पुलिस अधीक्षक इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक महेश सिंह अत्रि के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर अंजनी कुमार पाण्डेय के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार करने में लगी है। इसी क्रम में शुक्रवार को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान वादी मुकदमा प्रदीप चौहान पुत्र स्व.फूलचन्द चौहान निवासी ग्राम कादीपुर नई बाजार दोहरीघाट के अपहरण की घटना मे शामिल 03 अभियुक्तगण शाकिब पुत्र मोहम्मद स्व.मुर्तजा, दानिश पुत्र हिदायतउल्लाह, अबुशाकिब पुत्र शोहेल अनवर निवासीगण रघुनाथपुरा, कोतवाली नगर को गिरफ्तार किया गया। उक्त अभियुक्तों के सम्बन्ध में काफी दिनों से पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देश दिया गया था। एसपी ने बताया था कि उक्त तीनों आरोपी अभियुक्त एक प्रकार का सक्रिय गैंग है जो नवयुवको को शारीरिक सम्बन्ध बनाने का झाँसा देकर फोन करके बुलाते है तथा कपड़े उतरवाकर अश्लील विडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर पैसे मंगवाते है।

गिरफ्तार अभियुक्तो के मोबाइल से विडियो की बरामद हुआ है। उक्त अभियुक्तगणो के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर में गिरफ्तारी कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार किये गये अभियुक्त शातीर किस्म के अपराधी है जिनका पाँच लोगों द्वारा संचालित गैंग है। लड़कों शारीरिक सम्बन्ध बनाने का झाँसा देकर बुलाते है तथा आने पर अपहरण कर एक कमरे में बन्धक बनाकर इनका मोबाइल लेकर लेते है तथा विडियो बनाकर परिवार वालो से पैसे मंगवाते है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उनि सुनील कुमार सरोज चौकी प्रभारी खीरीबाग, का. विपुल पाण्डेय, का. जमाल अहमद, का. राधेश्याम व का. राहुल मौर्या थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ शामिल रहे।

जनपद न्यायालय की कार्य अवधि में हुआ बदलाव

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। जनपद न्यायाधीश सुनील कुमार ने बताया कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद के अनुपालन में महामंत्री सिविल कोर्ट सेन्ट्रल बार एसोसिएशन द्वारा यह प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है कि माह मई व जून-2025 में न्यायालयों की कार्य अवधि समय 07.00 बजे पूर्वाह्न से 01.00 बजे अपराह्न रहेगी।

इसलिए उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के अनुपालन में जनपद न्यायालय का माह मई व जून 2025 में प्रात:कालीन कार्यालय का समय पूर्वाह्न 06.30 से अपराह्न 01.30 बजे तक तथा न्यायालय का समय पूर्वाह्न 07.00 बजे से अपराह्न 01.00 बजे तक निर्धारित किया जाता है, भोजनावकाश पूर्वाह्न 10.30 बजे से 11.00 बजे तक रहेगा।

इंटरमीडिएट में तहसील क्षेत्र के छात्रों का रहा दबदबा

तरुणमित्र न्यूज

मधुबन (मऊ)। यूपीबोर्ड के हाई स्कूल परीक्षा में जनपद में तहसील क्षेत्र के शिक्षा संस्थान इंटर कॉलेज दुबारी के छात्र सूरज मौर्य ने 600 में 567 अंक प्राप्त कर जनपद में दूसरे स्थान पर व सुभागी देवी इंटर कॉलेज मधुबन की हर्षिता कुशवाहा ने 563 अंक प्राप्त कर पांचवें स्थान पर, मां शारदा बालिका इंटर कॉलेज दुबारी के दीक्षा मौर्य ने 561 अंक प्राप्त कर छठवें स्थान पर जबकि शिक्षा संस्थान इंटर कॉलेज दुबारी की सोनम चौहान 560 अंक प्राप्त कर सातवें स्थान व सुभागी देवी इंटर कॉलेज मधुबन की साक्षी मल्ल ने 558 अंक प्राप्त कर नौवें स्थान पर एवं बीपीएस पब्लिक इंटर कॉलेज मधुबन की पूर्वा सिंह, ज्ञानदीप इंटर कॉलेज गोपालपुर कमल सागर की सुप्रिया साहनी 558 अंक व दुलारी देवी विद्यावती इंटर कॉलेज बस्ती वर्षी निधियांव की पूजा यादव ने 558 नंबर प्राप्त कर तीनों नौवें स्थान पर काबिज हैं।

जनपद में बोर्ड परीक्षा के परिणाम में इंटरमीडिएट के के छात्रों ने तहसील क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इंटरमीडिएट में सुभागी देवी इंटर कॉलेज मधुबन के नीरज पासवान ने 500 में 455 अंक व फतेहपुर गर्ल्स इंटरमीडिएट कॉलेज फतेहपुर ताल रतोय की आंचल मौर्य ने 454 अंक प्राप्त कर जनपद में दूसरा स्थान हासिल किया है। जबकि शहीद इंटर कॉलेज मधुबन के सुधीर ने जनपद में तीसरे स्थान पर परचम लहराया है।

सुभागी देवी इंटर कॉलेज के गौरव प्रजापति ने 443 अंक प्राप्त कर छठवें स्थान, फतेहपुर गर्ल्स इंटरमीडिएट कॉलेज ताल रतोय की अर्पिता यादव ने 441 अंक प्राप्त कर आठवें स्थान पर दबदबा कायम रखा है। वहीं सुबह की देवी इंटर कॉलेज मधुबन की निधि मौर्य 439 अंक प्राप्त कर जनपद की टॉपर सूची में अपना नाम दर्ज कराया है।

मौसमी बदलाव में मलेरिया का बढ़ेगा प्रभाव: डॉ. संजय सिंह

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। मौसमी बदलाव के साथ मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ने लगा है। प्रतिवर्ष दो सौ करोड़ लोग इस बीमारी से प्रभावित होते हैं। मादा एनोफिलिज मच्छर द्वारा काटे जाने से मलेरिया रोग होता है। अधिकांश रोगी मलेरिया के उपचार के बाद ठीक हो जाते हैं पर इलाज में देरी से एनिमिया, सेरेब्रल मलेरिया, कोमा की स्थिति तथा मृत्यु भी हो सकती है। इससे बचने के लिए रात में सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करना चाहिए। घर के सभी कमरों में नियमित रुप से कीटनाशक का प्रयोग करना चाहिए। घर के आस पास पानी जमा नहीं होने देना चाहिए। पानी के टब को हमेशा ढककर रखना चाहिए। प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ संजय सिंह ने विश्व मलेरिया दिवस पर शुक्रवार को यह उदगार शारदा नारायण हास्पिटल में आयोजित जन जागरुकता कार्यक्रम में व्यक्त किया।

इस दौरान डॉ.राहुल कुमार, डॉ.सुदीप चौधरी व डॉ.इना यादव ने इस विस्तार से जानकारी प्रदान किया।

नर नारी सभी को करना चाहिए गायत्री महामंत्र का जाप

तीन दिवसीय श्रीमद् पावन प्रज्ञा पुराण कथा व 9 कुंडीय यज्ञ संपन्न

विवाह संस्कार में सर से कन्य को माला पहनावाते पुजारी।

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। भातकोल ग्राम सभा में चल रहे तीन दिवसीय श्रीमद् पावन प्रज्ञा पुराण कथा में कथाव्यास शास्त्री सरजू प्रसाद वानप्रस्थी जी ने गायत्री मंत्र के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि गायत्री मंत्र का जाप नर - नारी सभी कर सकते हैं। वानप्रस्थी जी ने यह भी कहा गायत्री मंत्र महामंत्र है महामंत्र जितने जग माही कोउ गायत्री सम नाही गायत्री मंत्र सद् बुद्धि प्रदान करने वाला मंत्र है आज के इस युग में सबसे बड़ी आवश्यकता सद् बुद्धि और सद्ज्ञान की है। इसलिए हर परिवार में गायत्री मंत्र के जाप को अनिवार्य बताय।

कथा व्यास ने मां गायत्री के अवतार को 24 शक्तियों का अवतार कहा मां गायत्री ही कामधेनु कल वृक्ष और पारसमणि है इनकी पूजा करने से 24 अवतारों की पूजा पूरी मानी जाती है। गायत्री माता के पूजन का मंत्र गायत्री महामंत्र है इससे बुद्धि प्रखर होती है और जीवन की अनेकों समस्याओं का समाधान होता है मानव जीवन में सद् बुद्धि आ जाय तो जीवन सुखी बन जाय उन्होंने प्रात: 7 बजे से 9 कुंडीय यज्ञ के साथ विभिन्न संस्कार संपन्न कराये जैसे नामकरण, अन्नप्राशन, मुंडन, विद्यारंभ, दीक्षा एवं आदर्श विवाह बड़े धूमधाम से संपन्न हुआ। शाम को दीप महायज्ञ में हजारों की संख्या में श्रद्धालु एकत्रित होकर दीप जलाये और सामूहिक नवयुग की आरती उतारी। इस मौके पर मुख्य रूप से आशुतोष शर्मा, अमरजीत शर्मा, इन्द्रदेव शर्मा, सुभाष सैनी, अमित, राजेन्द्र शर्मा, अरविंद शर्मा, रविन्द्र कुमार, राजीव शर्मा, रणवीर, धर्मेन्द्र इत्यादि लोग शामिल रहें।

रिजर्व पुलिस लाइन ग्राउंड में 'एंटी रायट ड्रिल' के बारे में दी गई जानकारी

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। पुलिस अधीक्षक इलामारन जी द्वारा विषम परिस्थितियों के दृष्टिगत रिजर्व पुलिस लाइन ग्राउंड मऊ में पुलिसकर्मियों को बलवाइयों/अराजकतत्वों से निपटने के लिए 'एंटी रायट ड्रिल' व दंगा नियंत्रण उपकरणों के बारे में जानकारी दी गई। अभ्यास के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक महेश सिंह अत्रि, सीओ नगर, सीओ लाइन, सीओ घोसी, सीओ मधुबन, प्रतिसार निरीक्षक, जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण तथा महिला पुलिस कर्मी भी मौजूद रहें। तत्पश्चात् समस्त पुलिस कर्मियों को अराजक तत्वों/उपद्रवियों से निपटने के लिए अश्रु गैस, स्टन ग्रेनेड, रबड बुलेट, मिर्ची बम, एण्टीराइट गन आदि अस्त्र-शस्त्र चलवाकर बलवा ड्रिल का अभ्यास करवाया गया। दंगा नियंत्रण उपकरणों के बारे में जानकारी देते हुए बलवा ड्रिल का डिमॉस्ट्रेशन कराया गया। शस्त्र प्रयोग के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी अवगत कराया गया तथा दंगा नियत्रंण हेतु अमल में लाये जाने वाले सभी विधिक प्रावधानों एवं टैक्टिक्स का क्रमवार अभ्यास कराया गया। अभ्यास के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा विभिन्न शस्त्रों एवं दंगा नियंत्रण उपकरणों के संचालन का परीक्षण किया गया तदोपरान्त फोर्स को ब्रीफ करते हुए बताया कि ड्यूटी के दौरान सदैव मानसिक एवं शारीरिक रूप से तत्पर रहें एवं दंगा नियंत्रण के समस्त उपकरण सक्रिय दशा में सदैव अपने साथ रखे जिससे कि किसी भी आकस्मिक परिस्थिति से निपटा जा सके। भीड़ के आकस्मिक एकत्रित होने अथवा किसी घटना विशेष के होने से उत्पन्न हुए रोष से लोगों के अवैधानिक रूप से एकत्रित होने तथा बलवा करने से उत्पन्न हुई स्थिति को नियन्त्रित करने तथा बलवाईयों को तितर-बितर करने के लिए एन्टी रायट ड्रिल का प्रयोग करे, जिससे कानून व्यवस्था की स्थिति सामान्य बनी रहे।

सभी अधिकारी एवं कर्मचारी ड्यूटी के दौरान दंगा निरोधी उपकरणों से लैस होकर रहेगें ताकि यदि कोई असामाजिक तत्व सौहार्द एवं शान्ति व्यवस्था को प्रभावित करने का प्रयास करता है तो पुलिस की तैयारी के मद्देनजर उसका प्रयास विफल हो और स्थिति सामान्य रहे।

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 10 मई को

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बाकर शमीम रिजवी ने शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति में बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, तथा उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्राप्त निर्देश के अनुपालन एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुनील कुमार के मार्गदर्शन में 10 मई को दीवानी न्यायालय प्रांगण में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से आमजन मानस को लाभान्वित किया जाएगा।

अधिवक्ता संघ ने किया अनिश्चित कालीन कार्य बहिष्कार

तरुणमित्र न्यूज

मर्यादपुर/बेलौली (मऊ)। मधुबन तहसील अधिवक्ता संघ मधुबन ने तहसील के सभी अदालतों का अनिश्चित कालीन कार्य का बहिष्कार एवं उपजिलाधिकारी अखिलेश यादव के स्थानांतरण की मांग करते हुए अनिश्चित काल धरना प्रदर्शन करने कि चेतावनी दिया। अधिवक्ताओं का आरोप है कि एसडीएम मधुबन न्यायालय व अन्य न्यायलयों में मनमाने ढंग से पत्रावलियों में आदेश निर्गत किया जारहा है। आदेश करते समय पत्रावलियों को बिना पूर्ण किये व सुने विरोधाभास के तहत निर्णय किया जा रहा है जिससे वादकारी और अधिवक्ता दोनों क्षुब्ध है। विते 22 अप्रैल को प्रस्ताव के बावजूद बीना सुने बीना समझे एव बीना कारवाही पूर्ण किये आदेश में फाइल को सुरक्षित रख लिया गया।जो न्याय संगत नही है।

मधुबन कि समस्याओं को लेकर दीवानी बार ए. मऊ ने 24 अप्रैल को बैठक कर एक प्रस्ताव पारित किया है। जिसमें यह निर्णय लिया गया है कि न्यायालयो में न्याय की उपेक्षा की जा रही है जिसके कारण अधिवक्तागण न्यायिक कार्य मे सहयोग नही कर पाएंगे। जब तक उपजिलाधिकारी मधुबन का स्थानांतरण नही हो जाता तब तक सभी अधिवक्तागण न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। अधिवक्ता संघ ने एसडीएम के स्थानांतरण कि मांग को लेकर शुक्रवार को कार्य का बहिष्कार कर एक रणनीति बनाया एवं नारेबाजी करते हुए विरोध जताया। इस अवसर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अरुण कुमार, मंत्री वीरेंद्र यादव, उपाध्यक्ष मनोजकुमार, तारिक जमील, प्रदीप कुमार मिश्रा सहित तमाम अधिवक्तागण मौजूद रहे।

कुंठित मानसिकता से ग्रसित हैं अनुराग कश्यप: ऋषिकेश पांडेय

पंचदेव मंदिर पर अनुराग कश्यप की बुद्धि-शुद्धि के लिए हुआ हवन

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। नगर क्षेत्र के चंद्रभानपुर में स्थित पंचदेव मंदिर पर सोमवार की सायं ब्राह्मण विकास परिषद के जनपद कार्यकारिणी की बैठक हुई। बैठक में फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप द्वारा ब्राह्मण जाति पर किए गए अनर्गल बयान पर रोष प्रकट करते हुए उसकी बुद्धि को शुद्ध करने के उद्देश्य से हवन भी किया गया। बैठक के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए संगठन के जिलाध्यक्ष ऋषिकेश पांडेय ने कहा कि यह अजीब विडंबना है कि अनुराग कश्यप जैसा व्यक्ति सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपनी कुंठित मानसिकता का परिचय दे रहा है। इतिहास गवाह है कि जब जब आसुरी प्रवृत्ति के लोगों ने ब्राह्मणों पर अत्याचार किया है तब तब उनका पतन हुआ है।

संस्थापक सम्पादक- स्व. कैलाशनाथ
श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट धरनीधरपुर, जौनपुर एवं तरुणमित्र मीडिया प्रा0लि0 द्वारा तरुणमित्र हि0दै0 के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक आदर्श कुमार* द्वारा मीडिया टेक्स्ट प्रा0लि0, रोहनिया जी0टी0 रोड, वाराणसी से मुद्रित एवं 631, उमरपुर हरिबन्धनपुर, जौनपुर से प्रकाशित।
आर.एन.आई पंजीयन सं. 353710/78 (मो0:- 9452984488)
फोन:-समाचार कक्ष-(05452) 358728, 05452-470147
E-mail : tarunjnp@rediffmail.com, tarunjaunpur@gmail.com
* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद जौनपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
मुख्यालय:- 47 धरनीधरपुर, जौनपुर (उ0प्र0)

सोनीधापा की बच्चियों ने उत्कृष्ट परिणाम लाकर कॉलेज का बढ़ाया सम्मान

खुशी मद्धेशिया हाईस्कूल गणित में 98 नंबर पाकर प्राप्त की प्रथम स्थान

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। बोर्ड की परीक्षा में सोनीधापा की बच्चियों ने झंडा गाड़ते हुए उत्कृष्ट परिणाम लाकर कॉलेज का सम्मान बढ़ाया। हाई स्कूल परीक्षा में खुशी मद्धेशिया ने 88.66 प्रतिशत (532/600) अंकों के साथ तथा गणित में 98 नंबर प्राप्त करते हुए विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ फलक खातून 81 प्रतिशत, खुशी वर्मा 82 प्रतिशत, मुस्कान वर्मा 80 प्रतिशत, अदिति यादव 82 प्रतिशत, अलीना दानिश 82 प्रतिशत, संगीता प्रजापति 83 प्रतिशत ने भी कॉलेज का मान बढ़ाया।

इन बच्चों ने न सिर्फ बोर्ड परीक्षा में अपने झंडे गाड़े है बल्कि शिक्षणेत्तर गतिविधियों में भी कॉलेज का 2 साल जिला, मंडल तथा राज्य स्तर पर मान बढ़ाया।

मार्ग निर्देशिका ऋचा त्रिपाठी के नेतृत्व में खुशी मद्धेशिया, खुशी वर्मा, मुस्कान वर्मा तथा फलक खातून ने गत वर्ष जिला तथा मंडल स्तर जीतते हुए 52वीं राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2024 अयोध्या में प्रतिभाग किया और संयुक्त शिक्षा निदेशक अयोध्या मंडल श्री योगेंद्र कुमार सिंह जी से पुरस्कार प्राप्त किया। खुशी मद्धेशिया ने ना सिर्फ 52वीं राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2024 में राज्य स्तर पर प्रतिभाग किया बल्कि राज्य विज्ञान संगोष्ठी 24 में भी मंडल तथा जिला तथा मंडल में जीतते हुए राज्य स्तर पर प्रतिभाग किया तथा शिक्षा महानिदेशक से लखनऊ में पुरस्कार प्राप्त किया। युवा महोत्सव 24 में भी विज्ञान प्रतियोगिता में खुशी मद्धेशिया जिला विजेता रही। खुशी वर्मा ने भी अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए फोटोग्राफी प्रतियोगिता में युवा महोत्सव में जिला एवं मंडल स्तर पर पुरस्कार प्राप्त किया। फलक खातून ने प्रतिष्ठित महीयसी महादेवी वर्मा वाद विवाद प्रतियोगिता में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा मंडल में तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज विद्यालय की प्रबंधक श्रीमती शकुंतला खंडेलवाल में बच्चियों को बहुत-बहुत को बहुत-बहुत बधाई दी और बच्चों को भविष्य में भव्य सम्मान समारोह में पुरस्कृत करने का निर्णय किया।

परेड में पुलिसकर्मियों को एसपी ने दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

सदैव मानसिक एवं शारीरिक रूप से तत्पर रहें: इलामारन जी

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। पुलिस अधीक्षक इलामारन जी द्वारा पुलिस लाइन मऊ में साप्ताहिक शुक्रवार की परेड के अवसर पर परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा शांति/सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ बनाए रखने के दृष्टिगत फोर्स को ब्रीफ करते हुए बताया कि सदैव मानसिक एवं शारीरिक रूप से तत्पर रहें। दंगा नियंत्रण के समस्त उपकरण सक्रिय दशा में सदैव अपने साथ रखे। जिससे किसी भी आकस्मिक परिस्थिति से निपटा जा सके।

इस दौरान ड्रोन कैमरा, चार पहिया/दो पहिया पीआरवी वाहनों के साफ-सफाई, हूटर, लाइट, एमडीटी, मेडिकल किट, फायर एक्सटिंग्विशर, एंटी राइट इक्विपमेंट आदि को चेक किया गया तथा पीआरवी कर्मियों को गंभीर व महिला संबंधित घटनाओं की सूचना पर मौके पर तत्काल पहुंचकर की जाने वाली प्राथमिक कार्यवाही, घटनास्थल को सुरक्षित करने हेतु क्राइम सीन किट का सही तरीके से प्रयोग करने व रिस्पॉन्स टाइम, जीपीएस परसेंटेज आदि में सुधार हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

तत्पश्चात एसपी ने पुलिस लाइन का भ्रमण कर विभिन्न शाखाओं एवं परिसर की साफ सफाई इत्यादि का गहन निरीक्षण कर प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक महेश सिंह अत्री, समस्त क्षेत्राधिकारी / प्रभारी निरीक्षक /थानाध्यक्ष सहित भारी संख्या में अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी घोसी मऊ, जनपद- मऊ मुकदमा नम्बर-टी202415510205281 धारा-114 उ.प्र.रा.सं.2006, सा.ग्राम-ताहिरपुर, तप्पा-चकेसर, परगना व तहसील-घोसी जनपद-मऊ। ज्ञानचन्द बनाम राजकु मार आदि। बनाम 1-राजकुमार पुत्र लक्ष्मी, 2- महातम पुत्र राजबहादुर, 3- प्रेमचन्द, 4-विधिचन्द, 5-सुरेन्द्र पुत्रगण राजकिशोर, 6- छोहाड़ी पत्नी राजकिशोर, समस्त साकिनान ग्राम-ताहिरपुर, तप्पा-चकेसर, परगना व तहसील-घोसी जनपद-मऊ।-- प्रतिवादीगण। दरगाह वादी ने आपके नाम एक नालस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 05 माह 05 सन् 2025 बवक्त 10 बजे के अदालत या मार्फत वकील पेषी मुकदमे के हालात में करार वाकिफ हो गया है और कुल उमरान अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सकें जिसके साथ और कोई शक्स हो जो कि जवाब ऐसे सवालात दे हाजिर हो और जवाबदेही दावा करे और आप की लाजिमी है कि उसी रोज है जुमैला दस्तावेज पेंश करें जिन पर आप बताईद अपनी जवाबदेही इस्तेमाल करना चाहते हैं। आपको इत्तला दी जाती है अगर ता0 मजकूर पर आप हाजिर होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मससूअअ और फैसला होगा बसख्स मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज व तारीख 07 माह 04 सन् 2025 ई0 को जारी किया गया। तारीख पेशी 05-05-2025 आज्ञा से- उपजिलाधिकारी

पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को ग्रामीणों ने दी श्रद्धांजलि

तरूणमित्र न्यूज

भांवरकोल (गाजीपुर)। क्षेत्र के शेरपुर खुर्द गांव में प्धान प्रधान प्तिनिधी जयानंद राय मोनू की अध्यक्षता में आयोजित एक शोक सभा में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा की गई कायराना एवं अत्यंत घृणित आतंकवादी घटना में अपनी जान गंवाने वाले 28 पर्यटकों को भावभीनी श्रद्धांजली दी गई।

सभा में आतंकवादी हमले की घोर निन्दा करते हुए इसे मानवता पर हमला बताया गया। वक्ताओं ने कहा कि अब पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाने के लिए मुंहतोड जबाब दिया जाना बेहद जरूरी है। आतंकवादी हमले ने पुरे देश को झकझोर दिया है। इस मौके पर दो मिनट का मौन रख भारतीय नागरिकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर पूर्व प्रधानाध्यापक हेमनाथ राय, बैजनाथ राय, मदन राय,दीनानाथ राय, राजेश्वर राय, मिथिलेश राय,रमेश राय, जितेंद्र राय,रामजी राय,रामबली राय, सुरेश राय, राजू राय,सतेन्द्र राय, कृष्णानंद राय, नरेंद्र राय,रमाकांत राय,रामावतार राय, गोपाल जी राय, अशोक राय पप्पू, अश्वनी कुमार राय, छोटन राय,आशीष राय सिंटू, ज्ञानेंद्र राय, डिंपू राय,उमेश राय, शशिभूषण राय,कृष्ण कुमार राय, अंजनी कुमार राय,अंकुर राय,मृत्युंजय राय, विकास राय, ओमनारायन राय, राहुल राय, संजय राय,नीरज राय,पप्पू राय, हरीश राय,उमेश यादव, बैजनाथ राम, रत्नेश राय, जयप्रकाश राय,अशोक गुप्ता, सद्दाम रैनी, राजेश राय, पंकज राय, जयप्रकाश राय झून्ना, युश, रामशरण राय, दीपू राय, उत्कर्ष राय, संजीव राय, पोसन राय, पंकज पाल, दीनानाथ ठाकुर शिवगोबिंद यादव, सहित काफी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

आजमगढ़ नवागत जिलाधिकारी ने कार्यभार संभाला

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। नवागत जिलाधिकारी रविंद्र कुमार द्वितीय ने आज देर सायं जनपद आजमगढ़ में जिलाधिकारी के पद पर कार्यभार ग्रहण किया। इससे पूर्व रविंद्र कुमार द्वितीय जनपद बरेली में जिलाधिकारी के पद पर कार्यरत थे। बताते चलें कि बीते सोमवार की देर रात प्रदेश सरकार द्वारा 11 जिलाधिकारियों सहित 33 आईएएस अधिकारियो के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया। इसी कड़ी में आजमगढ़ जिलाधिकारी पद पर कार्यरत नवनीत सिंह चहल को मुख्यमंत्री के विशेष सचिव बनाए गए तो आजमगढ़ के नए जिलाधिकारी, बरेली में जिलाधिकारी पद पर कार्यरत रवीन्द्र कुमार द्वितीय को जनपद का नया जिलाधिकारी बनाया गया। बरेली में जिलाधिकारी पद पर तैनाती के दौरान चौबारा घाट पर महा आरती के शुरूआत के साथ 147 अन्नपूर्णा की शुरूआत और सौ से ज्यादे गौशालाओं के निर्माण के साथ 15 स्कूलों में एस्ट्रोनॉमी लैब का निर्माण कर गरीबों को कम मूल्य में भोजन देने के साथ भारतीय संस्कृति के बेजोड़ मेल के साथ छात्रों के लिए एस्ट्रोनॉमी लैब का निर्माण बड़ी उपलब्धियों में गिना जाता है।

एनएमजी इण्टर कालेज का रिजल्ट रहा शत प्रतिशत

तरुणमित्र न्यूज़

सिकंदरपुर(बलिया)। उप्र माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा शुक्रवार को हाई स्कूल तथा इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस दौरान नगर में स्थित एनएमजी इंटर कॉलेज में हाई स्कूल तथा इंटरमीडिएट का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत आने पर मैनेजिंग इंचार्ज नजरुलबारी ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि निश्चित रूप से विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपना बेहतर प्रदर्शन किया है।

प्रधानाचार्य सन्तोष शर्मा ने कहा कि यह ऐसा विद्यालय है जहां शिक्षा और संस्कृति का समावेश एक साथ होता है। हर वर्ष यहां के छात्र छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। इस दौरान हाई स्कूल में जहां सुहाना परवीन ने सर्वोच्च अंक प्राप्त किया वहीं इंटरमीडिएट में कल्याणी चौहान ने सर्वोच्च अंक प्राप्त करके विद्यालय सहित पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है।

जिलाधिकारी ने की धान खरीद के अंतर्गत अवशेष सीएमआर के संबंध में समीक्षा

तरुणमित्र न्यूज़

बलिया। जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित राइस मिलरों के साथ धान खरीद वर्ष 2024-25 के अंतर्गत अवशेष सी.एम.आर. (चावल) के संबंध में समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान सुपरकुक राइस मिल कुसौरा, आरजेएस ट्रेडिंग प्लेस डेहरी रसड़ा, गायत्री राइस मिल तथा श्रीनाथ इंटरप्राइजेज अभईपुर सहित अन्य राइस मिलरों को दिनांक 27 अप्रैल,2025 तक शत-प्रतिशत सी.एम.आर. (चावल) एफ.सी.आई. में जमा कराने के निर्देश देते हुए कहा कि निर्धारित समय में सी.एम.आर. जमा न कराए जाने की स्थिति में संबंधित राइस मिलर के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराकर कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में अपर जिलाधिकारी श्री अनिल कुमार, जिला खाद्य विपणन अधिकारी श्री उबैदुल्लाह, मंडी सचिव बलिया एवं रसड़ा, जिला प्रबंधक पीसीएफ सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

जिलाधिकारी ने पीएनबी रक्षक प्लस योजना के एक करोड़ धनराशि का डमी चेक किया वितरण

तरुणमित्र न्यूज़

बलिया। जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने शुक्रवार को कार्यालय कक्ष में पंजाब नेशनल बैंक की पी.एन.बी. रक्षक प्लस योजना के अंतर्गत लांस नायक जितेंद्र कुमार यादव की माता तारा देवी को रूपये- एक करोड़ धनराशि का डमी चेक प्रदान किया।

मंडल प्रमुख, पंजाब नैशनल बैंक श्री अमित कुमार ने कहा कि शहीद लांस नायक जितेंद्र कुमार यादव ने 04 जनवरी, 2025 को जम्मू कश्मीर के बादामीबाग में देश की सेवा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। इस सर्वोच्च बलिदान के लिए वीर शहीद को नमन किया और परिजनों को संबल देते हुए कहा कि पीएनबी शहीद के इस बलिदान को कोटिश: नमन करता है। उन्होंने कहा कि शहीद लांस नायक जितेंद्र कुमार यादव की माता श्रीमती तारा देवी को पीएनबी रक्षक प्लस योजना के तहत रूपये- एक करोड़ धनराशि की बीमा राशि प्रदान की गई हैं। इस अवसर पर शाखा प्रमुख बलिया राजेश कुमार, शाखा प्रमुख सिकन्दरपुर मयंक कुमार,शाखा प्रमुख केएसडीसी रोहित आनद व शाखा प्रमुख बलिया श्री राजू कुमार उपस्थित रहें।

विश्व मलेरिया दिवस पर विविध जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

तरूणमित्र न्यूज

गाजीपुर। जनपद में शुक्रवार को विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय समेत ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य केंद्रो पर विविध जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस क्रम में सीएमओ कार्यालय सभागार में एसीएमओ डॉ संजय कुमार की अध्यक्षता में शपथ का आयोजन किया गया। एक अन्य कार्यक्रम में डालिम्स सनबीम स्कूल,अन्धऊ में जिला मलेरिया अधिकारी मनोज कुमार के नेतृत्व में छात्रों को मलेरिया के लक्षण,जांच,उपचार और बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया गया। सीएमओ ने कहा कि मलेरिया वाहक एनोफिलीज़ मच्छर के काटने से फैलता है।

यह मच्छर ज़्यादातर अनुपयोगी कुओं, तालाब/पोखरा, सीमेंट के टैंक, नाले, जल जमाव एवं पानी जमा होने वाले निचले क्षेत्र जगहों पर पनपता है। मच्छरों के पनपने वाली जगहों की निगरानी करें और उनका नियमित निराकरण करें। सीएमओ ने कहा कि मच्छरों का प्रकोप पहले सिर्फ बारिश के दौरान और बारिश के बाद दिखता था जबकि अब दो से तीन महीने छोड़कर पूरे साल ही दिखते हैं। इसलिए आवश्यकता पड़ने पर मलेरिया रोकने के लिए अब शहरी क्षेत्र में लार्वारोधी छिड़काव का कार्य पूरे साल चलेगा। साथ ही हमारी स्वास्थ्य टीमें सर्वाधिक मच्छर वाले इलाकों को चिन्हित कर रही हैं। उन्होंने बताया कि हर साल 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि इस बार विश्व मलेरिया दिवस की थीम मलेरिया हमारे साथ समाप्त होता हैरूपुनर्निवेश,पुनर्कल्पना पुनर्जीवन है। जिला मलेरिया अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि वर्तमान में संचालित संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के अंतर्गत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मच्छरों के प्रजनन स्रोतों को नष्ट कराया जा रहा है। एंटी लार्वा का छिड़काव तथा फागिंग भी कराया जा रहा है। इस कार्य में नगर विकास विभाग एवं पंचायती राज विभाग सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मलेरिया की जांच व उपचार की सुविधा जिला मुख्यालय के अलावा सभी सीएचसी/पीएचसी एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर उपलब्ध है। शासन के निर्देशानुसार आशा कार्यकर्ता ग्रामीण क्षेत्र में जाकर रोगी की पहचान कर रैपिड डायग्नोस्टिक टेस्ट (आरडीटी) किट से त्वरित जांच कर रही हैं। इसके लिए समस्त आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित भी किया गया है। जांच में मलेरिया धनात्मक पाए जाने पर जल्द से जल्द रोगी का पूर्ण उपचार किया जाएगा।

हफ्ते भर में अंडा बन जाता है मच्छर- जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि मलेरिया का प्रसार मादा एनोफिलीस मच्छर के काटने से होता है। एक अंडे से मच्छर बनने की प्रक्रिया में पूरा एक सप्ताह का समय लगता है। इस कारण सप्ताह में एक बार एंटीलार्वा का छिड़काव किया जाता है।

पीएम फसल बीमा आपदा घटित होने के 72 घण्टे के अन्दर शिकायत दर्ज कराए: कृषक

तरुणमित्र न्यूज़

बलिया। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत जनपद में वित्तीय वर्ष 2024- 25 हेतु एग्रीकल्वर इन्श्योरेन्स कम्पनी ऑफ इण्डिया लिमिटेड नामित है। रबी फसल हेतु योजनान्तर्गत व्यक्तिगत आधार पर स्थानीय आपदा जैसे- खड़ी फसलों को ओलावृष्टि, जलभराव (फसल धान को छोड़कर), भूस्खलन, बादल फटना, आकाशीय बिजली से उत्पन्न आग के कारण क्षति की स्थिति। फसल कटाई के उपरान्त आगामी 14 दिनों तक खेत में सुखाई हेतु रखी गयी फसल को ओलावृष्टि चक्रवात/चक्रवाती वर्षा/ बेमौसम बारिश से क्षति की स्थिति को कृषक द्वारा 72 घण्टे के अन्दर सूचना देने पर क्षतिपूर्ति का लाभ बीमा कम्पनी द्वारा दिया जाता है, तथा ग्राम पंचायत स्तर पर असफल बुवाई की स्थिति में, फसल की अवधि में प्राकृतिक आपदा से नुकसान की स्थिति में फसल कटाई के आधार पर प्राप्त वास्तविक उपज में गारन्टीड/ थ्रेशोल्ड उपज की तुलना में कमी होने की स्थिति में क्षतिपूर्ति दी जाती है।

जनपद के समस्त कृषकों को सूचित करते हुए उप कृषि निदेशक ने बताया है कि जिन कृषकों द्वारा फसल बीमा कराया गया है यदि उनके फसल की क्षति हुई है तो उन कृषकों से अनरोध है कि भारत सरकार के फसल बीमा टोल फ्री नम्बर-14447 अपदा घटित होने के 72 घण्टे के अन्दर अपना दावा/शिकायत दर्ज कराने का कष्ट करें, जिससे उनके फसलों का सर्वेक्षण कराकर क्षतिपूर्ति का लाभ दिया जा सकें।

कार्यालय ग्राम पंचायत कपासिया, विकास खण्ड खुटहन, जौनपुर

पत्रांक: मेमो/निविदा/2025-26 दिनांक- 25.04.2025

अल्पकालिक निविदा

वित्तीय वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत द्वारा राज्य वित्त आयोग/15वां केन्द्रीय वित्त आयोग/ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से एस.एल.डब्ल्यू.एम. (SLWM), पौधरोपण, डस्टबिन, सोलर लाइट, इण्टरलाकिंग, नाली, खड़ंजा, पुलिया, हैण्डपम्प, सोख्ता, गड्डा, डेस्क, बेंच, ग्रीन बोर्ड, दिशासूचक बोर्ड, सुन्दरीकरण, पौधरोपण, प्लम्बरिंग कार्य, सफाई किट, ब्लीचिंग पाउडर, स्ट्रीट लाइट, सी.सी. टीवी कैमरा, खेलकूद सामग्री, कोविड-19 कोरोना किट, फागिंग मशीन, सामुदायिक शौचालय, अन्त्येष्टि गृह, एनएम सेन्टर, पंचायत भवन, सामुदायिक भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण/मरम्मत, गौशाला निर्माण, भूसा चारा, विद्यालय का कायाकल्प, बाउण्ड्री वाल, पी.वी.सी. पाईप विभिन्न साईज में, मरम्मत, भवन निर्माण सम्बन्धित सामग्री एवं ग्राम पंचायत में अन्य कार्य हेतु सामग्री क्रय के लिए ग्राम पंचायत में सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जिसे इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 26.04.25 से दिनांक 02.05.25 को 02.00 बजे तक सीलबंद निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा की जा सकती है। जो दिनांक 03.05.25 को सुबह 10.00 बजे खोली जायेगी। उक्त कार्य कराने हेतु इण्टरलाकिंग ईंट, ईंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, एस.ओ.बी. ईंट, सीमेन्ट, बालू, सरिया, लकड़ी/लोहे का दरवाजा, पेन्ट, विद्युतीकरण हेतु इलेक्ट्रिक सामग्री, शौचालय शेड, ह्यूम पाइप, टाइल्स गिट्टी, चूना, ट्रीगार्ड, हाइमास्क लाइट, कोरोना किट सहित, जिम, खेलकूद व पार्क में व्यायाम करने से संबंधित सामग्री आदि की आवश्यकता होगी। अत: ग्राम सभा/विकास खण्ड/जनपद के पंजीकृत आपूर्तिकर्ता उपरोक्त सामग्री आपूर्ति हेतु सीलबन्द निविदा आमंत्रित है।

क्र.सं.	परियोजना का नाम/सामग्री	मात्रा	दर
1	ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी / एस.ओ.बी. ईट	प्रति हजार	
2	सीमेन्ट	प्रति बैग	
3	मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू	प्रति घन मी.	
4	स्टोन ब्लास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42एम.एम.	प्रति घन मी.	
5	सरिया विभिन्न साइज	प्रति कुन्तल	
6	करकर/एसबेस्टर सीट, पैनल आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित	प्रति नग	
7	पैक्र्स ब्लाक ईट/ इण्टरलाकिंग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट	प्रति हजार	
8	सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/ स्ट्रीट लाईट / हाइमास्क सोलर लाइट	प्रति नग	
9	शौचालय निर्माण सामग्री/ पंचायत भवन निर्माण सामग्री		
10	ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3	प्रति मी0	
11	ढक्कनदार नाली निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आवश्यकतानुसार		
12	गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य	प्रति घन मी0	
13	सफाइकर्मी स्वच्छता किट / सेनेटाइजर, डस्टबीन सहित अन्य संबंधित सामग्री	प्रति नग	
14	कटीला तार एवं ईगल / प्रिकास्ट कंकरीट बेंच	प्रति नग	
15	इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/ रिबोर	प्रति नग	
16	मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास, जिम व खेलकूद सामग्री, पार्क बेंच	प्रति घन मी0	
17	चूना, पेन्ट इत्यादि	प्रति नग	
18	वाल पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि	प्रति वर्ग मी0	
19	विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम, स्कूल के लिए डेक्स व बेन्च।	प्रति नग	
20	गौशाला में चूना-चोकर, भूसा		
21	हैण्डपम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी		

नियम एवं शर्तें-

1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद निर्धारित की जायेगी।
2. आवश्यकतानुसार सामग्री आपूर्ति प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के आदेश पर ही की जायेगी, अन्यथा नहीं।
3. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि से स्वीकृत दर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा 50 रुपये के स्टाम्प पेपर पर बॉण्ड भरना अनिवार्य होगा तदोपरान्त आपूर्ति किया जायेगा।
6. सामग्री आपूर्ति के बाद निर्माण समिति की स्वीकृति के बाद भुगतान किया जायेगा।
7. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स विभाग में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य तथा आयकरदाता हो प्रमाणित छायाप्रति संलग्न की जाय।
8. प्रस्तुत दर पी.डब्लू.डी. के स्वीकृत दर से अधिक न हो।
9. सामग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा में की जानी अनिवार्य होगी।
10. सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की दशा में भुगतान की धनराशि नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी।
11. निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
12. आपूर्तिकर्ता को 4% वाणिज्यकर एवं 2.24% आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा।

दीपक कुमार पाल
ग्राम विकास/ग्राम पंचायत अधिकारी कपासिया
विकास खण्ड खुटहन, जौनपुर

विनोद यादव
प्रधान- ग्राम पंचायत कपासिया
विकास खण्ड खुटहन, जौनपुर

स्वास्थ्य केंद्र में लापरवाही उजागर यूपी जिला अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

तरूणमित्र न्यूज

मुहम्मदाबाद यूसुफपुर (गाजीपुर)। स्थानीय राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, राजापुर में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति पर उप जिलाधिकारी डॉक्टर हर्षिता तिवारी ने सख्त रुख अपनाते हुए मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्र की स्थिति देखकर अधिकारी भी हैरान रह गईं। ग्रामीणों की शिकायत पर ग्राम प्रधान अश्वनी राय ने कुछ दिन पहले स्वास्थ्य केंद्र में अनियमितताओं की पुष्टि करते हुए बताया था कि डॉक्टर, फार्मासिस्ट और अन्य स्टाफ अक्सर केंद्र से अनुपस्थित रहते हैं। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि उपस्थिति रजिस्टर में गैरहाजिर कर्मचारियों के फर्जी हस्ताक्षर कर दिए जाते हैं ताकि उनकी अनुपस्थिति छिपाई जा सके। ग्राम प्रधान ने बताया कि यहां तैनात डॉक्टर एस.आर. अहमद बीते दो वर्षों में शायद ही कभी अपने कक्ष में मरीजों को देखने आए हों। वार्ड बॉय और फार्मासिस्ट भी अक्सर ड्यूटी से गायब रहते हैं। इन्हीं गंभीर शिकायतों को देखते हुए उप जिलाधिकारी ने अचानक केंद्र का दौरा किया, जहां डॉक्टर एस.आर. अहमद और वार्ड बॉय सुधीर यादव बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान जब उप जिलाधिकारी ने उपस्थिति रजिस्टर दिखाने को कहा तो उपस्थित कर्मचारियों ने उसे प्रस्तुत नहीं किया, जिससे स्थिति और भी संदिग्ध हो गई।

इस पर डॉ. हर्षिता तिवारी ने तत्काल स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद के अधीक्षक आशीष राय से फोन पर वार्ता कर पूरे प्रकरण की जानकारी दी और विस्तृत रिपोर्ट बनाकर उच्च अधिकारियों को भेजने का निर्देश दिया। गौरतलब है कि जिले में मुख्यालय से दूर स्थित कई स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की अनुपस्थिति आम हो गई है। ऐसी स्थिति में फार्मासिस्ट और सफाईकर्मी ही मरीजों को दवाएं वितरित कर रहे हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति अत्यंत दयनीय होती जा रही है।

अज्ञात लोगों ने किया हमला

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। मेहनगर थाना क्षेत्र के जवाहर नगर निवासी अमित सिंह पर शादी समारोह के बाद अभियुक्त कृष्ण कुमार सिंह उर्फ गोलू और उसके 2-3 अज्ञात साथियों ने जानलेवा हमला किया। अमित ने मेहनगर थाना में तहरीर देकर आरोप लगाया कि गोलू पहले से उनकी पत्नी के प्रति अभद्र व्यवहार करता था। घटना 20 अप्रैल की है, जब अमित ग्राम गुरेहथा में एक मित्र की बहन के विवाह समारोह में शामिल होने गए थे। वहां मौजूद गोलू ने शराब के नशे में अमित की पत्नी के बारे में अशोभनीय टिप्पणी की और गालियां दीं। विवाद से बचने के लिए अमित घर लौटने लगे, लेकिन रास्ते में गोलू और उसके साथियों ने लाठी-डंडों व असलहों से लैस होकर अमित को रोका और मारपीट की। आरोप है कि हमलावरों ने अमित को पास की नहर में फेंक दिया। रात भर बेहोशी की हालत में नहर में पड़े अमित को अगली सुबह दो अज्ञात लोगों ने देखकर बाहर निकाला, जिससे उनकी जान बची।

अमित ने मेहनगर थानाध्यक्ष को तहरीर देकर गोलू के खिलाफ सुसंगत धाराओं में स्नद्धक्र दर्ज करने और कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही, उन्होंने अपने और परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

किशोरी को शादी झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। दिनांक 05.03.24 को वादी थाना पवई जनपद आजमगढ़ ने थाना पवई पर लिखित तहरीर दी कि विपक्षी अजय यादव पुत्र कोमल यादव निवासी टैनी थाना पवई आजमगढ़ द्वारा वादी की पुत्री उम्र लगभग 17 वर्ष को शादी का झांसा देकर बहला फुसला कर भगा ले जाने के सम्बन्ध में *मु0अ0सं0 80/24 धारा 137(2) पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी, जिसमें दिनांक 06.03.25 को पीड़िता की बरामदगी की गयी एवं पीड़िता के बयान अन्तर्गत धारा 180 बीएनएसएस व 183 बीएनएसएस व अन्य संकलित साक्ष्य के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 87, 65(1) बीएनएस व 3/4 पाक्सो एक्ट की बढोत्तरी की गयी। मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अजय यादव पुत्र कोमल यादव निवासी टैनी थाना पवई आजमगढ़ उम्र करीब 39 वर्ष को बलुआ मोड़ के पास से समय करीब 07.30 बजे गिरफ्तार किया गया।

जिलाधिकारी आजमगढ़ ने मंडलीय अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। नवागत जिलाधिकारी श्री रविंद्र कुमार-।। ने आज मंडलीय जिला चिकित्सालय आजमगढ़ का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्टोर रूम में दवाओं को सुव्यवस्थित तरीके से रखने के निर्देश दिए। उन्होंने एसआईसी को निर्देशित किया कि अस्पताल परिसर के शौचालय को नियमित रूप से साफ कराएं तथा टूटी हुई सीटों को तत्काल बदलवा दें एवं सीलन वाली दीवारों की मरम्मत कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर में जो तार लटक रहे हैं, उनको सुव्यवस्थित करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने इमरजेंसी वार्ड, हड्डी वार्ड, पर्ची काउंटर, औषधि स्टोर रूम आदि का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने विभिन्न वार्डों में जाकर मरीजों का हाल-चाल लिया एवं अस्पताल से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में पूछा। जिलाधिकारी ने उपस्थिति पंजिका का भी निरीक्षण किया तथा अनुपस्थित कर्मचारी का वेतन रोकने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल में स्थित एनआरसी के किचन में कुपोषित बच्चों हेतु बनाए जा रहे खाने की गुणवत्ता की भी जाँच किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना, अपर जिलाधिकारी प्रशासन राहुल विश्वकर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक कुमार, एसआईसी जिला अस्पताल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

एसडीएम के निरीक्षण में डॉक्टर वार्ड बॉय गायब, कारण बताओं नोटिस जारी

तरूणमित्र न्यूज

मुहम्मदाबाद। पिछले दिनों ग्राम सभा राजापुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पर तैनात डॉक्टरों एवं कर्मचारियों को हमेशा अनुपस्थित रहने एवं स्वास्थ्य व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ वहां के ग्राम प्रधान अश्विनी राय ने उच्च अधिकारियों से शिकायत की थी। जिसको संज्ञान में लेते हुए गुरुवार को एसडीम डॉक्टर हर्षिता तिवारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राजापुर का अचानक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां पर तैनात डा इरशाद अहमद एवं वार्ड बॉय सुधीर यादव अनुपस्थित मिले। जिनके खिलाफ कारण बताओं नोटिस जारी करते हुए उन्होंने अधीक्षक डॉक्टर आशीष राय से टेलीफोन से वार्ता कर उनका जमकर फटकार लगाई तथा सीएमओ गाज़ीपुर से वार्ता कर अग्रिम विभागीय लिखा पड़ी करते हुए यहां के दुर्व्यवस्थाओं के खिलाफ तत्काल ठीक करने का निर्देश दिया तथा कहा कि इस तरह के हालात नहीं सुधरे तो दोबारा पुन: निरीक्षण पर आऊंगी और शासन से कड़ी कार्रवाई हेतु पत्र प्रेषित करूंगी उन्होंने पूरे 1 घंटे तक स्वास्थ्य विभाग के रजिस्टर डिलीवरी एवं लेबर रूम दवा का स्टॉक आदि व्यवस्था की जानकारी लिया उपस्थित कर्मचारियों द्वारा रजिस्टर ना दिखाए जाने पर भी जमकर फटकार लगाई एसडीएम के राजपुर स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण में खामियां ही खामियां पाई गई जिसके लिए उन्होंने मोहम्मदाबाद स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक को जिम्मेदार बताया जिन्होंने अपने अंतर्गत आने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केदो की हालत को बिगाड़ कर रख दी है तथा उनकी शुद्ध लेने वाला कोई नहीं है इस मौके पर ग्राम प्रधान अश्विनी राय सहित काफी संख्या में राजापुर गांव के ग्रामीण मौजूद रहे।

CMM ENGLISH SCHOOL
Technology Enabled Education...
THE CREATIVE BEST EDUCATION
ADMISSION OPEN 2025-26
Our Special Features
Successful Result Since Inception. Child Centered Education.
Qualified and Efficient Teachers. Green Environment.
Student Friendly Ambience. CCTV Camera.
9451363534
7310383940
YAHIYAPUR POWER HOUSE ROAD RASHIDABAD, JAUNPUR
cmmenglishschool@gmail.com
Cmm English School
Cmmesjnp

विधि-विधान के साथ गृह प्रवेश सम्पन्न

जौनपुर। माता शीतला चौकिया के पास स्थित संतोष उपाध्याय के नवनिर्मित भवन का शुक्रवार को गृह प्रवेश ब्राह्मणों द्वारा विधि-विधान के साथ संपन्न कराया गया। इस मौके पर उनके परिवार में सुशीला उपाध्याय, पंडित कल्पनाथ उपाध्याय, चंचला उपाध्याय, अजय कुमार उपाध्याय (पप्पू), स्वामीनाथ उपाध्याय, झलकनाथ उपाध्याय, मिथिलेश उपाध्याय, अजय उपाध्याय, अरविंद उपाध्याय, नागेंद्र उपाध्याय, ओंकार उपाध्याय, शैलेश उपाध्याय, शुभम उपाध्याय, शुभांक उपाध्याय, कुनाल उपाध्याय तथा ईष्ट मित्रों के अलावा शुभचिंतक मौजूद रहे। हवन-पूजन के बाद सभी को प्रसाद भी वितरित किया गया।

यश प्रताप सिंह ने हाईस्कूल और महक ने इंटरमीडिएट में किया टॉप

प्रयागराज, 25 अप्रैल। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने 2025 की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए हैं। इसके साथ ही बोर्ड ने टॉपर लिस्ट भी जारी कर दी है, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों के मेधावी छात्रों ने अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया है। इस वर्ष हाईस्कूल में यश प्रताप सिंह ने टॉप करके पूरे राज्य में नाम रोशन किया है। यह उपलब्धि उनकी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। इस साल 10वीं का पास प्रतिशत 90.11% रहा। इंटरमीडिएट का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 81.15% रहा।

हाई स्कूल टॉपर		पूर्णांक: 600
रैंक	नाम	अंक (%)
1	यश प्रताप सिंह	587 (97.83%)
2	अंशी	586 (97.67%)
2	अभिषेक यादव	586 (97.67%)
3	ऋतु गर्ग	585 (97.50%)
3	अर्पित वर्मा	585 (97.50%)
3	सिमरन गुप्ता	585 (97.50%)

इंटरमीडिएट टॉपर		पूर्णांक: 500
रैंक	नाम	अंक (%)
1	महक जायसवाल	486 (97.2%)
2	साक्षी	484 (96.8%)
2	आदर्श यादव	484 (96.8%)
2	शिवानी सिंह	484 (96.8%)
2	अनुष्का सिंह	484 (96.8%)
3	मोहिनी	482 (96.4%)

10वीं की टॉपर लिस्ट: यूपी बोर्ड 10वीं में यश प्रताप सिंह ने 97.83 फीसदी अंकों के साथ टॉप किया है। यश प्रताप सिंह रसकेंद्री देवी इंटर कॉलेज, उमरी (जालौन) के विद्यार्थी हैं। दूसरे स्थान पर अंशी तिवारी इटावा 97.67 प्रतिशत और अभिषेक कुमार यादव बाराबंकी के रहने वाले 97.67 प्रतिशत तीसरे स्थान पर रहे हैं। मुरादाबाद के मृदुल गर्ग 97.50 अंक के साथ चौथे स्थान पर हैं। यूपी बोर्ड 12वीं में 97.20त्न अंकों के साथ महक जायसवाल ने टॉप किया है। महक जायसवाल, बच्चा राम यादव इंटर कॉलेज, भुलाई की छात्रा हैं।

12वीं की टॉपर लिस्ट: यूपी बोर्ड 12वीं परीक्षा 2025 में कुल पास प्रतिशत 81.15% रहा। इस वर्ष महक जायसवाल ने प्रयागराज से 97.20% अंक प्राप्त कर टॉप किया। दूसरे स्थान पर साक्षी, आदर्श यादव, शिवानी सिंह, और अनुष्का सिंह रहे, सभी ने 96.80% अंक हासिल किए। तीसरे स्थान पर मोहनी रहीं, जिन्होंने 96.40% अंक प्राप्त किए।

बता दें कि दोनों ही कक्षाओं में टॉप करने वाले स्टूडेंट्स को 1 लाख रुपये नकद, लैपटॉप या टैबलेट एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जायेगा। इसके अलावा जिला स्तर पर टॉप करने वाले स्टूडेंट्स को 21 हजार रुपये नकद राशि एवं प्रशस्ति पत्र से पुरस्कृत किया जायेगा।

इण्टरमीडिएट परीक्षा में कुल 2598560 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए, जिनमें 2512576 संस्थागत एवं 85984 व्यक्तिगत परीक्षार्थी थे। इनमें 1387263 लड़के एवं 1211297 लड़कियां शामिल थीं। कुल 2108774 परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित हुए, जिनमें 2038884 संस्थागत तथा 69890 व्यक्तिगत परीक्षार्थी हैं। संस्थागत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 81.15 और व्यक्तिगत परीक्षार्थियों का 81.28 रहा, जबकि समग्र उत्तीर्ण प्रतिशत भी 81.15 रहा। उत्तीर्ण परीक्षार्थियों में 1062616 बालक तथा 1046158 लड़कियां हैं, जिनका उत्तीर्ण प्रतिशत क्रमशः 76.60 और 86.37 है। बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत लड़के से 9.77 अधिक है, जबकि संस्थागत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत व्यक्तिगत परीक्षार्थियों से 0.13 कम रहा।

NIRMALA DEVI POLYTECHNIC & Pharmacy College
(D Pharma Course) | AICTE & UPBTE Approved
ADMISSION OPEN 2025-26
B. PHARMA AND D. PHARMA
Course Name | Bus Facility
Electrical & Electronics Engineering | Mechanical Engineering Production
Mechanical Engineering Automobile | Electrical Engineering | Civil Engineering
Adress: Near Gaurabadshahpur Police Statiion, Nayansand, Jaunpur (U.P.)
Contact No. 9415234998, 7839456998, 9839449646, 7080956598, 8787010634, 8808800929
Website: www.ndpc.co.in E-mail: dnirmala432@gmail.com

Registration Form Available Now
(Admission Through Entrance Exam Only)
SAVITRI CONVENT SCHOOL JAUNPUR तमसो माँ ज्योतिर्गमय
ADMISSION OPEN SESSION 2025-26
SAVITRI CONVENT HIGH SCHOOL
We Shape The Future
Limited Seats Only
SILVER JUBILEE OF 21st CENTURY OFFER
100% Discount on Admission Fee From Today to 30th April 2025
पढ़ाई आसान, रिजल्ट शानदार
हर बच्चे को पढ़ाई के लिए मिलेगा सही गाइडेंस
स्कूल की 3 नयी सुविधाएं
✓ हर महीने माता-पिता के लिए लर्निंग रिपोर्ट
✓ पढ़ाई की नई शिक्षा नीति पर आधारित ट्रैकिंग सिस्टम
✓ घर पर पढ़ाई, रिवीजन और प्रैक्टिस के फ्री टूल्स
OUR MISSION YOUR CHILD'S BEST ACADEMIC GROWTH
Contact: Dr. Ajit Asthana Director (Administration) Mob.: 9305963991, 6394015955
490-A, Civil Lines Ambedkar Tiraha Miyanpur, Jaunpur-222002
SAVITRI CONVENT SCHOOL | Ambedkar Tiraha, Jaunpur | 9305963991

स्टाफ नर्स के प्रशिक्षण के लिए
अवध पैरा मेडिकल कालेज, जौनपुर
708, विशेषरपुर (पचहटिया) शीतला चौकियाँ, आजमगढ़ रोड, जौनपुर फोन- 05452-263982
G.N.M., A.N.M., B.Sc.(Nursing) Post Basic, D.Pharma, B.Pharma
G.N.M. सामान्य नर्सिंग एवं मिडवाइफरी के 3 वर्षीय डिप्लोमा प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
योग्यता 10+2 या समकक्ष परीक्षा में कम से कम 90% अंक | चयन प्रक्रिया मेरिट के आधार पर | आयु सीमा 17-35 वर्ष | छात्रावास की सुविधा
आवेदन पत्र एवं अन्य विवरण के लिए सम्पर्क करें
डा. रामअवध यादव Mob.: 8931931199, 9415273329
डा. शकुन्तला यादव प्रबन्ध निदेशक Mob.: 9889377675, 9415207436
KUNWAR DAS MEDICAL CENTRE PVT. LTD. 708, Vishesharpur (Panchahatiya), Sheetala Cahukiya, Azamgarh Road, Jaunpur-222106

रजि. नं. 49166 (U.P.)
हिमानी हॉस्पिटल
(अत्याधुनिक महिला चिकित्सा केन्द्र)
डा. शैली निगम M.B.B.S.,M.D. (Obst & Gynae) प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ हेल्पलाइन नं. 7800785686
डा. आदित्य निगम M.B.B.S.,M.S. (Ortho.) हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ ट्रामा, आर्थराइटिस एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन
डा. तुषार मोहन जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन
सुविधायें
• गाइनी- अल्ट्रासाउण्ड • सामान्य एवं अतिगंभीर गर्भावस्था • आधुनिक तकनीक से बच्चेदानी (छक्ट्र) • इन्फर्टिलिटी विशेषज्ञ एवं अन्य आपरेशन • कैंसर से बचाव एवं टीकाकरण • कॉल्पोस्कोपी • हिस्ट्रोस्कोपी • लैप्रोस्कोपी
• आर्थो • प्लास्टर • ज्वाइंट एन्जेक्शन • ट्रामा ज्वाइंट रिप्लेसमेंट एवं अन्य आपरेशन
पता - डा. मन मोहन श्रीवास्तव सीनियर फिजीशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ 48, जहांगीराबाद (बदलापुर रोड), जौनपुर-222002
परामर्श का समय प्रातः 10-2 बजे तक (रविवार अवकाश) इमरजेन्सी परामर्श : प्रतिदिन 24 घण्टा
निःसंतान महिलाएं अवश्य मिलें

हॉलमार्क रजिस्टर्ड प्रतिष्ठान
प्रो. सौरव कुमार बैंकर Mob.: 7309902476, 7317337000
सौरव ज्वेलर्स
अण्डर ग्राउण्ड शोरूम
हॉलमार्क ज्वेलरी पर 100 प्रतिशत वापसी की गारंटी
रत्नों एवं उपरत्नों का विशाल संग्रह ● कलात्मक एवं फैन्सी आभूषणों के विक्रेता
विश्वास की कसौटी पर निरन्तर अग्रसर
मिश्रा काम्प्लेक्स, ओलन्दगंज - जौनपुर

शुभ लग्न ऑफर
शुद्धता और विश्वास, अब आपके और भी पास
कोठी परसोत्तम राम
अजीत कुमार बैंकर्स एण्ड ज्वैलर्स
त्यौहारों के उपलक्ष्य में कोठी परसोत्तम राम अजीत कुमार बैंकर्स एण्ड ज्वैलर्स प्रस्तुत करते हैं देश एवं विदेश के सर्वोत्तम कारीगरों द्वारा निर्मित उत्कृष्ट डिजाइनर ब्राण्डेड ज्वैलरी
हमारे यहां सोने, चांदी और डायमण्ड की फैन्सी ब्रान्डेड ज्वेलरी मिलती है। साथ ही साथ सोने चांदी के सिक्के, रत्न, उपरत्न एवं मूर्ति भी उपलब्ध है। एक बार सेवा का मौका दें।
कोतवाली चौराहा, अलफस्टीनगंज, स्टेशन रोड, जौनपुर
रविन्द बैंकर, संस्कार बैंकर, दिव्यांश बैंकर मो. 09838435680 - ए.सी. शोरूम
सम्बंधित फर्म-
परसोत्तम राम नरेन्द्र कुमार बैंकर ख्वाजगी टोला, स्टेशन रोड, जौनपुर
कोठी परसोत्तम राम राजाराम बैंकर्स कोतवाली चौराहा, जौनपुर

निःसन्तान दम्पति निराश न होवें
बाँझपन के सर्वोत्तम इलाज के लिए
शकुन्तला आईवीएफ सेन्टर जौनपुर
सेवा का अवसर दें
.... निवेदक ....
डा0 रामअवध यादव
डा0 शकुन्तला यादव
डा0 आनन्द वर्द्धन
डा0 अन्शु कुमारी
पंचहटिया, आजमगढ़ रोड, जौनपुर
Mob.: 8931931199, 9918905642

महिलाओं के सर्वोत्तम इलाज के लिये

डा. शकुन्तला यादव
(MBBS, DGO, FIMS)
सर्जन एवं महिला रोग विशेषज्ञ
विशेषरपुर, पंचहटिया, आजमगढ़ रोड, जौनपुर
उपलब्ध सुविधायें
➪ महिलाओं की सभी बीमारियों का इलाज
➪ सामान्य प्रसव (नार्मल डेलिवरी)
➪ अल्ट्रासाउण्ड परीक्षण एवं पैथालॉजिकल जाँच
➪ महिलाओं के सभी आपरेशन
➪ बाँझपन का सम्पूर्ण इलाज
नोटः समय प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से 3 बजे तक

पेट, आँत, लीवर, किडनी, ब्रेस्ट, प्रोस्टेट, बच्चेदानी आदि रोग की सुरक्षित गुणवत्ता पूर्ण एडवांस मेडिकल एवं सर्जिकल इलाज के लिए राष्ट्रीय प्रमाण-पत्र
NABH & ISO द्वारा प्रमाणित अस्पताल
डा. लाल बहादुर सिद्धार्थ
M.B.B.S., M.S. Surgery, F.I.M.S.A., M.I.A.G.E.S.
SR. (Gastro Surgery,) M.I.M.S.A., F.A.I.S., F.I.C.S.
(गैस्ट्रो, लेप्रोस्कोपिक एवं कैंसर सर्जन)
जनता के बेहतर और कल्याण के लिए केन्द्र सरकार की सौगात
आयुष्मान भारत योजना
के अन्तर्गत
5 लाख तक का निःशुल्क उपचार
गोल्डेन कार्ड प्रतिदिन बनता है
न्यू हेरिटेज
सिद्धार्थ हास्पिटल
मल्टी स्पेशिएलिटी साइंस एवं रिसर्च सेन्टर
सुन्दरनगर उमरपुर हरिबंधनपुर, (निकट मैहर देवी मंदिर) जनपद जौनपुर
मो.नं.: 9415315405, 9598725959, 9838259535
Email: siddhathhospitaljnp@gmail.com, siddharthhospital.jaunpur@yahoo.com
बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ

जौनपुर शोरूम- पॉलिटेक्निक चौराहा, मिर्जापुर रोड, रुहट्टा, जौनपुर सम्पर्क- 7309096302, 7000006397
सुल्तानपुर शोरूम- सम्पर्क 1088/8, डी.एम. आवास के सामने सिविल लाइन्स, सुल्तानपुर सम्पर्क- 7800006396
गाजीपुर शोरूम- सकलेनाबाद, रसूलपुर, गाजीपुर- 233001 सम्पर्क- 9415207229, 7800006395